


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 16 मई 2024, वर्ष-25, अंक-103, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


सेंसेक्स 72,987.03 ▲ -117.58
डॉलर 83.446 ▼ -0.048

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 68,350
चांदी (1 किलो) 90,700

## आज के मैच

GUJARAT TITANS VS SUNRISERS HYDERABAD

**समय : 16 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : हैदराबाद**

## धर्म के आधार पर न बजट बांटने देंगे, न आरक्षण : मोदी

**देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च करने की मंशा रखती है कांग्रेस**

**अब नकली शिवसेना (यूबीटी) और नकली राष्ट्रवादी पार्टी का कांग्रेस में विलय होना पक्का**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में एक बार फिर कांग्रेस के तुष्टीकरण पर हमला बोलते हुए कहा कि ये देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं, उसका अपना प्रिय वोट बैंक। जब मैं मुख्यमंत्री था तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। तब मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। भाजपा के जबरदस्त विरोध के कारण वे कामयाब नहीं हो पाए थे। लेकिन, अब ये सारे पुराने एजेंडे को लागू करने पर तुले हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन, कांग्रेस कह रही है कि एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देंगे। कांग्रेस आपकी संपत्ति को भी जब्त करके उसका हिस्सा अपने वोट बैंक को देने की तैयारी में है। लेकिन, कांग्रेस और इंडी अलायंस वाले कान खोलकर सुन लें, मोदी धर्म के आधार पर ना बजट बांटने देगा और ना ही धर्म के आधार पर आरक्षण देगा।



### बालासाहेब के हर सपने को नकली शिवसेना ने चूर कर दिया

*प्रधानमंत्री* ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और शरद पवार को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस नकली शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और नकली राष्ट्रवादी पार्टी (शरद पवार) का कांग्रेस में विलय होना पक्का है। जब इस नकली शिवसेना का कांग्रेस में विलय हो जाएगा तब मुझे सबसे ज्यादा याद बालासाहेब ठाकरे की आएगी। नकली शिवसेना ने बालासाहेब के हर सपने को चूर-चूर कर दिया है। बालासाहेब ठाकरे का सपना था, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन, इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठोकर मारी तो नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना। इनकी ये पाप की पार्टनरशिप पूरे महाराष्ट्र के सामने एक्सपोज हो चुका है। कांग्रेस वीर सावरकर को दिन-रात गालियां देती है और ये चुप रहते हैं। महाराष्ट्र की स्वाभिमानी और राष्ट्रभक्त जनता सब देख रही है और नकली शिवसेना को सजा देने का मन बना लिया है।

## सीएए के तहत पहली बार दी गई भारतीय नागरिकता



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 (सीएए) की अधिसूचना जारी होने के बाद बुधवार को पहली बार कई लोगों को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र दिया गया। सरकार द्वारा की गई उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक इन नियमों के लागू होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये वे लोग हैं जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31.12.2014 तक भारत आ गए थे। बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### दिग्गज कांग्रेस नेता और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का निधन



**जयपुर।** गुजरात की पूर्व राज्यपाल और दिग्गज कांग्रेस नेता कमला बेनीवाल ने बुधवार को जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 97 वर्ष की थीं। वह राजस्थान की उपमुख्यमंत्री भी रह चुकी थीं। तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को जयपुर में होगी। कमला बेनीवाल राजस्थान की पहली महिला राज्यमंत्री थीं। उनके बेटे आलोक बेनीवाल शाहपुरा से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पीएम ने एक्स पर एक शोक संदेश में कहा : डॉ. कमला बेनीवाल जी के निधन से दुखी हूं।

### माधवी राजे सिंधिया के निधन पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर घराने की प्रतिनिधि और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता माधवी राजे सिंधिया का निधन बुधवार को नई दिल्ली के एम्स में हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। उनकी पार्थिव शरीर को ग्वालियर लाया जाएगा। उनके निधन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने शोक व्यक्त किया है।

### आजकल




### टेंडर कमीशन घोटाला मामला

# मंत्री आलमगीर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में बुधवार कांग्रेस के लिए काफी घटना प्रधान रहा। एक ओर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश दिनभर राजधानी में जमे रहे और प्रधानमंत्री पर हमला बोलते रहे वहीं दूसरी ओर राज्य में टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले बुधवार सुबह आलमगीर आलम थोड़ी देर से ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। दिनभर चली पूछताछ के बाद शाम करीब साढ़े छह बजे ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। टेंडर कमीशन घोटाले में यह नौवीं गिरफ्तारी है। इसके पूर्व में उनके निजी सचिव संजीव लाल, पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम सहित आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बुधवार को ईडी की पूछताछ में मंत्री अपने पीएस के नौकर के घर से 35.23 करोड़ रुपये बरामदगी के मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। अधिकतर सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कुछ नहीं मालूम। मंत्री की गिरफ्तारी के बाद ईडी कार्यालय की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। डॉक्टरों की टीम ने मंत्री के स्वास्थ्य की जांच की और आलम को पूरी तरह फिट बताया। कहा कि उनका ब्लड शुगर बढ़ा हुआ है, उसके लिए दवा दे दी गई है। आलमगीर आलम से मिलने के लिए उनकी मां और बेटी ईडी दफ्तर पहुंचीं थीं।

**35.23 करोड़ बरामदगी के मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए मंत्री** | **मंत्री की गिरफ्तारी के बाद ईडी कार्यालय की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई** | **डॉक्टरों ने मंत्री के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें पूरी तरह फिट बताया**





### वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में घिरे आलम

मंत्री आलमगीर आलम ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े सवालों में घिर गये। मालूम हो कि 2023 में गिरफ्तारी के बाद वीरेंद्र राम ने ईडी से कई तथ्य साझा किए थे। इसमें विभाग में ऊपर से नीचे तक कमीशन की परंपरा, संरचना और हिस्सेदारी भी बताई गई थी। इसी आधार पर मंत्री के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर पर छापा मार 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। तभी से मंत्री पर सवाल उठने लगे थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को आलमगीर आलम, संजीव और उसकी पत्नी रीता को आमने-सामने बैठाकर ईडी ने पूछताछ की। ईडी ने आलमगीर आलम से बरामद कैश के बारे में पूछताछ की लेकिन उनके जवाब से ईडी संतुष्ट नहीं हुई। ईडी ने आलमगीर से रुपये के स्रोत के बारे में भी पूछताछ की। पूछा गया कि कहां-कहां से रुपये आए और कमीशन की राशि कहां-कहां बंटती थी। लेकिन इन सबके जवाब में मंत्री सिर्फ ये कहते रहे कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

### जमीन घोटाला मामले में हेमंत हो चुके हैं गिरफ्तार



**31 दिसंबर 2023 :** जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। जमीन घोटाला प्रकरण में ईडी ने मुख्यमंत्री को दस समन भेजे थे। लेकिन वह लगातार समन की अवहेलना कर रहे थे। फिर सीएम आवास में ही उनसे पूछताछ के हुई, जिसमें ईडी को पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था।

### अब तक टेंडर कमीशन घोटाले में नौ हो चुके हैं गिरफ्तार

ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव, उनके सहयोगी नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया, तारा चंद, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम व अब मंत्री आलमगीर आलम।

#### बड़हरवा टेंडर विवाद में भी आया था नाम

साहिबगंज के बड़हरवा में टेंडर विवाद मामले में मारपीट का एक केस 22 जून 2020 को दर्ज हुआ था। इस केस में मुख्य आरोपित राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, तपन सिंह, दिलीप साह, इश्तखार आलम, तेजस भगत, कुंदन गुप्ता, धनंजय घोष, रांजीव रंजन शर्मा, संजय रमाणी, टिंकू रज्जक अंसारी व अन्य अज्ञात थे। इस प्राथमिकी के दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर यानी 23 जून 2020 को बिना विधिवत अनुसंधान के तत्कालीन बड़हरवा एसडीपीओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने मंत्री आलमगीर आलम व पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दिया था। इसी केस को आधार पर बनाकर ईडी ने एक ईसीआइआर दर्ज किया था, जिसमें छानबीन के बाद ईडी ने 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन का मामला पकड़ा था। इस मामले में भी मंत्री आलमगीर आलम ईडी की रडार पर थे। इसी बीच टेंडर कमीशन घोटाले का दूसरा मामला सामने आया, जिसमें मंत्री की गिरफ्तारी हुई है।

#### ▸▸ कब क्या हुआ

**14 मई :** ईडी के अधिकारियों ने मंत्री से साढ़े नौ घंटे तक पूछताछ की थी। साथ ही 15 मई को फिर ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय आने को कहा था।

**05 मई :** मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल सहित अन्य के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ईडी ने पीएस के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे।

**06 मई :** ईडी ने कार्रवाई करते हुए अहले सुबह छह मई को संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया है।

## एससी, एसटी व ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को देने नहीं देंगे : हिमंता

**राहुल गांधी भारत के पीएम नहीं बन सकते वह पाकिस्तान जाकर शौक पूरा कर लें**

**कांग्रेसी सांसद के घर से 350 करोड़, तो मंत्री के पीए के घर से 35 करोड़ मिल रहे**

**एक पूर्व मुख्यमंत्री जमीन घोटाले के आरोप में जेल की हवा खा रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**गिरिडीह/रामगढ़।** भाजपा के स्टार प्रचारक व असम के फायरब्रांड मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा बुधवार को पूरे फार्म में दिखे। रामगढ़ के रजरप्पा में मनीष जायसवाल और कोडरमा सीट से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में मुसलमानों को आरक्षण का कोई हक नहीं है। वह आरक्षण यहां के एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलना चाहिए। जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके गठबंधन की सरकार है, वहां पर ओबीसी के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को दिया जा रहा है लेकिन भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण खत्म कर देगी।

उन्होंने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि इन्हें अपना जेब भरने से मतलब है जनता के कल्याण से नहीं। यहां के कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ और मंत्री के घर से 30-35 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार करने की वजह से जेल में हैं। ऐसी सरकार की जरूरत इस प्रदेश को कतई नहीं है। लोकसभा चुनाव के बाद होने वाले झारखंड के विधानसभा चुनाव में इस प्रदेश में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनेगी। झारखंड में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### 400 आया तो यूसीसी आएगा, कृष्ण लला आएंगे, ज्ञानवापी में मंदिर बनेगा

हिमंता ने कहा की जब भाजपा ने 300 सीट पर किया तो कश्मीर से धारा 370 हटा, राम मंदिर का निर्माण हुआ और इस बार 400 पार सीट आया तो पीओके भी भारत होगा, मथुरा में कृष्ण लला आएंगे और ज्ञानवापी में भी मंदिर बनेगा। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा। कांग्रेस की सरकारों ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण देने का जो सिलसिला शुरू किया है, उसे खत्म करने के लिए भी चार सौ सीटें जरूरी हैं।

### ईडी ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए न्यूक्लियस मॉल की कराई मापी

**रांची।** ईडी की टीम ने प्रॉपर्टी असेसमेंट के लिए बुधवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के लालपुर स्थित न्यूक्लियस मॉल के जमीन की मापी करवाई। जमीन घोटाला मामले में विष्णु अग्रवाल को ईडी ने 31 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। विष्णु अग्रवाल के खिलाफ जांच में ईडी को काफी तथ्य मिले थे। ईडी ने पाया था कि चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद फर्जी दस्तावेजों से हुई थी। इसके अलावा सेना की सिरमटोली की जमीन भी गलत दस्तावेज के आधार पर की गई थी।

## चार चरणों में ही हमें बहुमत मिलना तय : जयराम रमेश




**कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से मिलती है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने बुधवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने जा रहा है। बाकी बचे तीन चरणों का कोई असर अब चुनाव पर नहीं पड़ने वाला है। दक्षिण में भाजपा साफ हो चुकी है। प्रधानमंत्री की भाषा बदल गयी है। प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं। हताश हैं। दस साल अन्याय काल के बाद अब जनता समझ गई है कि बदलाव और परिवर्तन का समय आ गया है। जल्द ही ये पीएम पद से हटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है। हमारी गारंटी हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से बदलाव दिखा। गारंटी कार्ड घर-घर जा रहा है। आठ करोड़ घरों तक हम गए। हमने किसानों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जयराम ने प्रधानमंत्री से पूछे चार सवाल

**पहला सवाल :** नरेन्द्र मोदी के गारंटी और 400 पार का नारा क्यों बंद हुआ? इनके इस नारे का मतलब ये है कि इनको 400 पार करवाओ ताकि ये नया संविधान बनाएं।

**दूसरा सवाल :** क्यों आप जातिगत जनगणना कराने से भाग रहे हैं? बिहार में तो आपके साथी नीतीश कुमार ने जनगणना कराया है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रांची के एचईसी में कहा था कि हम जातिगत जनगणना कराएंगे।

**तीसरा सवाल :** 1952 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण की सीमा अनुसुचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लिए 50 प्रतिशत होनी जरूरी है। रांची में राहुल गांधी ने कहा था कि इंडिया गठबंधन इस सीमा को बढ़ाएगी।

**चौथा सवाल :** क्या ये सच नहीं है कि आपने पिछले 10 सालों में सभी कानूनों में संशोधन लाया है, जो आदिवासी और दलितों को सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए थे? वन अधिकार अधिनियम और वन संरक्षण कानून-1980 को कमजोर किया गया है ताकि आदिवासियों की जमीन पूंजीपतियों को दी जा सके।

## इंडिया | औपचारिकता बनते सनातनी विवाह संस्कारों को एससी ने अनिवार्य बताया



**सुनील बादल**

भारत ही नहीं अखंड भारत के इसके पड़ोसी देशों में विवाह में बढ़ते दिखावा से औपचारिकता बनते विवाह संस्कारों को देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी ह्यगाने और डांसह्न, ह्यशराब पीने और खानेह्न का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है, और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दशार्या गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए।





## एक नजर

### बाबूलाल मरांडी 16 मई को राजमहल लोकसभा में करेंगे दो जनसभा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 16 मई को राजमहल लोकसभा में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा साहिबगंज जिले के बोरियो स्थित जिरूल मैदान में 12 से किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, बोरियो विधानसभा संयोजक कृपानंद मंडल, बोरियो विधानसभा प्रभारी बबलू भगत भी मौजूद रहेंगे। मरांडी पाकुड़ जिले के कोटाल पोखर के उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को दोपहर 1.30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रत्याशी ताला मरांडी, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, पाकुड़ विधानसभा संयोजक बाबूधन मुर्मू, पाकुड़ विधानसभा सहसंयोजक अनुग्रहित प्रसाद साह और श्यामल दास भी मौजूद रहेंगे।

### दिनदहाड़े महिला के गले से चैन स्नैचिंग

**दुमका।** शहर के शिवसुंदरी रोड में दिनदहाड़े सोनी देवी के गले से उचक्कों ने सोने की चैन को झपट्टा मारकर नोंच लिया और फरार हो गए। उचक्के दो की संख्या में बाइक में सवार थे। चैन स्नैचिंग की यह घटना बुधवार को उस वक्त हुई जब महिला अपनी दुकान से घर लौट रही थी। इस संबंध में पीड़ित महिला ने नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। महिला शिवसुंदरी रोड की निवासी है। उनके पति पवन कुमार झा की प्राइवेट बस पड़ाव के पास एक दुकान है। पति भी दुकान संभाला करते है। वह सुबह के करीब 10.30 बजे दुकान से वापस आ रही थी कि बाइक सवार उचक्कों ने उनके गले से सोने के चेन को झपट्टा मारकर नोंच लिया और भागने में सफल हो गए। जब तक महिला चिल्लाई लोगों को एकत्रित की,तब तक उचक्के भाग चुके थे। इस मामले में खबर लिखे जाने तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### स्कूटी से ढोये गए पैसे किसके, कांग्रेस बताए : जदयू

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की गिरफ्तारी पर जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि मंत्री के सहयोगी के नौकर के घर से करोड़ों कैश जब्त हुए। स्कूटी से पैसे ढोये गए और अब टेंडर कमीशन घोटाला में मंत्री भी गिरफ्तार हो गए। यह नोटों का बंडल किसका है, यह कांग्रेस पार्टी बताए। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र राम जैसे भ्रष्ट पदाधिकारियों को मंत्री ने संरक्षण दिया, अब अपनी छवि बेदाग होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को लूटने के लिए झामुमो और कांग्रेस नेताओं में प्रतिस्पर्धा हो रही है। ईडी ने गरीबों के हक और उत्थान के पैसे भ्रष्टाचारियों से जब्त किये। आज झामुमो सरकार में जो स्थिति है वह पूरा देश देख रहा है और राज्य के पैसों का किस तरह से दुरुपयोग हो रहा है यह तो सभी को मालूम है।

# छह पिकअप वैन में लदे पशुओं को पुलिस ने किया बरामद, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आलोक में डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग, नरकोपी और इटकी थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई से छह पिकअप वैन में ठूंस ठूंस कर लादकर कलकखाना ले जाए जा रहे लगभग 67 गोवंशीय पशुओं को बरामद कर लिया गया। वहीं एक पिकअप वैन में लदे गोवंशीय पशुओं सहित पशु तस्कर भागने में सफल रहे। वहीं छह पिकअप वैन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एक पिकअप वैन का चालक छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के टंगराटोली निवासी जमील खान को घर दबोचने में लापुंग पुलिस को कामयाबी मिली है। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। रांची एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आलोक में डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह सहित सभी थानों की पुलिस की टीम गठित की गई थी। पकड़े गए जमील खान ने लापुंग पुलिस को बताया कि सभी गोवंशीय पशुओं को रांची के कलकखाना में ले जाया जा रहा था। पिक-अप वैन में लदे गोवंशीय पशुओं को बेरहमी से ठूंस ठूंस कर लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक एक पिकअप वैन में 12 से 15 गोवंशीय पशुओं को लादा गया था। डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह सहित बेड़ो के सशस्त्र बल ने गोवंशीय पशु को तस्करी के लिए बाहर ले जाने की गुप्त सूचना के आलोक में लोहरदगा एवं रांची सहित गुमला जिले के बोर्डर पर रात के एक बजे राय विद्या केंद्र आश्रम के निकट घेराबंदी की थी। लेकिन छह अलग-अलग वाहनों में गोवंशीय पशुओं को ले जा रहे तस्कर तुको दिघिया की ओर मुड़कर भाग निकले लेकिन पुलिस की टीम पीछा करती रही।



# बिजली का तार और खंभा अत्यंत जर्जर, दे रही घटना को निमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड के चोरेया गांव से लेकर तरंगा गांव तक की ग्यारह हजार वोल्ट वाली तार और खंभा अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। ग्रामीणों ने बताया कि चालीस वर्ष पूर्व इस तार और पोल को गाड़ा गया था और इस समय से अभी तक मरम्मत नहीं होने के कारण आए दिन इसी हादसे भी हो रहे हैं। एक साल पूर्व लेपसर गांव से एक बाराती गाड़ी के ऊपर बैठा एक व्यक्ति ग्यारह हजार वोल्ट वाले तार की चपेट में आकर मर गया था। दो वर्ष पूर्व चोरेया हाई स्कूल के निकट इस तार के गिर जाने से एक व्यक्ति के दो गायों की मौत हो गई थी। अभी तो हालत यह है कि काफी नीचे झूल रहे इन तारों को ठीक करने के लिए मिस्त्री भी पोल पर चढ़ने से डरने लगे हैं। । जिन खेतों से होकर ग्यारह हजार वाले तार गुजरी है वो इतने नीचे हैं कि उन खेतों के किसानों ने अपने खेतों में खेती करना भी छोड़ दिया है। ट्रेक्टर से हल चलाना खतरे से खाली नहीं है। कई बार ग्रामीणों ने बिजली विभाग को इन तारों को सही करने के लिए कहा लेकिन ग्रामीणों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मोहम्मद हशीस: स्थानीय मिस्त्री ने बताया कि आए दिन यह तार टूटते रहता है जिससे कभी भी बड़ी खतरा हो सकता है। इसकी जानकारी विभाग को कई बार दे चुका हूं लेकिन अभी तक किसी का इस ओर ध्यान नहीं गया है। साथ ही मेंटनेंस का सामान भी नहीं मिलता है। किसी तरह जुगाड़ करके चला रहा हूं। अगर बरसात से पहले तक मरम्मत नहीं किया गया तो पूर्ण रूप से ब्रेक डाउन हो जाएगा।



## न्यूज बॉक्स

### फाइलेरिया मरीजों के बीच किट का किया गया वितरण



**सिल्ली।** प्रखंड के लुपुंग पंचायत के लुपुंग टोला में गत मंगलवार को सामुदायिक अस्पताल की ओर से फाइलेरिया मरीजों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार, मुखिया सीमा कुमारी गोंझू, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ शाहिद करीम साबरी, बीडीबी राजकुमारी विद्योत्तमा, मलेरिया इंस्पेक्टर अनिल प्रसाद द्वारा इलाके के 12 फाइलारिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ मुकेश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किये गये सर्वे के मुताबिक सर्वे लिस्ट में शामिल फाइलेरिया मरीजों को कीट दिया जाना है। फाइलेरिया ग्रस्त लोगों को फाइलेरिया किट इस्तेमाल करने की विधि तथा फाइलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर सीएचसी से संजीव कुमार महतो, शशिभूषण चौबे, सुरेंद्रनाथ महतो, एएनएम सुनंदा जयसवाल एवं क्षेत्र की स्वास्थ्य सहिया मौजूद थी।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को नगड़ी प्रखंड के चुनाव कार्यालय में बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश को बचाने का चुनाव है। इस चुनाव को कांग्रेस पार्टी ही नहीं जनता भी लड़ रही है। अगर भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो देश में तानाशाह का राजतंत्र आना तय है। देशवासी महंगाई एवं बेरोजगारी का दंश झेलते झेलते आर्थिक रुप से तबाह हो जायेंगे। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने कांग्रेस पार्टी और गठबंधन के उपस्थित सभी पदाधिकारियों को एक साथ तालमेल बनाकर क्षेत्र में जाने का निर्देश दिया। साथ ही, बूथ कमेटी एवं टोला कमिटी को सशक्त बनाने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गयी।

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज बरही और जयनगर में जनसभा को करेंगे संबोधित



**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव गुरुवार को हजारीबाग और कोडरमा लोकसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ यादव हजारीबाग जिल के बरही के चतरो स्थित जेल मैदान में 10:30 बजे से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रत्याशी मनीष जायसवाल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता भी मौजूद रहेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड के पिपचो मैदान में 12 से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे भी मौजूद रहेंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने खूंटी में पांच जगहों पर शुरू की पनघट अस्थायी अमृतधार

**खूंटी।** सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी नगर शाखा के सौजन्य से जनसेवा कार्यक्रम पनघट अस्थायी अमृतधारा का बुधवार को एक साथ चार स्थानों पर शुभारंभ किया गया। मंच के युवा सदस्य टिल्लू जैन की दुकान के सामने महावीर झांझरी ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष अखिल सरावगी और सचिव मुकुल पीपुरिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच सामाजिक कार्यों में हमेशा ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, चाहे पनघट की व्यवस्था की बात हो अथवा रक्तदान शिविर आयोजित करने का। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कोषाध्यक्ष अनुराग प्रतीक, पूर्व अध्यक्ष उदय लाल माला, पूर्व अध्यक्ष अंकित जैन, अमृतधारा संयोजक युवा ओम प्रकाश शर्मा, राजेश मिश्रा, टिल्लू जैन, विनय अग्रवाल आदि ने योगदान दिया। मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा की नारी शक्ति को समर्पित खास कार्यक्रम मदर्स डे का आयोजन राजस्थान भवन में किया गया। मौके पर मंच के सदस्यों ने कहा कि माँ पूरे परिवार के लिए समर्पित होती है।

#### झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को आवश्यक तैयारी करने के लिए भेजा पत्र

# 12 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए लगेगा नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समावेशी शिक्षा के अंतर्गत संचालित दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरणों की खरीद, फिटिंग के लिए सहायता योजना (एडीआईपी योजना) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी प्रखंडों में 12 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन 10 जून से पांच सितंबर तक किया जाएगा। राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, भुवनेश्वर के सहयोग से सभी प्रखंडों में विभिन्न तिथियों में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एलिम्को की पांच टीमें राज्य के सभी प्रखंडों में कार्य करेंगी। प्रत्येक टीम में विभिन्न श्रेणियों के विशेषज्ञ शामिल होंगे एवं निर्धारित तिथियों में प्रखंडों में आयोजित होने वाले जांच, वितरण शिविरों में भाग लेंगे। जांच, वितरण शिविरों के आयोजन से पूर्व जिला एवं प्रखंड द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शिविर में प्रखंड के सभी दिव्यांग बच्चे, जिन्हें सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, वे भाग ले सकें। जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों की यह जवाबदेही होगी कि गृह आधारित शिक्षण प्राप्त कर रहे दिव्यांग बच्चों को भी इस जांच शिविर के क्रम में आवश्यक सहायक सामग्री उपलब्ध हो सके। जांच शिविर पूर्वाह्न नौ बजे से संध्या पांच बजे तक लगाया जाएगा। निर्धारित तिथि से दो सप्ताह पहले ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, रिसोर्स शिक्षक, थेरेपिस्ट, बीआरपी, सीआरपी तथा चिन्हित दिव्यांग बच्चों के पोषक क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों, प्रधान शिक्षक, ग्राम शिक्षा समिति के ऊपर जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर उनतक शिविर से संबंधित सूचना पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी।

#### कौन-कौन से कागजात कैंप में लाना जरूरी है

कैंप में आने वाले बच्चों को अपने साथ दो प्रति फोटोग्राफ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छाया प्रति, बच्चा या उसके माता-पिता का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र या दिव्यांगता छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा। यदि किसी बच्चे के पास आय प्रमाण पत्र ना हो तो संबंधित ग्राम प्रधान/मुखिया से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध ना होने की स्थिति में विद्यालय के प्रधान शिक्षक, समग्र शिक्षा अभियान के अधिकृत पदाधिकारी, एलिम्को के प्रतिनिधि तथा सरकारी चिकित्सा पदाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से बच्चे को दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

#### ढोल-नगाड़े के साथ ग्रामीणों ने निकाला जुलूस, लगे मुर्दाबाद के नारे

# रोड नहीं तो वोट नहीं, सांसद विधायक गांव आकर करें बात




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के टुंडी खाखुडीह के लोगों ने बुधवार को स्थानीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व टुंडी विधायक मथुरा महतो के विरोध में जोरदार जुलूस निकाला। ढोल-नगाड़ा बजाते हुए सांसद, विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने साफ कह दिया कि यहां रोड नहीं, तो वोट भी नहीं मिलेगा। जुलूस में शामिल ग्रामीणों ने गांव के कई इलाकों का भ्रमण भी किया। जुलूस में महिलाओं की संख्या काफी थी। ग्रामीणों में सड़क को लेकर काफी आक्रोश देखा गया। सांसद व विधायक को गांव आकर इस मसले पर बात करने की चेतावनी दी गई. खाखुडीह के लोगों ने बताया कि गांव में सड़क नहीं है. वे लोग पगडंडियों से ही आना-जाना करते हैं. दर्जनों बार जनप्रतिनिधियों की चौखट पर हाजिरी देकर सड़क बनाने की गुहार लगाई. कहा कि हर बार चुनाव में भोले-भाले ग्रामीणों को नेता ठगते हैं.

# जल संकट से जूझ रहे हैं बूढ़ाबेहरा गांव के लोग

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के बूढ़ाबेहरा गांव के लोग काफी समय से विकट जल संकट से जूझ रहे हैं। इस गांव में सरकारी स्तर पर लगाए गए अधिकतर जलापूर्ति योजनाएं लगभग फेल हो गई है। नतीजा गांव के कई टोलों के लोगों को पीने के लिए डाडी एवं नहाने के लिए कुर्मी टोला एवं माझ टोला के समीप स्थित बदबूदार चेकडेम पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गांव में बेल टोला एवं माझ टोला दो ऐसे टोले है जहां पीने का कोई भी सरकारी जलस्रोत नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इन टोलों के लोग चुआं और डाड़ी से पानी लाकर पीने को विवश है। माझ टोला के लोगों ने बताया कि टोला के 37 घरों के लोगों को करीब एक किमी दूर बेहरा डाढ़ी से पानी लाना पड़ता है। माझ टोला में तीन चापाकल है लेकिन सभी खराब है। इसी टोला में लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत एक डीप बोरिंग का जलमीनार भी है जो 12 सालों से खराब है। गांव में नल जल योजना के तहत घरों में नल लगाए गए है लेकिन अभी तक पानी नहीं आया है। कुर्मी टोला के बलराम करमाली ने बताया कि कुर्मी टोला में भी तीन चापाकल है इनमें से एक ही ठीक है। सभी को पानी नहीं मिल पाता इसलिए टोला के लोग आधे किमी दूर किया बुदाढ़ी से पीने का पानी लाते है। गांव के सिमरिया टोला के सभी चापाकल खराब है।



### स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में करायें चुनाव : डॉ एस.नटराजन



**दुमका।** लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ एस. नटराजन, पुलिस प्रेक्षक सुधीर कुमार रेड्डी की उपस्थिति में सभी कोषांग के पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को हुई। सामान्य प्रेक्षक डॉ एस नटराजन ने बैठक में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए सभी पोलिंग पदाधिकारी को बेहतरीन प्रशिक्षण दें। ईवीएम पर बारंबार हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करायें। प्रशिक्षण के बाद उनकी परीक्षा लें। जिला निर्वाची पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने विधानसभावार एआरओ, एइआरओ की जानकारी दी। वहीं स्टैटिक सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्क्वायड टीम, वीडियो सर्विलांस टीम,वीडियो विविंग टीम ने की गई कार्रवाई की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई, फोर्स ट्रांसपोर्टेशन, फोर्स अकोमोडेशन, इंटर-स्टेट चेक पोस्ट, कम्युनिकेशन प्लान, सहित अन्य विषयों की जानकारी दी।

#### 93% लाने वाली बेड़ो प्रखंड की टॉपर रही साक्षी कुमारी

# मोमेंटो व प्रोत्साहन राशि देकर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डी ए वी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं की वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। परीक्षा में 80% से अधिक लाने वाले सभी छात्रों-छात्राओं को मोमेंटो मेडल्स और बुके देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में 93% लाकर स्कूल एवं बेड़ो प्रखंड की टॉपर रही साक्षी कुमारी को स्कूल प्रबंधन द्वारा मोमेंटो एवं पांच हजार एक सौ रुपया का प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया एवं 88% लाकर स्कूल की दूसरी टॉपर हाजरा प्रवीण और आकृति गुप्ता को मोमेंटो एवं इक्कीस-इक्कीस सौ रुपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। बाकी सभी टॉपर बच्चों रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, अमित कुमार, सुगंधा कुमारी, जुनी परवीन, जरा परवीन, दिव्यांश कुमार भगत, सृष्टि साहु को मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार सभी ने छात्र - छात्राओं को बेहतरीन रिजल्ट के लिए बधाई दी एवं बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि अब उनके सामने अपने कैरियर के लक्ष्य को पाने के लिए और भी कड़े परिश्रम का दौर शुरू होने जा रहा है। कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, ऐसे में धैर्य और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उन्होने कहा कि 11वी कक्षा में आराम नहीं करना है और न ही स्कूल छोड़ना है। उन्होंने कहा कि स्कूल हमें अनुशासित बनाने का काम करता है, उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की किसी भी परिस्थिति में अपने आप पर भरोसा करना कम ना करें , सेल्फ स्टडी करें और आई आई टी तथा नीट के साथ सिविल सर्विस को भी अपना लक्ष्य बनाकर ईमानदारी के साथ तैयारी करें जीवन में सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्र - छात्राओं के माता पिता के साथ ही उनके शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। और भविष्य में इससे भी बड़ी सफलता अर्जित करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान मेरिट में शामिल टॉपर छात्र छात्राओं के माता पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाएं क्रमशः श्रवण कुमार महतो, सविता, हंसिका, प्रियंका, अंजु, तारा अरूणिमा, निर्मला, आरती संदीप , विजय, रेयांशु रवि, गुलशन, रंजन और दिनेश सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे ।




# कर्रा में 16 को मनाया जायेगा सीता नवमी महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कर्रा प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार को सीता नवमी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस आशय का निर्णय विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जयसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को इस संगठनों की कर्रा में हुई सामूहिक बैठक में लिया गया। इस संबंध में विहिप के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह ने बताया कि जानकी महोत्सव के दौरान पूजा-अर्चना, कीर्तन के बाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। मौके पर विहिप और बजरंग दल का विस्तार किया गया। प्रशांत कुमार को विश्व हिंदू परिषद का कर्रा प्रखंड अध्यक्ष और रवींद्र सिंह को बजरंग दल संयोजक तथा मातृशक्ति संयोजिका अनिमा कुमारी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका सीमा देवी को बनाया गया। साथ ही 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में विनोद जयसवाल, एमपी सिंह, उमेश मांझी सहित कई लोग मौजूद थे।

### चिराग पासवान जीत का नया विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे : बीरेंद्र प्रधान



**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने दावा किया कि हाजीपुर लोक सभा चुनाव में इस बार चिराग पासवान जीत का नया विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। प्रधान ने रांची में कहा कि उन्होंने हाजीपुर संसदीय क्षेत्र का दौरा किया है और चिराग पासवान के पक्ष में जनता का जो समर्थन देखा उसी आधार पर यह बात कह रहे हैं इस क्षेत्र से रामविलास पासवान के विश्व रिकॉर्ड को इस बार चिराग पासवान तोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का आकर्षण अद्भुत देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जनता के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिस तरह से गरीबों तक पहुंचा है उसका भी असर इस चुनाव में दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए बिहार और झारखंड में सभी लोकसभा की सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान और हमारे नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान 2014 से ही नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते रहे हैं।

# डिश टीवी के 'डिशटीवी स्मार्ट+' सर्विसेज से मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति

*अपने सभी ग्राहकों को अब टीवी सब्सक्रिप्शन के अंदर देगा ओटीटी सेवाएं, इंडस्ट्री में होगा पहला कदम*

*ग्राहकों को लोकप्रिय ऐप्स में से पसंदीदा प्लेटफार्म चुनने की मिलेगी सुविधा*

## किसी भी स्क्रीन पर एकसाथ देख सकते हैं टीवी और ओटीटी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज की घोषणा की है। यह लांच इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कंटेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है।

'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का भी आनंद ले सकते हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी लोग अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने कहा, अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है। लोगों को अपने पसंदीदा कंटेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया है। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज का लांच सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। यह भारत में मनोरंजन की खपत को फिर से परिभाषित करने की दृष्टि का प्रतीक है, जो स्मार्ट और बड़ी होती जा रही है। विकल्पों से भरे इस बाजार में, ग्राहक अक्सर खुद को अभिभूत महसूस करते हैं। हमारा लक्ष्य समग्र और संपूर्ण मनोरंजन समाधान पेश करके उनकी पसंद को सरल बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि पारंपरिक टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों आज के युग में जरूरी हैं और हमारे प्रस्ताव के साथ, हमारा लक्ष्य उनके समान महत्व की पुष्टि करना है।




मनोज डोभाल ने कहा, डिश टीवी में, ग्राहक संतुष्टि पर समझौता नहीं किया जा सकता है और हर निर्णय मूल्य और सुविधा प्रदान करने के आसपास केंद्रित होता है। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज न केवल हमारे ग्राहकों को मनोरंजन की अद्वितीय पहुंच प्रदान करके लाभान्वित करती हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती हैं कि उनकी प्राथमिकताएं और संतुष्टि हमारे प्रयासों में सबसे आगे रहें। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज के साथ, हम अपने आदर्श वाक्य - 'नए भारत का स्मार्ट कनेक्शन' पर कायम रहते हुए, एक आधुनिक भारतीय परिवार की सभी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

डिश टीवी के सीटीओ और ओटीटी बिजनेस के प्रमुख वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा, 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज के साथ, हम सिर्फ एक नया प्रस्ताव नहीं पेश कर रहे हैं, हम मनोरंजन उपभोग में एक सही बदलाव का नेतृत्व भी कर रहे हैं। हमारे मल्टी-चैनल मार्केटिंग दृष्टिकोण से हम उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने, व्यापक जागरूकता फैलाने और इसे अपनाने को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम रुझानों से आगे रहने को प्राथमिकता देते हैं और ग्राहकों की बढ़ती प्राथमिकताओं को अपनाना हमारी रणनीति के केंद्र में है और हम उनकी विविध प्राथमिकताओं और जीवनशैली को पूरा करने वाले अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान को करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एक नजर

### विकासात्मक मुद्दों पर चैंबर ने की पूर्व केंद्रीय मंत्री संग परिचर्चा

**रांची।** राज्य में आर्थिक प्रगति के साथ ही अन्य विकासात्मक मुद्दों पर बुधवार को चैंबर भवन में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने राज्य के व्यापार, उद्योग के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों जैसे भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, राज्य में बंद पड़ी खदानों को खोलने, रूग्ण होते अभ्रक उद्योगों के रिवाइवल हेतु हस्तक्षेप करने, झारखंड में निफ्ट की स्थापना का प्रस्ताव केंद्र को भेजने, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने और प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना के लिए सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप को जरूरी बताया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में समर कैंप का आयोजन

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में 13 से 17 मई तक विद्यालय के बच्चों के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में प्राथमिक कक्षाओं से लेकर 12वीं कक्षाओं के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। बताते चलें कि इस ग्रीष्मावकाश शिविर में खेलकूद के साथ साथ गीत संगीत का भी आयोजन किया गया है। इस शिविर में कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, शतरंज, योगासन इत्यादि खेलों का अभ्यास चल रहा है। संगीत के माध्यम से भी बच्चे देशभक्ति गीतों को सीख रहे हैं और अपनी छिपी प्रतिभा का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों और किशोरों के लिए सीखने और मनोरंजन करने का एक आदर्श मंच है। ऐसे शिविर में कई प्रकार की गतिविधियां होती हैं, जिससे बच्चों के अंतर्निहित प्रतिभा सामने आती है।

# बालू की कमी से अधूरे रह जा रहे प्रोजेक्ट : किंगर

## एफजेसीसीआई की रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट एवं बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन उप समिति की हुई बैठक

*नक्शा पास कराने में हो रही कठिनाइयों पर हुई चर्चा*

*रियल एस्टेट उप समिति जून में करेगी हैदराबाद का भ्रमण*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की रियल एस्टेट एंड अर्बन डेवलपमेंट तथा बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन उप समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक उप समिति के चेयरमैन अंचल किंगर, आलोक सरावगी और रोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें सॉफ्टवेयर की तकनीकी खामियों के कारण नक्शा पास कराने में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा हुई। बैठक में मास्टर प्लान में सुधार के लिए दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं होने पर उप समिति के सदस्यों ने चिंता जताई। सहमति बनी कि जल्द ही चैंबर का प्रतिनिधिमंडल नगर प्रशासक से मिलेगा और इसपर कार्रवाई का आग्रह करेगा। बालू की कमी के कारण हो रही समस्या पर सदस्यों ने चर्चा की। कहा गया कि बालू की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण रियल एस्टेट सेक्टर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उप समिति के चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि बालू की कमी के कारण एक तरफ जहां संवेदक, डेवलपर्स के प्रोजेक्ट अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं मजदूरों का भी पलायन हो रहा है। सरकार को इसकी त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। सर्किल रेट की दरों में प्रत्येक दो वर्ष में होने वाली बढ़ोतरी पर भी सदस्यों ने चिंता जताई और कहा कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए। वर्तमान में केवल एक वर्ष के लिए बिल्डर रजिस्ट्रेशन मिलने की प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए कहा गया कि बिल्डर रजिस्ट्रेशन तीन वर्ष का मिलना चाहिए। उप समिति द्वारा इस मामले में नगर विकास विभाग के सचिव को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि एक ही बिल्डर रजिस्ट्रेशन से प्रदेश के सभी निकायों में काम करने की अनुमति मिलनी चाहिए। अलग-अलग जगहों के लिए अलग-अलग रजिस्ट्रेशन लेने से अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चर्चा के दौरान जून के प्रथम सप्ताह में उप समिति के सदस्यों द्वारा नॉलेज टूर का आयोजन करने पर सहमति बनी। यह निर्णय लिया गया कि पहला टूर हैदराबाद का होगा। उप समिति चेयरमैन आलोक सरावगी ने कहा कि नॉलेज टूर के माध्यम से हमारी टीम हैदराबाद में किए गए अथवा होने वाले निर्माण कार्यों, प्रोजेक्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर को देखेगी। उन्होंने कहा, यह नॉलेज टूर नियमित रूप से किया जाएगा। हम प्रयास करेंगे कि इस टूर का लाभ झारखंड को मिले। बैठक में उप समिति चेयरमैन अंचल किंगर, आलोक सरावगी, रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, सदस्य मुकेश पांडे, अमित अग्रवाल और विकास मोदी उपस्थित थे।

### रांची समर्पण शाखा ने पांचवें स्थायी प्याऊ की स्थापना की

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा (सत्र 2024-25) ने बुधवार को अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत पांचवीं स्थायी 'अमृतधारा' की स्थापना की। ज्ञात हो कि विगत 10 मई को मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने '7 दिन, 7 स्थान, 7 स्थायी अमृतधारा' लगाने का संकल्प लिया था। इसके तहत आज पांचवें स्थायी प्याऊ की स्थापना की गई है। यह स्थायी 'अमृतधारा' शिव मंदिर सेवा सदन पार्क में लगाई गई है। इसमें 'अमृतधारा' प्रभारी निकिता जालान के सौजन्य से विवेक बजाज द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके लिए शाखा ने उन्हें और उनके परिवार को तहे दिल से धन्यवाद दिया। आज के उद्घाटन समारोह में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक (अमृतधारा) वरुण जालान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रांची समर्पण शाखा ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# रांची के सात वर्षीय विवान शौर्य ने पेंटिंग में जीते तीन राष्ट्रीय पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा रांची के रहने वाले कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के 7 साल के विवान शौर्य ने अपनी प्रतिभा के बल पर झारखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। उन्होंने इस उम्र में त्रिपुरा राज्य की प्रतिष्ठित संस्था रोंग्तुली द्वारा आयोजित तीन ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार स्वरूप उन्हें तीन ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं। रोंगतुली संस्था द्वारा ये प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। विवान ने ऐसो दुर्गा, बाल दिवस एवं नववर्ष प्रतियोगिताओं में बेस्ट अचीवमेंट अवार्ड जीता है। इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते थे। विवान ने अपने आयु वर्ग में तीन प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर इस प्रतियोगिता में एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस प्रतियोगिता में विवान ने अपनी अद्भुत चित्रकला से निर्णायकों को अचंभित कर दिया। विवान अभी जवाहर विद्या मंदिर श्यामली का कक्षा-3 का छात्र है। इस अवसर पर विवान के विद्यालय के प्रधानाचार्य समरजीत जाना एवं सभी शिक्षकों ने भी उन्हें बधाई दी है। इससे पूर्व विवान ने सबसे कम उम्र में 129 पेंटिंग्स बनाने के लिए अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया था। विवान के गुरु और पिता धनंजय कुमार खुद भी प्रख्यात चित्रकार हैं और कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के संस्थापक हैं।



*त्रिपुरा की संस्था रोंगतुली की ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता में मिला प्रथम स्थान*

*झारखंड का नाम राष्ट्रीय पटल पर किया रोशन*

# झारखंड में 18 से फिर झुलसाएगी गर्मी, हीट वेव का येलो अलर्ट जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के मौसम में एक बार फिर से गर्मी का अहसास शुरू हो गया है। आंशिक बादल के साथ ही तापमान में वृद्धि से लोगों को गर्मी और उमस का अहसास हो रहा है। तापमान में वृद्धि से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 18 मई से हीट वेव (लू) चलने की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम एवं पश्चिमी सिंहभूम के अलावा संताल परगना के कम से कम चार जिलों में हीट वेव चलने की आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। राज्य में अगले तीन से चार दिनों में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में वृद्धि हो सकती है। साथ ही, 20 एवं 21 मई से राज्य के उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिणी संताल परगना एवं कोल्हान प्रमंडल में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा गढ़वा और पलामू में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना होगा। राजधानी रांची में 20 मई तक आंशिक बादल छाये रहने की जानकारी दी गई है। इसके साथ तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। हालांकि, 18 मई तक राजधानी का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की जानकारी दी गई है। राज्य के सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में 18 मई को कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है। इसी तरह, 19 मई को राज्य के सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, पलामू, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।




# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का आठवां स्थापना दिवस 19 मई को

*खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह वैशाख माह की मोहिनी एकादशी (19 मई 2024) को धूमधाम से मनाया जाएगा। हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित है।

श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर हरमू रोड के स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ होंगे। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ पूजन करके खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। नारसरिया ने बताया कि कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ भजन गायन करेंगे। वे कोलकाता से रविवार को रांची पहुंचेंगे। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उपमंत्री अनिल नारनौली, पंडित रत्नाकर शर्मा, पंडित अनूप दाधीच, रोशन खेमका, किशन शर्मा, अभिषेक सरावगी, संजय सराफ, निखिल नारनौली, रौनक पोद्दार, अरविंद सोमानी, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान को विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया गया है। स्थापना दिवस की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। ज्ञात हो कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की स्थापना खाटू के श्री श्याम मंदिर के अध्यक्ष महंत मोहनदास जी महाराज के पावन सानिध्य में गोवर्धन पीठ पुरी के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद जी महाराज ने किया था।



## श्री श्याम भंडारा 18 को

*हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 112वां श्री श्याम भंडारा 18 मई (शनिवार) को सायं 5:00 बजे से होगा। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।*

# छात्र हित में रांची विवि में इंडोर स्टेडियम का निर्माण हो : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में छात्र आजसू के सदस्यों ने बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। इसमें रांची विश्वविद्यालय में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग की गई है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिन्हा ने इसपर तुरंत संज्ञान लेते हुए सीसीडीसी को डीपीआर बनवाने और आगे की प्रक्रिया जल्द ही पूरी करने की बात कही। ज्ञापन में कहा गया है कि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों में जगह की कमी होने के कारण अनेकों प्रकार के खेल नहीं हो पाते हैं। इससे रांची विवि में पढ़ने वाले विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को खेल के अभ्यास में दिक्कत होती है और खेल प्रतिभा संवरने से पहले ही खत्म हो जाती है। अतः छात्र आजसू विद्यार्थियों के हित में कुलपति से मांग करती है कि इंडोर स्टेडियम की स्थापना कर खेल से संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कि खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर पाए। ज्ञापन सौंपने युवा आजसू के प्रदेश संयोजक जब्बार अंसारी, छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, जमाल गद्दी, सौरभ शर्मा, राजेश सिंह, अंशु सिंह, सक्षम झा, रूही परवीन, अभिषेक राज आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रतिभा सम्मान समारोह नौ जून को

- रांची के महाराजा अग्रसेन भवन में होगा आयोजन

**रांची ।** रांची के मारवाड़ी समाज के मेधावी छात्र- छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह नौ जून को स्थानीय महाराजा अग्रसेन भवन में किया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त करने या प्रोफेशनल डिग्री हासिल करने वालों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। उन्होंने सभी समाज बंधुओं से अनुरोध किया कि जिनके संज्ञान में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों की जानकारी है, वे संयोजक को व्हाट्सएप नंबर पर उनका अंक पत्र एवं एक फोटो भेंजे।

**इस मोबाइल नंबर पर करें संपर्क 8797942294 एवं 9334425505**

### सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करें : ललित पोद्दार




**रांची ।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति रांची लोकसभा सीट के लिए 25 मई को होने वाले चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसकी जानकारी देते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन एवं संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि 25 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक प्रचार वाहन द्वारा भी शहरी क्षेत्रों एवं सुदूर इलाकों मे प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता अपने-अपने बूथों पर जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। साथ ही, अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित भी करें, ताकि सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि एक बेहतर देश और राष्ट्र बनाने के लिए सटीक निर्णय के साथ राष्ट्रहित में मतदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

### रांची के साइबर सेल ने ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार रुपये पीड़ितों को लौटाए

**रांची ।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किए गए हैं। फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 कांडों में पीड़ितों को पैसा रिफंड कराया गया। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को रिफंड कराया। सीआईडी के साइबर अपराध थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर आप साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। रिपोर्ट किए जाने पर साइबर थाना ठगी से संबंधित बैंक खाता और ट्रांजैक्शन को ब्लॉक करता है। डीएसपी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगी की रिपोर्टिंग के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरुआत की है। इसके तहत डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट-डेबिट कार्ड और यूपीआई के इस्तेमाल से होने वाली साइबर ठगी की त्वरित रिपोर्टिंग के लिए सिटिजन फाइनेंशियल फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम विकसित की गई है। इस पर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### पासिंग आउट परेड की प्रक्रिया होगी एक समान, डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन



**रांची ।** झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण संस्थान में होने वाले पासिंग आउट परेड में एकरूपता की कमी को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को गाइडलाइन जारी किया है। जारी किए गए पुलिस आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष जैप-1 रांची और जैप-9 साहिबगंज में जिला और सशस्त्र वाहिनी के नवनियुक्त आरक्षण का पासिंग आउट परेड संपन्न हुआ। इस परेड के निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि प्रशिक्षण संस्थान वार पासिंग परेड की प्रक्रिया में काफी भिन्नता है। इस कारण झारखंड पुलिस के अंदर आने वाले सभी प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण के बाद होने वाले पासिंग आउट परेड के लिए 38 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की गई है।

#### गाइडलाइन के मुख्य बिंदु

पासिंग आउट परेड के लिए परेड ग्राउंड की क्षमता और आवश्यकता के अनुसार पुरुष और महिला प्रशिक्षुओं का प्लाटून तैनात किया जाएगा।

परेड शुरू होने से न्यूनतम 20 मिनट पहले मैदान में निर्मित किले का द्वार खोला जाएगा।

- सभी प्लाटून अपने-अपने निर्धारित निरीक्षण लाइन पर पहुंचकर कदमताल करते हुए और बैंड के धुन पर थम हो जाएंगे।
- विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्ति के सलामी मंच पर निर्धारित स्थान पर पहुंचते ही परेड कमांडर द्वारा कमांड दिया जाएगा।
- परेड किया बाजू शस्त्र की स्थिति में आने पर परेड कमांडर सलामी मंच की ओर मार्च करेंगे।

राष्ट्रीय सैल्यूट के समय आमंत्रित सभी अतिथि परेड ग्राउंड में खड़े हो जाएंगे और उनमें जो वर्दीधारी अधिकारी होंगे वे सैल्यूट करेंगे।

- परेड कमांडर द्वारा मानवाधिकार और पुलिस कर्तव्य को पढ़ाते हुए सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई जाएगी।

शपथ ग्रहण के बाद डंके की आवाज में सावधान की स्थिति में आएंगे।

### ओरमांझी जैविक उद्यान में बाघिन गौरी के नीचे दबे चार शावक, मौत

**रांची।** राजधानी रांची के ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में चार शावकों की मौत हो गई। बाघिन मां गौरी के करवट लेने से शावक उसके नीचे दब गए थे, जिससे उनकी मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, बाघिन गौरी ने पहली बार चार शावकों को जन्म दिया था। गौरी ने 10 मई की रात को एक और 11 मई को तीन शावकों को जन्म दिया। जन्म के बाद ही बाघिन के करवट लेने से शावक उसके नीचे दब गए। इससे श्वसन प्रणाली काम नहीं कर पाई और चारों की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद चारों शावकों को जू के भीतर बने दाहगृह में जला दिया गया है। गौरी बाघिन अभी ठीक है। इस बात की जानकारी ओरमांझी जू के डॉक्टर ओम प्रकाश शाहू ने दी। बाघिन जिस केज में थी, जू प्रबंधन लगातार सीसीटीवी कैमरे से वहां की मॉनीटरिंग कर रहा था। इसके बावजूद इस तरह की घटना हो जाना, वन्य प्राणियों के सुरक्षा प्रबंधन पर सवाल खड़ा करता है।



# लोस का यह चुनाव शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय का चुनाव : तेजस्वी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग (झारखंड)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में छड़वा मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने भी हाथों को उठाकर समर्थन दिया। तेजस्वी यादव ने देसी स्टाइल में मंच के सामने कुर्सी लगाकर लोगों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी झारखण्ड के दौरे पर भी आये थे लेकिन कुछ बताया नहीं कि अगले पांच साल में क्या करेंगे। बस इधर-उधर और दूसरों की बात करके वापस चले गए। हम यहां पढ़ाई-लिखाई, सिंचाई-कमाई की बात करने आये हैं। युवाओं को रोजगार देने आए हैं। हम कल भी इसी की बात करते थे और इसी की करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय का चुनाव है। समझदारी के साथ काम लीजिये और इंडिया गठबंधन को जिताइये। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज करते हुए कहा कि इनके झूठ में देश अब और नहीं फंसेगा। इस मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, आरजेडी जिला अध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस ओबीसी प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी, प्रदेश सचिव रेणु देवी सहित सैंकड़ो की संख्या में इंडिया गठबंधन के सक्रिय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता मौजूद थे।




## गांडेय उपचुनाव में भाकपा ने कल्पना सोरेन को दिया समर्थन

**रांची।** भाकपा ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन को समर्थन देने का ऐलान किया है। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी गांडेय उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को समर्थन की घोषणा करती है। साथ ही जनता से अपील करती है कि उन्हें भारी मतों से विजय बनाएं। राज्य सचिव ने कहा कि झारखंड में भाकपा हजारीबाग, चतरा और दुमका लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के बाद जिन सीटों पर भाकपा के प्रत्याशी नहीं है, उन सीटों पर राष्ट्रीय परिषद के फैसले के अनुसार भाजपा को हराने वाले दल और प्रत्याशियों को पार्टी समर्थन करेगी। भाकपा के कार्यकर्ता भाजपा हराओ अभियान में जुटे हैं। यह जानकारी भाकपा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने बुधवार को दी।



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में सपरिवार रामलला का दर्शन किया।

# लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा तो हर हाल में भुगतनी ही पड़ेगी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को चंपाई सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायकदल के नेता आलमगीर आलम की ईडी द्वारा हुई गिरफ्तारी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि लूट और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को सजा भुगतनी ही पड़ेगी। मरांडी ने कहा कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी,पोषक और संरक्षक है। राज्य में कांग्रेस पार्टी जब जब सत्ता में शामिल हुई राज्य को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो,राजद ठगबंधन को सत्ता सिर्फ कमाई केलिए चाहिए जनता की सेवा केलिए नही उन्होंने कहा कि राज्य में ईडी की कार्रवाई से ठगबंधन के काले कारनामों की परतें परत दर परत खुल रही है। लूट के खजाने मिल रहे। कभी 350करोड़ तो कभी 35करोड़ नकद बरामद हुए। उन्होंने कहा कि यह तो केवल नमूमा है। ईडी सीबीआई तो जनता की गाढ़ी कमाई का पाई पाई वसूलने की कारवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी आंदोलन को लूटा और अब मिलकर राज्य को लूट रहे।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसीलिए ईडी , सीबीआई को कमजोर करने की बात कर रही है। कांग्रेस और इंडी ठगबंधन को मालूम है कि ईडी की कारवाई जारी रही तो उनके ठगबंधन में कोई नहीं बचेगा।

## राज्य में भ्रष्टाचार का एक और बड़ा विकेट गिरा : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सत्ता पक्ष पर हमला बोला। उन्होंने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का आज एक और बड़ा विकेट गिरा। आलमगीर आलम को अरबों रुपये के टेंडर घोटाले मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। शाहदेव ने कहा कि यह नरेन्द्र मोदी का न्यू इंडिया है। यहां आप उच्च पद पर भी रहकर भ्रष्टाचार करके बच नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि यह तो शुरूआत है। अभी तो अरबों रुपये का जो टेंडर घोटाला हुआ है, उसकी जांच जारी रहेगी। इसके पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तार हो चुके हैं।

# न्यूज | बॉक्स

## आयुक्त ने सभी मतदाताओं से की वोट देने की अपील



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आगे होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें। आपका एक वोट भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए संविधान प्रदत्त इस अधिकार का प्रयोग जरूर करें। बता दें कि रांची संसदीय क्षेत्र में आगामी 25 मई को मतदान है।

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रातू में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**रांची ।** रांची संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में बुधवार को रातू प्रखंड के रिंग रोड, दलादली चौक क्षेत्र में भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, सुनील कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, एसएन शर्मा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। उन्होंने पार्टी समर्थकों के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में रहने वाले लोगों से संजय सेठ के पक्ष में 25 मई को मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र में 25 मई को होने वाले चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाएं और भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ को दोबारा सांसद चुनकर दिल्ली भेजें। इस जनसंपर्क अभियान में धर्मेंद्र उपाध्याय, रामाशीष शर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, गौतम राय, अरुण सिंह, रितेश सिंह, राजेश दुबे, जितेंद्र तिवारी, मुन्ना यादव, अमरदीप सिंह, विभव दुबे के साथ कई पार्टी समर्थक शामिल थे।

## हजारीबाग की जनता इंडी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में गोलबंद : फागू बेसरा

**रामगढ़ ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक गांव-गांव घूम रहे हैं। उन्होंने बीजेपी पर तंज करते हुए कहा कि उनके स्टार प्रचारक हवा में हैं। इसलिए उनके उम्मीदवार भी हवा में ही रहेंगे। इंडी गठबंधन को कई दशकों के बाद एक मजबूत प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के रूप में मिला है। इसलिए हजारीबाग की जनता गोलबंद हो चुकी है। मांडू विधानसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए फागू बेसरा ने कहा कि हजारीबाग में नरेन्द्र मोदी का ग्लैमर खत्म हो चुका है। यही वजह है कि उनके सारे स्टार प्रचारक अब मंदिर और धर्म के आधार पर वोट मांगने के लिए निकल पड़े हैं। असम के मुख्यमंत्री ने भी मंदिर और मुसलमान की बात की। 10 वर्षों में भाजपा ने बेरोजगारी, महंगाई और विकास को तिलांजलि दे दी है। आज की युवा पीढ़ी अब उनके छलावे में आने वाली नहीं।

## नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को मिली जमानत

**रांची।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार की कोर्ट ने चार लाख 56 हजार नकदी के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपितों को बुधवार को जमानत दे दी। गिरफ्तार आरोपितों में अश्विनी रजवार, रवि कुमार राय और प्रखर रंजन शामिल हैं। तीनों आरोपितों को पांच-पांच हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। आरोपितों की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। उल्लेखनीय है कि 11 मई की देर शाम झारखंड विधानसभा के पास से पुलिस ने लाल रंग के स्विफ्ट कार से चेकिंग के दौरान चार लाख 56 हजार रुपये कैश बरामद की थी। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में विधानसभा थाने में कांड संख्या 19/2024 दर्ज किया गया था।

## रांची के साइबर सेल ने ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार रुपये पीड़ितों को लौटाए




**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर अपराध थाने में मार्च 2022 से अबतक 22,924 मामले दर्ज हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 करोड़ 32 लाख 30 हजार रुपये फ्रीज किये गये। फरवरी से लेकर अब तक पिछले तीन महीने में साइबर अपराध थाने में साइबर ठगी से संबंधित 18 कांडों में पीड़ितों को पैसा रिफंड कराया गया। साइबर सेल की टीम ने साइबर ठगी के एक करोड़ एक लाख 80 हजार 791 रुपये पीड़ितों को रिफंड कराया। सीआईडी के साइबर अपराध थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार को बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर आप साइबर अपराध की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। रिपोर्ट किये जाने पर साइबर थाना ठगी से संबंधित बैंक खाता और ट्रांजैक्शन को ब्लॉक करता है। डीएसपी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर ठगी की रिपोर्टिंग के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल की शुरूआत की है।

# सातवां चरण: स्क्रूटनी के बाद बचे 55 उम्मीदवार : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के लिए होने वाले तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव के लिए स्क्रूटनी के बाद 55 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्क्रूटनी के दौरान राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 में से 2 प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया। इस तरह इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 15 प्रत्याशी बचे हैं। वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकित 22 उम्मीदवारों में से तीन के नामांकन खारिज हो गए। यहां अब 19 उम्मीदवार रह गये हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद सर्वाधिक 8 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द हुए हैं। यहां अब 21 उम्मीदवार बचे हैं। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख है। उसके बाद उम्मीदवारों की वास्तविक संख्या निश्चित हो जाएगी। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान वाले क्षेत्रों से जुड़ी दूसरे राज्यों की सीमा पर संबंधित राज्य से समन्वय बनाकर चौकसी जारी है। चेकिंग हो रही है तथा सीमा को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 1 अरब, 26 करोड़, 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।



*अब तक झारखंड में 1 अरब, 26 करोड़, 21 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त*

# निर्वाचन प्रबंधन को सुदृढ़ करने से होगा मतदान प्रतिशत में इजाफा : रवि कुमार

## राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

*औसत से कम मतदान वाले बूथों पर फोकस करें*

*इन मतदान केंद्रों का सुदृढ़ माइक्रो प्लान शीघ्र तैयार करें*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के झारखंड में होने वाले पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान की व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने से मतदान बेहतर होगा। मतदान दिवसों को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था से मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा। बेहतर मतदान के लिए चुनाव कार्य से जुड़े सभी लोग समेकित प्रयास करें। उन्होंने मतदान संपन्न हो चुके जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को रैंडमली मतदान केंद्र के क्षेत्रों में इंड सर्वे कराकर प्रतिवेदन तैयार करते हुए दो दिनों में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। रवि कुमार बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे चरण में संपन्न मतदान एवं आगामी चरण के चुनाव की



तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर फोकस करते हुए सुदृढ़ माइक्रो प्लान शीघ्र तैयार करें। दिव्यांग एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को उनके घर से मतदान केंद्र तक लाने एवं ले जाने के लिए क्षेत्र एवं गली-मोहल्ला स्तर पर कर्मियों की टैगिंग करें। रवि कुमार ने कहा कि पांचवें, छठे एवं सातवें चरण के मतदान के लिए मनरेगा मेट, पारा कर्मी, जेएसएलपीएस के सक्रिय सदस्य, सखी मंडल की दीदी आदि कर्मियों को मतदान केंद्र वाले क्षेत्र, गांव एवं गली-मोहल्ला से टैग करें। मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन भी मतदान के लिए जागरूक करते हुए उन्हें घर से मतदान केंद्रों पर जाने के लिए प्रेरित किए जाने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों से टैग वाहनों से दूर निवास करने वाले मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कहा कि वैसे मतदाता, जो मतदान केंद्र पर नहीं पहुंचें हों, उन्हें बीएलओ हेल्प डेस्क के माध्यम से फोन कराकर मतदान करने की अपील कराएं। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए अर्बन लोकल बॉडीज के साथ बैठक कर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करवाने का प्रयास कराने पर बल दिया। रवि कुमार ने कहा कि राजनैतिक दलों के लिए प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भी निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से माइक से प्रेरित कराया जा सकता है। साइलेंस अवधि में वोट देने की अपील को प्रचारित कराना सकारात्मक साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां रिजर्व ड्यूटी वाले चुनाव कर्मी को सहयोग के लिए लगाया जा सकता है।

### राज्य की संपदा नेता और मंत्री लूट रहे हैं जबकि युवा दर-दर भटक रहे हैं

# घुसपैठिए झारखंड और देश को बर्बाद कर देंगे : हिमंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह/रामगढ़।** रामगढ़ के रजरप्पा में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठियों पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सहायता से उन्होंने असम में घुसपैठियों को रोकने का प्रयास शुरू कर दिया है लेकिन झारखंड और देश को यह घुसपैठिए बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। यदि जल्द ही जनता डबल इंजन की सरकार नहीं बनाएगी तो कांग्रेस और झामुमो उन घुसपैठियों को संरक्षण देने में पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड जैसा संपदा संपन्न प्रदेश भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गया है। हालत यह है कि मुख्यमंत्री जेल चला जाता है। मंत्रियों के चपरासी के घर से 37 करोड़ रुपये नकदी मिलते हैं। यहां के संपदा नेता और मंत्री लूट रहे हैं जबकि युवा दर-दर भटक रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पूरा विपक्ष आरक्षण हटाने का झूठ फैला रहा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने आरक्षण के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं किया बल्कि दलित और आदिवासी समाज से आने वाले को देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर विराजमान कर सम्मान देने का काम किया है। जबकि गैर भाजपा शासित प्रदेश कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में ओबीसी का आरक्षण काटकर मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में ईडी और सीबीआई जैसे निष्पक्ष संस्था को भी विपक्ष ने बदनाम करने की कोशिश की है। हकीकत यह है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के लिए ईडी और सीबीआई की ही जरूरत है। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल, विधायक सुनीता चौधरी, नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला पार्षद सर्वेश सिंह और रंजीत पांडे सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



## अपने बच्चों व देश के सुरक्षित भविष्य के लिए मोदी को तीसरी बार बनाएं पीएम : मनीष

मनीष जायसवाल ने कहा की नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं और अपने बच्चे और देश की भविष्य को सुरक्षित बनाएं । राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा की यह लोकसभा चुनाव एक धर्मयुद्ध है। जो कौरव और पांडव के युद्ध की तरह चल रहा है। जिसमें पांडव के नेता के रूप में दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी धर्मयुद्ध में कमान थामे हैं। तो दूसरी तरफ कौरव की सेना के रूप में कांग्रेस पार्टी की महागठबंधन खड़ी है। कहा की यह कांग्रेस के लिए अंतिम चुनाव है। रामगढ़ विधायका सुनीता चौधरी ने भाजपा और आजसू कार्यकताओं को मिलकर मनीष जायसवाल को चुनाव जीताने की रणनीति तैयार करने को कहा। कहा की हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के आगे कोई टिकने वाला नहीं है। यहां तो कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिला तो हमारे एक साथी को फोड़कर कांग्रेसी चुनाव लड़वा रहें हैं लेकिन जमानत जब्त होने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा की 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देकर मनीष जायसवाल को जिताएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

# पहले चरण में शहरी वोटरों की तुलना में ग्रामीणों ने जमकर किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में लोकसभा चुनाव के चौथे और राज्य के हिसाब से 13 मई को पहले चरण के मतदान में शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीणों ने जमकर मतदान किया। मतदान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता वोटिंग को लेकर काफी जागरूक हैं और यही वजह है कि मतदान में इनकी भागीदारी शहर की तुलना में अधिक रहती है। इस बार मतदान का प्रतिशत 66.01 प्रतिशत रहा, जिसमें पोस्टल बैलेट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। वर्ष 2019 की तरह ही इस बार मतदान प्रतिशत बना रहा। हालांकि, पलामू में मतदान प्रतिशत करीब तीन प्रतिशत नीचे रहा। खूंटी में सबसे ज्यादा 69.93 प्रतिशत, सिंहभूम में 69.32 प्रतिशत, लोहरदगा में 66.45 प्रतिशत और पलामू में 61.27 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक वोट सिंहभूम में पड़े थे। यहां 69.26 प्रतिशत मत पड़े थे। इसी तरह खूंटी में 69.25 प्रतिशत, लोहरदगा में 66.30 प्रतिशत और पलामू में 64.34 प्रतिशत मतदान पड़े थे। शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र मतदान में आगे रहा। खरसावां में 78.38 प्रतिशत, तमाड़ में 72.35 प्रतिशत, चाईबासा में 71.39 प्रतिशत, मांडर में 67.39 प्रतिशत, सरायकेला में 70.98 प्रतिशत और लोहरदगा में 70.05 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार भी शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में मतदान अधिक हुए। जानकारी के मुताबिक सिंहभूम के दुर्गम इलाके जहां पहली बार ग्रामीणों ने अपने गांव में बने बूथ पर मतदान किया, वहां 75 प्रतिशत से अधिक पोल हुए हैं जबकि आदित्यपुर, सरायकेला जैसे शहरी क्षेत्र में 2019 की तुलना में मतदान कम हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां के बूथों पर 70 फीसदी से अधिक मतदान हुए हैं।



## एक नजर

### थम नहीं रहा भाजपा नेताओं का पार्टी से इस्तीफे का सिलसिला

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग की भाजपा जिला मंत्री पुष्पा तिर्की ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है।भाजपा से इस्तीफा देने वालों का तांता लगा हुआ है।मगर भाजपा जिला संगठन की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही है। हर इस्तीफा देने वाला कार्यकर्ता एक ही आरोप लगा रहा है कि पुराने और समर्पित कार्यकर्ता को ना ही चुनाव कार्य में लगाया जा रहा है और ना ही उसको दल की ओर से सम्मान दिया जा रहा है।इन सबका खामियाजा लोकसभा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ेगा। समर्पित कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा चुनाव में सफलता हासिल करती आई है,मगर लोकसभा के प्रत्याशी और जिला संगठन ना जाने किस दंभ में हैं। लगातार कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा दे रहें हैं। इस्तीफा देने वाले भाजपा नेता अनिल सिन्हा ने कहा कि कार्य कर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं क्या बिना रीढ़ के भाजपा खड़ी रह पाएगी।अब तो बहुत देर हो चुकी है।

### 12वीं साइंस में कृष गर्ग 95 प्रतिशत अंक लाकर बना स्कूल टॉपर

**बरकाकाना।** सीबीएसइ दसवीं बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणाम में एसवीडी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। 12वीं में छात्र कृष गर्ग ने 95.4 प्रतिशत उत्कृष्ट अंकों के साथ विद्यालय के पहले टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। जबकि आदर्श कुमार 92.8 प्रतिशत, कृष्णा प्रिया 87.4 प्रतिशत, सृष्टी कुमारी 83.8 प्रतिशत, शिवम सिंह 83.2 प्रतिशत, आशिया फरहीन 83 प्रतिशत, हिमांशु अग्रवाल 80.4 प्रतिशत, श्लोक अग्रवाल 79.2 प्रतिशत, हर्ष कुमार 78.4 प्रतिशत, आलोक कुमार 74.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप टेन में अपनी जगह बनाई। विद्यालय के कुल 52 छात्र-छात्राओं ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में भाग लिया था।

### 12 वर्षीय बालक सागर की तालाब में डूबने से मौत

बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लगनवां में एक बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शव की शिनाख्त सागर कुमार,12वर्ष पिता संतोष राणा ग्राम लगनवां निवासी के रुप में हुई। परिजनों ने आनन फानन में सागर कुमार को बरकट्ठा अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार की दोपहर करीब 3बजे की हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालक सागर कुमार तालाब में स्नान करने गया था। जहां गहरे पानी में जाने के कारण तालाब में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई।

### एबीवीपी चला रही मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ जिला की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिनमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश के सह मंत्री गौतम कुमार महतो लोकतंत्र के महापर्व में युवाओं की भूमिका विषय पर गांव-गांव में बैठक कर रहे हैं।

# भाकपा उम्मीदवार को मिल रहा है भरपूर समर्थन : मेहता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को पूरा लोकसभा क्षेत्र में भरपूर समर्थन मिल रहा है । हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में पबरा गांव के सैकड़ो पुरुष महिला सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को जोश खरोश के साथ माला पहनकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके बाद बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपूरा कोल ब्लॉक में बीते 12 अप्रैल 2023 से आज तक चल रहे धरना में सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष आज भी धरना स्थल पर मौजूद है। जहां सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को काफी उत्साह के साथ स्वागत किया गया। श्री मेहता ने कहा कि झारखंड में विस्थापन के लिए हमेशा भाकपा लड़ते आई है और लड़ते रहेगी। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद पूरे झारखंड स्तर का विस्थापित आंदोलन किया जाएगा। केंद्र की सरकार केरेडारी, बड़कागांव, टंडवा प्रखंड के दर्जनों पूंजीपति कंपनियों को कॉल ब्लॉक आवंटित कर दिया। जिससे गांव के उपजाऊ, त्रिफसली जमीन को बर्बाद कर दिया गया है। जनता विस्थापित होकर भुखमरी की कगार पर है।

बरकट्ठा में मनोज तिवारी का किया पुतला दहन

# चंद्रवंशी समाज में मनोज तिवारी के विवादित बयान से आक्रोश

**भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में ना कोई चंद्रवंशी को अपना प्रत्याशी बनाया और ना ही प्रदेश में किसी प्रकार का जगह दिया**



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड स्थित डाकडीह में मनोज तिवारी का पुतला दहन किया गया। ज्ञात हो कि 7 मई दिन मंगलवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद सा भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रत्याशी मनोज तिवारी द्वारा चंद्रवंशी (कहार) को अपमानित करने का काम किया था। मनोज तिवारी द्वारा कहार तथा कहरवेन का टिप्पणी करते हुए कहा कि पता है ना चार कहार कब आता है बोलकर पूरे चंद्रवंशी समाज को अपमानित करने का काम किया है। इसी आक्रोश में चंद्रवंशी समाज द्वारा मनोज तिवारी का पुतला दहन किया गया। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रखंड अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने कहा गया कि लोकतंत्र में सभी जातियों का एक समान प्रतिष्ठा है परंतु भाजपा सांसद मनोज तिवारी अपने आप को लोकतंत्र और संविधान से ऊपर समझ रहे है। आखिर क्यों उदहारण देने के लिए भाजपा नेता सब को चंद्रवंशी समाज ही मिलता है क्या चंद्रवंशी समाज इन नेताओ के अपमानित टिप्पणी के लिए है। मनोज तिवारी से पूर्व भाजपा नेत्री उमा भारती तथा अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी के द्वारा भी चंद्रवंशी समाज को अपमानित करने का काम किया है। पूरे देश भर में चंद्रवंशियों की आबादी करोड़ों में है वहीं सिर्फ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश राज्यों में चंद्रवंशी वोटरों की संख्या 1 करोड़ से अधिक है लेकिन फिर भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में ना कोई चंद्रवंशी को अपना प्रत्याशी बनाया और ना ही प्रदेश में किसी प्रकार का जगह दिया। चंद्रवंशी समाज सिर्फ भाजपा का झंडा ढोने के लिए नहीं बना है। मनोज तिवारी देश के सबसे बड़े पार्टी के एक ऊंचे पद पर आसीन होकर भी अपने कुर्सी का लिहाज तक करना नहीं सीखे।

## न्यूज बॉक्स

### सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा में जिले के सेकंड टॉपर बना धैर्य राज



**कटकमदाग ।** प्रखंड के सलगा निवासी शिक्षक जानकी रविदास के पुत्र धैर्य राज ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर हजारीबाग जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ पूरे कटकमदाग प्रखंड का नाम रौशन किया है। धैर्य राज एंजेल हाई स्कूल का छात्र है। उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई कर वे आईआईटीयन बनना चाहते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता व विद्यालय के शिक्षकों को दी है। जिले के द्वितीय टॉपर बनने पर परिवार में खुशी का माहौल है। रिश्तेदार व प्रखंड के गणमान्य लोग उन्हें बधाई व शुभकामना देने घर पर पहुंच रहें है। उसके बड़े भाई अविचल राज 2018 में एंजेल स्कूल से ही जिले में चौथे स्थान प्राप्त किया था। वह नीट परीक्षा 2022 में सफल होकर एम्स से एमबीबीएस कर रहा है। बहन रोमा राज 2022 में ही जेईई मेंस में सफलता प्राप्त कर बीटेक कर रही है। माता पिंटू रानी अडरा पंचायत के दो बार मुखिया रह चुकी हैं पिता वर्तमान में हाई स्कूल डॉड में पदस्थापित हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगल बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाया



**टाटीझरिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगल बाजार टाटीझरिया, बन्हें, केशवडीह, बेड़म, सिझू और कोल्हू गांव में पार्टी प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क कर हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताने की अपील किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किए गए कार्यों को ग्रामीणों को बताया। जनसंपर्क अभियान में मांडू विधानसभा क्षेत्र के संयोजक रंजीत सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, एमके पाठक, संतोष मंडल, राजेश यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, निखिल सिंह, लोकनाथ गोप, विजय ठाकुर, दशरथ प्रजापति, सुखदेव पांडेय, संदीप चौधरी व अन्य शामिल थे।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार ने चलाया सफाई अभियान



**बरकट्ठा।** शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा निर्देशानुसार आखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा डाकडीह में शिव मंदिर प्रांगण एंव गंगा घाट का सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर गायत्री परिवार के शिवशंकर मोदी ने बताया कि यह कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार के दिशा-निर्देश पर पुरे देश में चलाया जा रहा है। मौके पर शिवशंकर मोदी, गोपेश्वर प्रसाद,अजय मोदी, छोटेलाल प्रसाद, नारायण साव, बबीता देवी, गीता देवी, दुलारी देवी, शिला देवी, बसंती देवी,निशा कुमारी, बबीता कुमारी, निधि कुमारी, मीना कुमारी, गायत्री देवी, द्रोपती देवी,देवन्ती देवी कुंती देवी सुधा रानी आस्था कुमारी समेत आदि लोगों ने सफाई कार्यक्रम में योगदान दिया।

### पतरातू डैम के फाटक के निकट नहाने के क्रम में युवक की मौत

**रामगढ़।** पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू डैम के फाटक के समीप नहाने के दौरान एक युवक की डूब जाने से मौत हो गई। डूबता देख वहां मौजूद लोगों ने युवक को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना 15 मई की सुबह 11:30 बजे की है। मृतक युवक की पहचान भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सुंदरनगर निवासी सुमित कुमार 32 वर्ष पिता बिशुन साव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है की सुमित अपनी दो भतीजी के साथ पतरातू डैम घूमनेक के लिए गया था। इसी दौरान वह पंचबहिनी मंदिर के निकट डैम के फाटक के निकट पानी में वह नहाने के लिए गया। जैसे ही वह पानी में गया उपर नही आ पाया। इस पर उसकी भतीजियों ने शोर मचाया। जिसके बाद आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों ने सुमित को बाहन निकालकर पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता ने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। जिसे रामगढ़ सदर अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### कार ने महिला को लिया चपेट में, तोड़ा दम




**बरकट्ठा।** बरकट्ठा- बरही मार्ग के बीच ग्राम घंघरी के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई।मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि रात लगभग 10 बजे के करीब सड़क पार करने के दौरान हुई। बरही की ओर से आ रही हुंडई कार नंबर जेएच 02 बीई 7696 ने ग्राम कुलगुदा कोडरमा निवासी सरस्वती देवी 50 वर्ष पति कारु सिंह को अपने चपेट में ले लिया। जिसे बरकट्ठा अस्पताल से चिकित्सक ने गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। जिसकी हजारीबाग पहुंचने से पहले बीच रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला सोनापहरी बगोदर से पूजा कर अपनी बेटी के घर ग्राम चंलंगा बरसोत लौट रही थी। घंघरी में रुकने के बाद वह कुछ समान खरीदारी करने के लिए सड़क पार कर रही थी बरकट्ठा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। जबकि हुंडई कार को जप्त कर थाना ले गई है।

ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में मातृत्व दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

# बच्चों में माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना जागृत करें : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** बुधवार को पीडबल्यूडी चौक स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मातृत्व दिवस एवं मतदान जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष दीपेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार, परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार के साथ विभिन्न विभाग के शिक्षक उपस्थित थे। अपने संबोधन में निदेशक विनय कुमार ने कहा कि हाल ही में देश में मातृत्व दिवस मनाया जो की हमारी सभ्यता संस्कृति में थी ही नहीं लेकिन आज नैतिकता के अभाव में समाज में लोग अपने भगवान स्वरूप मां पिताजी को घर से बेघर कर रहे हैं, यही कारण है कि आज छोटे शहरों में भी वृद्ध आश्रम की संख्या बढ़ती जा रही है। अब जरूरत है कि बच्चों में माता-पिता के प्रति समर्पण की भावना जागृत की जाए तभी समाज का कल्याण होगा। प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि आज हमारा समाज पाश्चात्य संस्कृति से बहुत अधिक प्रभावित होता जा रहा है हमारी अपनी भारतीय सभ्यता संस्कृति में मां और पिताजी को भगवान का दर्जा दिया जाता था और आज यही चीज बच्चों को अनुकरण करने की जरूरत है। इसी अवसर पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकेतर कर्मियों के साथ बच्चों को शपथ दिलाया की आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग निष्पक्ष भाव से मतदान करेंगे।

# मतदान दिवस को यादगार बनाने की तैयारी में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकतंत्र का महापर्व 20 मई को मतदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।इस अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने कहा कि आप सभी को 20 मई को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान तो करना ही है साथ ही मतदान के पश्चात जलपान करके रक्तदान भी करना है ,जिससे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के चेहरे पर मुस्कान आ सके। लोगों के मन में यह भ्रांति है की रक्तदान करने से कमजोरी आती है, यह पूर्णतः भ्रम है,रक्तदान करने पर किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं रहती साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है साथ हीं हम कई तरह की बीमारियों से बचते हैं। मैंने स्वयं 92 बार रक्तदान किया मुझे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं ,मैं अब तक कोई दवा नहीं लेता, पूर्ण रूप से स्वास्थ्य हू ।उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से इस लोकतंत्र के पर्व के अवसर पर मतदान तथा रक्तदान करके, इस दिन को यादगार करने की अपील की।

कायस्थ महापरिवार की बैठक आयोजित

# भाजपा ने संजय श्रीवास्तव को जिला प्रभारी बनाकर मान बढ़ाया : मुन्ना



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** कायस्थ महापरिवार की एक अहम बैठक 15 मई को शहर के होतवल ला मैरिटल के सभागार में संध्या 3 बजे जिला उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुन्ना श्रीवास्तव ने कहा कि बैठक में कायस्थ महारिवार रामगढ़ जिला के सदस्य उपस्थित हुए हैं। इसमें कायस्थ समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक स्तर पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुन्ना श्रीवास्तव ने कहा कि आज झारखंड प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में हमारे कायस्थ परिवार के संजय श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया है। इससे श्रीवास्तव को प्रभारी बनाकर मान बढ़ाया है। वहीं, कांग्रेस ने यहां अपना चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर को बनाया है जिससे कांग्रेस की मानसिकता साफ झलकती है।

आईसेक्ट विवि में टेकफेस्ट का हुआ भव्य समापन

# विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से टेकफेस्ट का समापन, कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बता दें कि टेकफेस्ट कार्यक्रम के तहत कोडिंग, पोस्टर डिजाइन व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें कई विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक प्रदर्शनी लगाई। इन प्रदर्शनी में तकनीक कौशल के कई उदाहरण देखने को मिले। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय की हमेशा कोशिश रही है कि यहां के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों को लेकर फ्रेंडली बनाया जाए। ऐसे में टेकफेस्ट जैसे आयोजन महत्वपूर्ण है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि सीएस एंड आईटी विभाग की यह पहल सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्रिएटिव हाई स्कूल, जेआरबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सपोर्ट पब्लिक स्कूल, अमृत नगर हाई स्कूल, ज्ञान भारती हाई स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, इंटर साइंस कॉलेज, बियोंस प्राइवेट लिमिटेड, संत कोलंबा महाविद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मॉडल स्कूल बगोदर, प्लस टू गुलशन स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसवी पटेल कॉलेज, अन्नदा कॉलेज, केबी विमेंस कॉलेज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय सहित कई स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि दरअसल इस कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के प्रतिभागियों को शामिल कराने का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से वाबस्ता कराने के साथ साथ नए-नए विचार के लिए प्रोत्साहित करना था। बताते चलें कि इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

अर्थशास्त्र विभाग में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

# हमारे समाज में अर्थशास्त्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : नवीन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग में 15 मई को विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें स्नातक एवं स्नाकोत्तर के सफल छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि हमारे समाज में अर्थशास्त्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा इसका योगदान देश के सतत विकास के लिए जरूरी है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी सफल विधार्थियों को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना की। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहनी चाहिए , इससे बच्चों में विकास और प्रेरणा बढ़ता हैं। जिससे विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रेषित होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार मिश्रा, पवन कुमार महतो, डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ. कौशल महतो, डॉ. धीरज कुशवाहा एवं डॉ. रवि रंजन ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जयप्रकाश भाई पटेल ने डाड़ी प्रखंड के गांवों में किया जनसंपर्क

**गिद्दी।** हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को डाड़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर वोट मांगा। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल बुधवार को डाड़ी प्रखंड के बलसगरा, पटरंगी, हुवाग चैनपुर, कलुवाबेड़ा, खपिया, रिकवा, चूल्हाबेड़ा, मिश्राइनमोढ़ा, वाशरी कॉलोनी में सघन जनसपंर्क अभियान चला कर मतदाताओं से हाथ छाप पर मुहर लगाकर विजयी बनाने की अपील किया। जेपी पटेल ने कहा चुनाव जीत कर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करके दिखाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, कुमेश्वर महतो, राकेश सिंह, शशिभुषण सिंह, सेवालाल महतो, गुलचंद महतो, प्रितलाल महतो, अजीत प्रजापति, कौलेश्वर प्रजापति, गुलाम मुस्तफा, इरफान खान, पिंकू देवी, दीपा देवी, अनिता देवी, मंगलदेव महतो, नंदकुमार महतो सहित इंडिया गठबंधन के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निखिल कुमार बने सीबीएसई 12वीं के कला संकाय के संयुक्त राष्ट्रीय टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता ।हजारीबाग** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में एंजल्स हाई स्कूल के कला संकाय में निखिल कुमार ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से नेशनल टॉपर बने हैं। निखिल ने यह उपलब्धि दो अन्य प्रतिभावान छात्रों के साथ साझा की है। निखिल कुमार ने यह उपलब्धि एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा की सुरभि मित्तल और लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी कोलकाता की वंशिका कोठारी के साथ साझा की है। तीनों प्रतिभाशाली छात्रों ने सीबीएसई 12वीं कला वर्ग बोर्ड परीक्षा 2024 में समान रूप से 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। यह उपलब्धि एंजल्स हाई स्कूल की निरंतर प्रगति का प्रमाण है। 2008 में स्थापित इस विद्यालय ने महज कुछ ही वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। स्कूल का पहला बैच वर्ष 2015 में 10वीं बोर्ड और 2017 में 12वीं की परीक्षा में शामिल हुआ था। इसके बाद से विद्यालय लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विद्यालय के छात्र ने न केवल जिला व राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना परचम लहराया है। हर्ष वैभव ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं में जिला टॉपर का खिताब अपने नाम किया है। साथ हीं सनी कुमार विश्वकर्मा ने विज्ञान संकाय मे 97.4 व आलोक कुमार ने वाणिज्य संकाय मे 97.2 प्रतिशत अंक लाकर जिला टापर बने हैं।

## एक नजर

### मीडिया कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से पहली बार डाले वोट

**कोडरमा।** विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने बुधवार को अपना मताधिकार का प्रयोग करते हुए पहली बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट किया। एपीआरओ अविनाश कुमार ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया और अपील की कि उक्त तिथि को अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें। इसके अलावा आवश्यक सेवाओं से जुड़े पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर-श्री में कई होम गार्ड और जिला बल के सिपाहियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ के साथ स्वयं सहायता समूह की दीदियों को लगाएं और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान के दिन 20 मई को मतदाता अपने घरों से निकलें और मतदान अवश्य करें। उन्होंने वोटरों से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील की।

### अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने मजदूरों के साथ की बैठक

**डोमचांच।** नगर पंचायत स्थित दक्षिणी पंचायत भवन में अर्थशास्त्री सह मनरेगा और राइट टू फूड नीति बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले ज्यां द्रेज ने नगर पंचायत के मजदूरों के साथ बैठक की। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने मजदूरों से उनसे कार्य करवाने की समय और क्या- क्या परेशानी हो रही,इस पर जानकारी ली। उन्होंने मजदूरों को बिना डर के कार्य करने की बात कही। इस बार कोडरमा लोकसभा से माले उम्मीदचार विनोद सिंह के पक्ष में वोट की अपील किया। उन्होंने कहा कि लोगों के सामाजिक और आर्थिक अधिकार के लिए 25 साल से संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि माले के सभी कार्यकर्ता हमेशा गरीबों और मजदूरों के लिए हमलोग की तरह ही लड़ाई लड़ते आ रहे हैं।

### बिना सूचना कोडरमा गौशाला मैदान में मवेशी छोड़े जाने की निंदा

**झुमरी तिलैया।** श्री कोडरमा गौशाला समिति के सचिव ओम प्रकाश खेतान ने तिलैया थाना द्वारा बिना सूचना के 8 मई की रात्रि भैंस व गाय के 41 बच्चे गौशाल के बाहर मैदान छोड़ कर चले जाने की निंदा की है। इस संबंध में उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नियम तहत अध्यक्ष सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोडरमा का आदेश पत्र, डॉक्टर का मेडिकल अनिवार्य हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति यह है कि अगर जब्त किये गये मवेशी में किसी प्रकार की छूआछूत, खुरहा आदि बीमारी हो तो इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

# वन विभाग ने जंगली हाथियों से बचाव के लिए जारी किया हमार हाथी नामक ऐप




### ऐप झारखंड वन विभाग के एलीफेंट ट्रैकिंग डाटा के साथ टैग किया गया है

वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से लोग डाउनलोड कर सकेंगे, डाउनलोड करने के बाद लोग उसे रजिस्टर करेंगे और उसके बाद उसे पर गूगल लोकेशन के आधार पर हाथियों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी पता चलेगी। इन्होंने बताया कि यह एप्लीकेशन झारखंड वन विभाग के एलीफेंट ट्रैकिंग डाटा के साथ टैग किया गया है जिससे कि लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके।

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिले में लगातार 2004 के बाद से जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, पहले इस क्षेत्र में हाथियों का आवागमन होता था तो महज कुछ दिनों तक इस क्षेत्र में जानवर का नुकसान करने के बाद दूसरे क्षेत्रों में चले जाते थे। लेकिन अब जंगली हाथियों का जो समस्या है वह हमेशा के लिए इस क्षेत्र के लिए हो गया क्योंकि जंगली हाथी अब हमेशा के लिए इस क्षेत्र में रहने लगे और यहां के जंगलों में अपने भोजन की तलाश तथा आसपास के गांव को निशाना बनाकर लोगों के जान माल को नुकसान करते हैं। वर्तमान समय में जंगली हाथियों के बचाव के लिए वन विभाग गंभीर है और इसके लिए उन्होंने डिजिटल टेक्नोलॉजी की दुनिया में आईटी का प्रयोग किया जा रहा है बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्ज्वल ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथियों से बचाव के लिए वन विभाग द्वारा हमार हाथी नामक एप्लीकेशन बनवाई है जिसके माध्यम से लोग इसे डाउनलोड कर अपने क्षेत्र के 20 किलोमीटर के क्षेत्रफल में जंगली हाथियों की संख्या और कहां पर वर्तमान समय में हाथियों का विचारण की स्थिति जान सकेंगे, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि हाथी अगर नजदीक आते हैं तो मोबाइल द्वारा उन्हें एप्लीकेशन से अलर्ट कर दी जाएगी जिससे कि लोगों के जान माल का नुकसान होने से बच सकेगा।

### बिजली चोरी के खिलाफ सख्त हुआ विद्युत विभाग

**बरही ।** विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग लगातार छापामारी अभियान चलाकर प्राथमिक की दर्ज करने का काम कर रही है. बुधवार को कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद की टीम ने बरही के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी किया. इस दौरान धनबाद रोड स्थित पूजा इंटरनेशनल होटल के संचालक सीताराम केसरी, गया रोड स्थित राजू केसरी पिता रामचंद्र केसरी, विजैया के आशीष मोदी पिता भिखलाल मोदी को अवैध रूप से विद्युत चोरी करते पकड़ा गया. कनीय अभियंता ने बताया कि पूजा इंटरनेशनल होटल में 10 केवीए और राजू केसरी के 3 केवीए का कनेक्शन है. जो मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी कर रहे थे. जिनके ऊपर क्रमशः 2,66,998 रुपए तथा 75, 884 की क्षतिपूर्ति के साथ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है. एसडीओ (ई) सत्यदेव प्रसाद ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर विभाग सख्त है. कोई भी उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत उपयोग करते पाए गए तो सख्त कारवाई की जायेगी.

### चैनगडा में सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग घायल, रिम्स रेफर, चालक फरार

**रामगढ़ ।** भदनीनगर ओपी क्षेत्र के चैनगडा में बुधवार को सड़क पार करने के क्रम में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। बुजुर्ग को बरकाकाना में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चैनगडा निवासी फेकन महतो पैदल सड़क पार कर रहे थें। इसी क्रम में वे जेएच 02 एम 8052 नंबर की वैगनआर कार की चपेट में आ गए। दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोट लगी है। दुर्घटना के बाद घायल बुजुर्ग को सीसीएल अस्पताल बरकाकाना घुटुवा पहुंचाकर वाहन चालक फरार हो गया। डॉक्टर ने बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं जानकारी के बाद घायल फेकन महतो का भतीजा अरुण महतो ने भदानीनगर ओपी में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# विश्वास व एकता का प्रतीक होता है गिरजाघर : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पाकरटांड के करजीटांड मण्डली में नवनिर्मित गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। खीस्त सालोम नामक गिरजाघर का पवित्र संस्कार सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तार कुजूर की अगुवाई में सम्पन्न हुए। मौके पर बिशप की अगुवाई में मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। इसके बाद पवित्र आशीष जल का गिरजाघर में छिड़काव किया गया। बिशप का सहयोग पादरी जस्टिन एक्का, पादरी पीटर खाखा,पादरी चंबीतास बिलोकन एक्का,पादरी एडवर्ड लकड़ा,पादरी सोनी एक्का,पादरी जकरियस मिंज ने किया। कार्यक्रम में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी शामिल हुए। विधायक ने नए गिरजाघर के पवित्र संस्कार कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गिरजाघर विश्वास, आस्था एवं एकता का प्रतीक है,जो ईश्वर एवं इंसान को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्माण कार्य आसान नहीं होता। उसके लिए योजना, परिश्रम, आपसी तालमेल और समझदारी की आवश्यकता होती है। प्रभु का मंदिर सबके लिए खुला रहना चाहिए। जिसकी कृपा इस मंदिर में पाएंगे, उसकी झलक जीवन में दिखनी चाहिए। विधायक ने कालिसिया व मंडली को संगठित रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह बुंद - बुंद से घड़ा भरता है। उसी तरह नए गिरजाघर को यहां के लोगों को सजाने व संवारने के लिए प्रयास करना होगा।

### परमपिता परमेश्वर सभी लोगों पर अपनी कृपा बरसाएं : बिशप निस्तार कुजूर

अपने संदेश में बिशप निस्तार कुजूर ने कहा कि यीशु मसीह ने सब को यह संदेश दिया है की दुश्मन को प्यार करो। जुल्म करने वालों पर अच्छा करने की प्रार्थना करो। निस्वार्थ भावना से किसी की भी सेवा करने पर मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि परमपिता परमेश्वर सभी लोगों पर अपनी कृपा बरसाय। हम सबको अपने पापों के लिए क्षमा करें। उन्होंने गिरजाघर की पवित्रता को बनाये रखने एवं यीशु मसीह के संदेशों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की अपील की।

### बूथ एजेंट के घायल बेटे का विधायक ने जाना हाल, कहा

# लोकतंत्र में सब स्वतंत्र, जिसे चाहें मत दें



**नवीन मेल संवाददाता सिमडेगा**
खुंटी लोकसभा चुनाव 13 मई को हुए मतदान के दिन कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत बूथ एजेंट सुशील एक्का के पुत्र निरोज एक्का को झारखण्ड पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिस बेरहमी से मार पीट किया गया। जिससे निरोज एक्का की हालत गंभीर हो गई।उक्त मामला का जानकारी मिलते ही कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचे और डाक्टरों से सही ईलाज हेतु कहे, किन्तु मरीज की हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उच्च स्तरीय ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। तत्पश्चात कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी रांची रिम्स पहुंच कर वहां मरीज और उनके परिजनों से मुलाकात किए। विधायक ने रिम्स के अधीक्षक से मिलकर बेहतर ईलाज के लिए कहा। रिम्स अधीक्षक ने विधायक को आश्वस्त किया कि मरीज को अच्छी से अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने इस कृत्य पर कहा कि जो भी हुआ वो सही नहीं हुआ। क्योंकि लोकतंत्र में सब स्वतंत्र है जिसे चाहे अपना मत दे, किन्तु ये कृत्य दशार्ता है कि वो लोग जिन्होंने इसे अंजाम दिया वो तानाशाही रवैया अपना रहा है ये गलत है। वैसे लोगों पर कानून सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए।अगर इस पर उचित कदम नहीं उठाया गया तो कानून तोड़ने वाले का मनोबल बढ़ता जाएगा विधायक ने परिवार वालों को कहा कि धैर्य रखिए पुलिस प्रशासन इस पर उचित कार्रवाई करेंगे।

# सामाजिक नेतृत्वकर्ताओं को शारीरिक शिक्षा के बारे में दिया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बुधवार को विकास केंद्र, सामटोली के सभा भवन सिमडेगा में सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ को एक दिवसीय शारीरिक शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण संस्था साख फाउंडेशन एवं ईएलएमएस सपोर्ट फाउंडेशन के संयुक्त माध्यम से आयोजन किया गया जिसमें सिमडेगा, पाकरटांड एवं ठेठइटांगर के 24 सामाजिक नेतृत्वकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वंही प्रशिक्षण में साख फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिन्हा एवं डोलन सिंह ने परियोजना छलांग के माध्यम से चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा की सामाजिक कार्यकर्ता स्कूल गर्मी छुट्टियों में एक माह के लिए परियोजना छलांग में चल रहे कार्यक्रमों को खेलकूद के साथ - साथ गांव स्तर में बच्चों को उनका पढ़ाई पर ध्यान देंगे और गांव स्तर में इसका पहल कराएंगे। इस कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से 38 गेम के बारे में चर्चा किया गया साथ ही प्लेग्राउंड में सभी को ले जाया गया, जहां छलांग के ए.फसी निर्मल सिंह, मिना, सुदर्शन सिंह एवं सुरज के द्वारा सामाजिक कार्यकताओं को ट्रेफिक रन, स्टील द ट्रेजरर, बिल्ड एंड बुल्डोजर, डोज हैंड बॉल, लेट्स डु द एडीसन, ट्रेजरर हंट पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गइ एवं खिलवाया गया।

### करियातपुर में केशरवानी समाज की हुई बैठक

# मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान करने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
लोकसभा चुनाव को लेकर करियातपुर में केशरवानी समाज की सामूहिक बैठक हुई। जिसमें तीनों पंचायत अध्यक्ष सहित कई सदस्य उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता संतोष केशरी व संचालन कैलाश केशरी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से केशरवानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भगवान केशरी, महामंत्री महेंद्र केशरी, नगर अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी राजेश केशरी उर्फ मेवालाल उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति बना कि हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी सह भाजपा सदर विधायक मनीष जायसवाल को भारी बहुमत से अपने बूथों से विजय बनाना है। बैठक में तीनो पंचायत के अध्यक्ष में ओम प्रकाश केशरी, अनिल केशरी, कैलाश प्रसाद केशरी, अनिल केशरी, संतोष केशरी, सीताराम केशरी, ईश्वरी केशरी, नरेश प्रसाद केशरी, पवन केशरी, दीपक केशरी, आलोक केशरी, संतोष केशरी, प्रमोद केशरी, भीम केशरी, दिनेश केशरी, संजय प्रसाद केशरी सहित केशरवानी समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरही अनुमंडल के चार प्रखंड में कुल 3,32,135 मतदाता, 1 थर्ड जेंडर भी शामिल

# जिला में बीस लाख से ऊपर हैं मतदाता ढाई लाख नए मतदाताओं की हुई है एंट्री



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बरही अनुमंडल से कुल 3,32,135 मतदाता अपने संसदीय क्षेत्र के 17 उमीदावारो के लिए मतदान करेंगे. इसमें 1,71,049 पुरुष और 1,61,085 महिला मतदाता शामिल हैं. जिसमे एक थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं. अनुमंडल निवार्ची कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 18वीं लोस चुनाव के लिए चौपारण ब्लॉक में कुल 1,3,711 मतदाता हैं. जिनमे 71,066 पुरुष और 65,645 महिला मतदाता शामिल हैं. वही चंदवारा प्रखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 43,892 है जिसमे 22451 पुरुष और 21441 महिला मतदाता शामिल हैं. जबकि पद्मा प्रखंड से 22,956 पुरुष और 22,221 महिला तथा एक थर्ड जेंडर मिलाकर कुल 45,178 मतदाता अपना मतदान करेगे. जानकारी के अनुसार बरही प्रखंड में 1,06,354 मतदाता है जिसमे पुरुषो की संख्या 54,576 तथा महिलाओ की संख्या 51,778 है. अनुमंडल के चारो प्रखंड में पुरुषो की तुलना में मात्र 9964 महिलाएं ही कम हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में 2019 की तुलना में इस बार कुल 2,39, 640 नए मतदाताओं की एंट्री हुई है. 2019 में के लोकसभा चुनाव में 1,66, 6,640 मतदाता थे. जिनमे 8,84, 348 पुरुष मतदाता और 7,80,116 महिला मतदाता शामिल थें. जो 2024 के लोकसभा चुनाव में बढ़कर कुल 19,04,116 मतदाता हो चुके हैं. इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या 1,31,653 और पुरुष मतदाताओं में 84643 की बढ़ोतरी हुई है. इस प्रकार पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 9,68,991 और महिला मतदाताओं की संख्या में 1,31, 653 हो गए है. जिले में कुल 31 थर्ड जेंडर मतदाता भी चिंहित किए गए हैं. वहीं 3325 सेवा मतदाताओं को भी चिंहित किया गया है. वही 2019 के लोकसभा चुनाव के परिणामों पर नजर डाला जाए तो 16 उम्मीदवारों ने कुल 10,79, 155 मतदाताओं ने ईवीएम से और 1774 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट का उपयोग किया था. उक्त मतदान में नोटा को भी 7524 वोट मिले थे.

### 2019 में कुल 10,79,155 मतदाताओं ने ईवीएम से और 1774 ने पोस्टल बैलेट से किया था मतदान, नोटा को मिले थे 7524 वोट

## न्यूज | बॉक्स

### संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बानो का सीबीएसई बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



बानो। प्रखंड मुख्यालय स्थित संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बानो से इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड द्वारा मैट्रिक की परीक्षा अच्छी रही ।विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी सफल विद्यार्थियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।मौके पर प्रिंसिपल फ्रांसिस टेटे सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमें खुशी हुई कि विद्यालय के बच्चे अच्छे अंकों से सफल रहा ।आपने हमारे विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया । आगे भी अच्छी तरह पढ़ाई कर अपने को समर्थ बनाये । आज बानो में प्लस टू व डिग्री की कॉलेज खुल गया है।आगे की पढ़ाई जरूर करें, और अपने जीवन को बेहतर बनाये । पूर्व में भी विद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर कई बड़ी पदों पर नौकरी कर रहे है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से ओडिशा निवासी युवक घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**सिमडेगा।** सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन के धक्के से उड़ीसा के बरगढ़ जिला के खरसाल निवासी त्रिलोचन पटेल नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल एंबुलेंस के द्वारा लाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। घटना के संबंध में बताया गया कि युवक किसी काम को लेकर सिमडेगा में आया था और इसी दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आया और उसके हाथ पैर सहित कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी और बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में होने की वजह से युवक कुछ नहीं बता पाया बाद में राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से युवक को जब होश आया तब उससे बात की तब उसने अपना नाम पता बताया तब जाकर उसके परिजनों को सूचना दी, सूचना मिलने पर परिजन उड़ीसा से घायल त्रिलोचन की हाल-चाल जानने के लिए सिमडेगा पहुंचे वही बताया गया की घटना की वजह से उसके पर एवं हाथ टूट गए हैं जिसे बेहतर इलाज के लिए परिजन अपने साथ उड़ीसा ले गए ।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक गिरकर घायल, सदर अस्पताल में भर्ती



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पितृ के गोंडा के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में बुधवार को पिथरा चेचकचेला नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर लोगों को जब नजर पड़ी तब उन्होंने तत्काल इसकी सूचना एंबुलेंस को दी और एंबुलेंस के माध्यम से घायल को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है ।घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वह किसी काम को लेकर सिमडेगा आया था और लौट रहा था इसी दौरान अचानक अपने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खोकर गिरा और हेलमेट नहीं होने की वजह से उसके माथे तथा हाथ में चोट लगी ।इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में चिकित्सकों के निगरानी में उसकी इलाज चल रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा तेज, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा का नाम सुर्खियों में



**सिमडेगा।** खूंटी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया जहां पर अगर वोटिंग परसेंटेज की बात करें तो 65 प्रतिशत मिला और वोटरों में उत्साह भी देखने को मिला। लेकिन कहीं ना कहीं जो वर्तमान माहौल दिख रही है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है और इस बार कहीं ना कहीं कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का पक्ष मजबूत दिखाई पड़ रहा है। पिछले बार जीत का आंकड़ा महज 1445 वोटो का था जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी और भी मजबूती के साथ क्षेत्र में चुनाव लड़ी है तुम्हारी दूसरी और भाजपा ने भी जीत्तौड़ मेहनत किया है ।सिमडेगा क्रिश्चियन बहुल क्षेत्र है जो खुलकर एवं जमकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया,इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगो के बारे में क्या ही कहना है उनका तो एक विचारधारा मोदी हटाओ के पक्ष में अपना मताधिकार का प्रयोग किया वहीं दूसरी और अगर हम बात करें भाजपा को तो ओबीसी समुदाय जो एक दिन पहले तक नोटा बटन को दबाने की बात कर रहे थे ,हालांकि वह सफल हासिल नहीं होगा लेकिन फिर भी उसका इंपैक्ट मैसेज जा रहा था, लेकिन सभी लोगों ने मोदी जी के नाम पर ना कि अर्जुन मुंडा के काम पर अपना मत को एक मुस्त दे दिया ,तो कुल मिलाकर यहां पर वोटो का भी खराब नहीं हुआ और मुस्लिम क्रिस्चन एवं ईसाई मुंडा छोड़ कर सभी ने भाजपा को वोट किया। वहीं अब हम बात करते हैं खूंटी क्षेत्र में जहां पर वोटिंग परसेंटेज पिछला चुनाव का लगातार भाजपा में चिंता थी और इसे समेटने के लिए स्टार प्रचारक में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेंटर सिसई में एवं खूंटी अमित शाह हो सभा कर अपने अस्तर से वोटो के बिखराव को रोकने का प्रयास किया और कुछ हद तक इस पर सफलता मिली हालांकि मुंडा समुदाय के द्वारा उपाहोह की स्थिति में यहां पर वोटो का बिखराव हुआ। और भाजपा कांग्रेस दोनों को वोट पड़े। तोरपा की भी कहानी उसी प्रकार है शहरी क्षेत्र का वोट का भी खराब नहीं हुआ तो नहीं ग्रामीण क्षेत्र के भी कैडर वोटो का जमकर वोट पड़े। तमाड़ खरसावां कि अगर हम बात वहां की राजनीति पहले की अपेक्षा पूरी तरह से बदल चुकी है पिछले दिनों कुर्मी समुदाय के लोगों में भाजपा सरकार के प्रति नाराजगी थी, उनकी मांग एसटी का दर्जा वह मांग लंबे समय तक चला और इसकी नाराजगी दूर नहीं हो पाई। की अंतिम समय में कहते हैं कि उनके नराजगी को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया और कुछ हद तक दूर किया भी गया, लेकिन इसका कुछ ज्यादा असर देखने को नहीं मिला कुछ हद तक इसकी स्थिति सुधर हुई है ।बरहाल क्षेत्र में भी वोटो का बिखरा हुआ और कालीचरण मुंडा और भाजपा के अर्जुन मुंडा दोनों को वोट पड़े।

## एक नजर

### बिरसानगर में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी, दो अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी कर अवैध शराब जब्त कर रही है। इसी अभियान के तहत बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर विभाग ने बिरसानगर थाना क्षेत्र के नूतनडीह और मनपीटा में अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय दुखु महतो द्वारा संचलैत दो अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठीयों पर छापेमारी की गयी जिसमें मिट्टी में गाड़कर रखे ड्रमों में संचित जावा-महुआ कुल 14 हजार किलोग्राम तथा प्लास्टिक के बड़े थैलों में रखे तैयार अवैध चुलाई शराब कुल 100 लीटर को घटनास्थल से बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है। इस अभियान में निरीक्षक उत्पाद प्रेम प्रकाश उराँव, रामदास भगत, अवर निरीक्षक ओम प्रकाश, प्रभारी अवर निरीक्षक रामदेव पासवान सहित प्रतिनियुक्त उत्पाद सिपाही शामिल रहे।

### बालाजी कृष्णा इंजिटेक कंपनी में लगी आग, सात कर्मचारी झुलसे

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया के फेज 6 स्थित बालाजी कृष्णा इंजीटेक में बुधवार की शाम अचानक आग लग गई। आग लगने से कंपनी में काम कर रहे करीब सात मजदूर बुरी तरह से झुलस गए हैं। सभी मजदूरों को टीएमएच ले जाया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। आग बुझाने के लिए झारखंड अग्निशमन विभाग का एक दमकल मौके पर पहुंचा है और आग पर काबू का प्रयास कर रहा है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग कैसे लगी फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार कंपनी के हीट ट्रीटमेंट मशीन में तेल डालने के दौरान अचानक चिंगारी भड़की और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी जद में कंपनी में काम कर रहे सात मजदूर आ गए। वहीं इस अगलगी से कंपनी को भी भारी नुकसान होने का अनुमान है। कंपनी के अकाउंटेंट ने बताया कि हीट ट्रीटमेंट मशीन में तेल डालने के दौरान यह हादसा हुआ है सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

### चिरकुंडा चेकपोस्ट पर जांच के दौरान कार से 1.15 लाख बरामद

**मैथन।** झारखंड के पहले चरण का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। वहीं राज्य में दूसरे चरण का चुनाव 20 मई को है। इस चुनाव को भी निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर चेक पोस्ट पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्थर जांच दल (एसएसटी टीम) ने झारखंड-बंगाल सीमा के चिरकुंडा (बराकर) चेकपोस्ट पर मंगलवार की रात वाहन जांच के दौरान दो वाहनों से कुल 1.15 लाख बरामद किये। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एसएसटी टीम ने कैश जब्त कर लिया। चिरकुंडा पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बोर्डर पर वाहनों की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की रात पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी शमशेर खान के कार से 60,000 और बिहार के सासाराम निवासी धीरज कुमार के कार से 55,900 जब्त किये। दोनों ने कार से बरामद कैश के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दिये और न ही कोई कागजात पेश किये।

### अनियंत्रित होकर डीजल टैंकर पलटा, डीजल चोरी करने में जुटे ग्रामीण

**आदित्यपुर।** गम्हरिया थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड गेट के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन डीजल टैंकर अहले सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जिससे कुछ देर तक वहां अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि डीजल पिकअप वैन टैंकर गम्हरिया से कांड्रा की ओर जा रहा था, तभी अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। वाहन चालक ने अन्य लोगों को सूचित किया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे लोग सड़क किनारे पलटे डीजल टैंकर को हटाने के प्रयास में जुट गए हैं।

# माइक्रो प्लान तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे : उपायुक्त

## वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने वयस्क बीसीजी टीकाकरण से जुड़े निम्न बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पूर्व में टीवी हुई हो, टीवी संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों ( परिवार वाले, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता), 60 वर्ष और उसे अधिक के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी (स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग) को निर्देश देते हुए कहा है कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण 31 मई तक किया जाना है जिसमें सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जून के प्रथम सप्ताह तक प्रखंड स्तर पर सभी प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना है, तीसरी सप्ताह तक सर्वे एवम चौथी सप्ताह तक माइक्रोप्लान पूरा कर लेना है जिससे दिनांक 01.07.2024 से वयस्क बीसीजी टीकाकरण शुरू किया जा सके। अर्थात जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर में सफल पूर्वक टीकाकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर माइक्रोप्लान बनाने में सपोर्ट करेंगे। समाज कल्याण विभाग संबंधित आंकड़े उपलब्ध कराएंगे एवम जिन क्षेत्र में सहिया नही है वहां सेविका सहयोग करेंगी। उपायुक्त द्वारा प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम का प्रचार - प्रसार अधिक से अधिक करने हेतु आदेश दिए गए, साथ ही कुपोषण उपचार केंद्र, सदर अस्पताल में आवश्यक सामग्री, ब्लड बैंक/ब्लड डोनेशन कैंप, आरआई एवम इलेक्शन से संबंधित समीक्षा की गई। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन गिरीडीह, डीआरसीएचओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डाटा पर्सन, सभी बीटीटी, सीडीपीओ, एलएस, हल्ड एवम स्वयं सेवी संस्था के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### बागबेड़ा फायरिंग मामले में छह युवक भेजे गए जेल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा में विजय उर्फ मोनू पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने बीते दिनों मुख्य साजिशकर्ता कन्हैया सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर, मोनू पर फायरिंग करने वाले मो. चांद और नीरज दुबे समेत उलीडीह में गुड्डू पांडे के घर पर भी फायरिंग करने वाले सिंटू सिंह, डेविड टोप्पो, सुनील रजक और ब्रजेश कुमार पांडेय भी पुलिस के हत्थे चढ़े है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक रिपीटर बंदूक, चार देसी पिस्टल एक देसी कट्टा, और कुल 102 राउंड गोली भी बरामद की है। बुधवार को सभी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी कोलकाता में छिपे हुए है इसके बाद डीएसपी भोला प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बमपा प्रत्याशी शेख अखरुद्दीन ने जारी किया घोषणा पत्र



**घाटशिला।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन महा पार्टी (बमपा) के प्रत्याशी घाटशिला फूलपाल निवासी शेख अखरुद्दीन ने बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर की केबल कंपनी धालभूमगढ़ का स्लीपर फैक्ट्री एवं मुसाबनी मांइस एवं घाटशिला में बंद पड़ी एचसीएल/आईसीसी कंपनी को खोलने का काम किया जाएगा ताकि यहां के बेरोजगारों को अस्थाई रोजगार उपलब्ध हो सके चुनाव परिणाम के 6 माह के बाद धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का काम शुरू करना प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ बंद पड़े उर्दू बांग्ला विद्यालयों को खुलवाने की दिशा में पहल की जाएगी साथ ही साथ अन्य कई जन समस्याओं को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है उन्होंने कहा कि महा गठबंधन हो या बीजेपी पूरे झारखंड में एक भी मुस्लिम समुदाय के लोग को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इसका जवाब मुस्लिम समाज वोट के माध्यम से देगी। इस मौके पर शेख अफरोज एवं शेख मेहमुद उपस्थित थे।

### विधायक रामदास सोरेन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए शामिल



**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड अन्तर्गत बांकी पंचायत के चाकदोहा गांव में बुधवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक रामदास सोरेन अपने कार्यकर्ता तथा समर्थकों के साथ शामिल हुए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ड्रामा का यह विधा भी संस्कृति का ही प्रतिविम्ब है। इसे हर हाल में बचाना होगा। गांव में अपनी संस्कृति एवं सभ्यता एक धरोहर के रूप में है इस तरह के आयोजन से युवा वर्ग अपनी संस्कृति से जुड़ सकते हैं। साथ हम सभी को वर्तमान परिस्थिति में लोकसभा चुनाव के रूप में एक चुनौती है उसे भी स्वीकार करना होगा तथा जल जंगल जमीन के संघर्ष से जुड़ा हुआ है। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा सह इण्डिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी समीर महंती को विजय बनाना है। इसके लिए सभी लोगों को अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी तो तुम घरों से निकलकर मतदान करना है। मौके पर मुख्य रूप कालीपदो गोराई, जगदीश भगत, प्रमुख सुशीला टुडू , काजल डॉन, भरत मुर्मू , सिमोन्ता पल, धीरेन पतर बायाराम हेंब्रम, प्रकाश टुडू आदि उपस्थित थे।

### पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय को हराया




**चाईबासा।** उद्योगपति पदम कुमार जैन द्वारा प्रायोजित एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सुपर डिवीजन मुकाबले में पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चाईबासा ने मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय चाईबासा को एक नजदीकी मुकाबले में तीन विकेट से पराजित कर न सिर्फ पूरे चार अंक हासिल किए बल्कि फाईनल मैच में खेलने की अपनी दावेदारी भी मजबूत कर ली है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम मांगी लाल रुंगटा प्लस टू विद्यालय को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएल रुंगटा प्लस टू विद्यालय की पूरी टीम 18 ओवर में 124 रन बनाकर आल आउट हो गई। आयुष पन्ना ने पच्चीस गेंदों का सामना करते हुए तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 27 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में रामेश्वर गोप ने 23 रन एवं नूर सिंह देवगम ने 17 रनों का योगदान दिया। पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की ओर से अभिजीत दत्ता ने 25 रन देकर चार विकेट तथा अनुज गिरी ने 11 रन देकर दो विकेट हासिल किए। जीत के लिए निर्धारित बीस ओवर में 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने 14.3 ओवर में 126 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया हलांकि इस प्रयास में उनके सात बल्लेबाज पैविलियन भी लौट गए। एक समय पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पाँच महत्वपूर्ण विकेट 76 रन के स्कोर पर ही गिर गए थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में उमड़ रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध यादव ने बुधवार को प्रखंड पीरटांड़, डुमरी एवं गिरिडीह तीनों प्रखंडों में जनसम्पर्क किया।सुबोध यादव ने डुमरी प्रखंड के मंझिलाडीह, भावानद पीरटांड़ प्रखंड के खरपोका, तुईयो, चिरुडीह, ताराटाड़, मंझलीडीह, सोबरनपुर, अजीबाद, बरियारपुर, पोखरना, खुखरा, बहादुरपुर गांवों का दौरा किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान मतदाताओं से श्री यादव ने कहा कि चुनाव में बड़े बड़े सपने को साकार करने का सब्जबाग दिखाकर दिग्भ्रमित करने के लिए बहुत से बहुरूपिये चुनाव के मैदान में खड़े हो जाते हैं जिसे पहचानने की आवश्यकता है। कहा कि उनका एकमात्र प्राथमिकता क्षेत्र की चहुंमुखी विकास और बेरोजगार युवाओं का पलायन को रोकना होगा।

### जमुआ की पूर्व प्रमुख ने थामा भाजपा का दामन

## सोनी चौरसिया और विजय चौरसिया के आने से पार्टी होगी मजबूत : बाबूलाल

**सोनी चौरसिया ने कहा कि एक नारी के सम्मान के लिए मैं भाजपा में आई हूं**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
जमुआ की पूर्व प्रमुख सोनी चौरसिया और उनके पति विजय चौरसिया ने भाजपा का दामन थाम लिया। बुधवार को मिजार्गंज स्थित सोनी चौरसिया के आवास में पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का सिंबल थमा कर सोनी चौरसिया को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई. मौके पर दयानंद कुमार, राकेश कुमार, अजित कुमार, सदानंद साव, विजय साव, बबलू रैन, विजय साव, अशोक सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही. मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोनी चौरसिया और विजय चौरसिया के आने से पार्टी बहुत मजबूत होगी. दोनों ऊजार्वान हैं और दोनों की एक अलग सामाजिक पैठ है.खासकर युवाओं में ये दोनों एक आइकन के समान हैं। विदित हो कि झारखंड बनने के बाद सोनी चौरसिया जमुआ की प्रथम प्रमुख रही हैं. मौके पर पूर्व प्रमुख सोनी चौरसिया ने कहा कि एक नारी के सम्मान के लिए मैं भाजपा में आई हूं। मैं अब भाजपा के लिए हीं हूं और भाजपा के लिए, मोदी जी के लिए जितना संभव होगा कार्य करूंगी. आज आदरणीय नरेंद्र मोदी को पूरा विश्व विश्वास भरी नजर से देख रहा है।

## सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज करेंगे गांडेय में चुनावी जनसभा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय विधानसभा उपचुनाव और कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।
सभी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंक रही है मतदाताओं को अपने पच्छा में करने में जुटे हुए हैं। गांडेय प्रखंड फूलची पंचायत के जोधपुर फुटबॉल मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन 16 मई को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी कल्पना सोरेन और लोकसभा के उम्मीदवार विनोद सिंह को जिताने के लिए करेंगे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उसी को तैयारी को लेकर बुधवार को जोधपुर फुटबॉल मैदान में झामुमो नेता हीरालाल मुर्मू, प्रेमजित मुर्मू, बबलू मरांडी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## युवक पर दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड हमला

### हमला में युवक की मौत

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया टैक्सी स्टैंड के समीप बुधवार की सुबह आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एक युवक पर अचानक चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के रहने वाले छोटी कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से युवक को इलाज के लिए नवजीवन नर्सिंग होम लाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। चाकू हमला में युवक की मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिहोडीह का रहने वाला छोटी कुमार नामक युवक सुबह करीब 8.30 बजे गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्थित टैक्सी स्टैंड के पास खड़ा था।

### सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता हुए घायल

**चाईबासा।** जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवर महतो स्थानीय रजिस्ट्री कार्यालय के सामने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। यह घटना बुधवार की है। इसके बाद डॉक्टरों ने जांच करने के पश्चात रेफर कर दिया गया। अधिवक्ता को दो पांव में चोट लगी है जिससे पांव टूट गया है।

# तिसरी में हर घर नल-जल योजना का हाल बुरा

## जलमीनार के आस - पास की स्थिति, घरों तक भी नहीं पहुंच रहा पानी

**ताजा मामला गडकुरा पंचायत का**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना का हाल खस्ता है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने योग्य साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपयों की लागत से शुरू की गई यह योजना केवल हाथी का दाँत साबित हो रही है। यह हाल कई क्षेत्रों का है, गिरिडीह जिले का तिसरी प्रखंड इस योजना में किए जा रहे लापरवाही और गड़बड़झाले का साक्षी बना पड़ा है। प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों से आए दिन नल जल योजना से जुड़ी समस्याएं सामने आती रहती है लेकिन संबंधित विभाग का भी इस पर कोई खासा ध्यान नहीं जाता है। ताजा मामला प्रखंड के गड़कुरा पंचायत का है। जहां कई स्थानों पर जलमीनार बनाकर पेयजलापूर्ति बहाल कर दी गई है लेकिन इनमें से कुछ ही स्थानों पर लोगों को पानी मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के पालमो गांव में बीते एक माह पहले से ही पेयजलापूर्ति बहाल कर दी गई है लेकिन इसके दो-चार दिनों के बाद उन्हें पानी मिलना बंद हो गया। ग्रामीण चंद्रिका देवी ने बताया कि यहां एक माह पूर्व ही जल मीनार बनाया गया है। शुरूआत में दो-चार दिनों तक अच्छी तरह पानी की सप्लाई की गई थी लेकिन उसके बाद से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता है। वहीं गीता देवी ने भी बताया कि शुरूआती दिनों में पानी मिला था इसके बाद से पीने लायक पानी भी नहीं मिल पाता है। बता दें कि देयार डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक द्वारा पलामो गांव में जलमीनार बनाकर 5000 लीटर क्षमता वाली टंकी लगाई गई है बावजूद इसके जलमीनार के आस - पास स्थित घरों तक भी पानी नहीं पहुंच रहा है।





### जलमीनार में डुप्लिकेट कम्पनी का लगाया मोटर : मुखिया

वहीं इस मामले में पंचायत के मुखिया इब्राहिम मियां ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक द्वारा जल मीनार में डुप्लिकेट कंपनी का मोटर लगाया गया, जिससे टंकी में भी पानी नहीं भर पाता है। लिहाजा स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने विभाग के जेई से भी बात की लेकिन जेई ने ठेकेदार से बात करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं ठेकेदार से बात करने पर उनके पास मिस्त्री नहीं होने की बात कही। इतना ही नहीं स्थानीय मुखिया ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर पुराने बोरिंग में ही कनेक्शन कर दिया गया है जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध नहीं है। कहा कि पूरे पंचायत में यही हाल है। ऐसे में यही प्रतीत होता है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कर निकल जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी और संवेदक

इस संबंध में पीएचईडी विभाग के जेई मणिकांत मंडल ने बताया कि नियम के अनुसार इस कार्य में पांच वर्षों तक अनुरक्षण करने की जिम्मेदारी संवेदक की है यदि कहीं कुछ गड़बड़ी होती है तो संवेदक द्वारा उसे बनाया जायेगा। वहीं इस संबंध में देयार डेवलोपर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक राहुल कुमार ने कहा कि मोटर समेत सभी उपकरण बिलकुल मानक कम्पनी का लगाया गया है। यदि टंकी में पानी चढ़ाने में कोई समस्या हो रही है तो उसे ठीक कर दिया जायेगा।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

जाएं, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

–: मतदान केन्द्रों के **Relocation** की आम सूचना :–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–64/ES-1/JKD-HP/2024, दिनांक 11.05.2024 द्वारा दी गई सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–01/नि0लो0स0–17–09/2024/3153, राँची दिनांक 11.05.2024 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत 21–बरही एवं 22–बड़कागांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों का सुरक्षा एवं अन्य कारणों से Relocation किया गया हैं :–

| क्र0 | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रखण्ड का नाम | मतदान केन्द्र संख्या एवं नाम | रिलोकेशन के पश्चात् मतदान केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21–बरही | चौपारण | 06–मध्य विद्यालय ढोढिया। | मध्य विद्यालय, सोहरा। |
| 2 | | | 67–प्राथमिक विद्यालय पत्थल गढवा। | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सियारकोनी |
| 3 | 22–बडकागांव | केरेडारी | 05–उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कोजिया | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, लाजीदाग |
| 4 | | | 77–उत्क्रमित मध्य विद्यालय, निरी। | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, सिरोईया |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 324832 Election(24-25)D

**सुप्रभात**

**जैसे बिना आग के मोमबत्ती नहीं जल सकती है, ठीक उसी तरह बिना आध्यात्मिक ज्ञान के इंसान नहीं रह सकता है : गौतम बुद्ध**



## आर्थिक रिकॉर्ड बनाना भारत और दिवालिया होते अमेरिकन बैंक

***तीसरी*** बड़ी आर्थिक शक्ति की अग्रसर भारत के विपरीत सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है। पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है।

इन दिनों

# एनडीए या 'इंडिया' की बनने वाली सरकार से उभरते राजनीतिक परिदृश्य



विजय केसरी

***2024*** का लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम चरण की ओर बहुत ही तेजी के साथ आगे बढ़ता चला जा रहा है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों इस लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए ओर इंडिया गठबंधन के तमाम नेता गण चुनाव प्रचार में जी-जान से जुटे हुए है। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में ज्यादा रोड शो और चुनावी सभाएं हो रही हैं। दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता गण देश की जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक से एक लोक लुभावना घोषणाएं करते जा रहे है। चुनाव जीतने के बाद जनता से किए गए वादे कितने पूरे हो पाएंगे? यह तो समय ही बताएगा। देश की जनता इन लोक लुभावना घोषनाओं से कितना प्रभावित हो पाती हैं? यह परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा। यह तय है कि चुनाव परिणाम आने के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसी एक गठबंधन की ही सरकार बनेगी। अगर एनडीए की सरकार बनती है, तब की राजनीतिक परिदृश्य क्या उभर कर सामने आएंगे? इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तब की राजनीतिक परिदृश्य क्या उभर कर सामने आएंगे? अर्थात 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए और 'इंडिया' गठबंधन की बनने वाली सरकार से उभरते राजनीतिक परिदृश्य पर विचार करना समय का तकाजा। एनडीए गठबंधन में दस से अधिक छोटी बड़ी बड़ी पार्टियां शामिल हैं। वहीं इंडिया गठबंधन में लगभग अट्ठाईस से अधिक छोटी बड़ी पार्टियां शामिल है। एनडीए ने इस लोकसभा चुनाव में चार सौ पार सीटें जीतने का दावा किया है। एनडीए का यह दावा कितना सच अथवा झूठ साबित हो पता है? अब ज्यादा दिन शेष नहीं बचे हैं। ईभीएम मशीनों में ये दावे बंद होते चले जा रहे हैं। एनडीए मोदी की गारंटी पर यह चुनाव लड़ रही है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में हर ओर मोदी की गारंटी के दावे कर रही हैं। अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत आती है, तब नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री होंगे। कैबिनेट मंत्रिमंडल में कुछ नए लोग जरूर शामिल होंगे। किन्तु प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के पद पूर्व के ही नेता गण शपथ ग्रहण करेंगे। एनडीए की सरकार अपने पुराने राष्ट्रवादी एजेंडे को ही लेकर आगे बढ़ेगी। ऐसी संभावना है। इसमें किसी भी तरह को कोई भिन्नता दिखाई नहीं पड़ती है। वहीं दूसरी ओर अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलती है, तब इस जीत के बाद क्या राजनीतिक परिदृश्य उभर कर सामने आएंगे? सर्वविदित है कि इंडिया गठबंधन का गठन एनडीए को 2024 के लोकसभा चुनाव में हराने के लिए हुआ। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी नेता गण एनडीए को पुनः देश की सत्ता नहीं सौंपने के लिए कृत संकल्पित हैं। इस संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन के नेता गण पूरी शक्ति के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी मंचों से साफ कह रहे हैं कि इस बार देश में मोदी की सरकार नहीं बनेगी। इस बार इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी भी अपने हर चुनावी मंचों से यह बात दोहरा रहे हैं कि इस बार मोदी की सरकार नहीं बनेगी बल्कि इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे बड़े दल यही दावे कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हो जाती है, और इंडिया गठबंधन की जीत हो जाती है। तब इंडिया गठबंधन में यह राजनीति शुरू हो जाएगी कि देश के अगले प्रधानमंत्री कौन होंगे? इंडिया गठबंधन के लिए यह समय राजनीतिक तौर पर काफी क्रिटिकल होगा। इंडिया गठबंधन के अब तक हुई बैठकों से यह तय नहीं हो पाया कि अगर इंडिया गठबंधन को देश की जनता बहुमत देती है, तब देश के अगले प्रधानमंत्री किस पार्टी के नेता होंगे? इस मुद्दे पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है। इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं का मत था कि सर्वप्रथम हम सब मिलजुलकर एनडीए को सत्ता से बेदखल करना है। इस निमित्त एक होकर मिलजुलकर चुनाव लड़ना है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी एक बड़ी पार्टी के रूप में शामिल है। कांग्रेस पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटों पर कांग्रेस पार्टी ही चुनाव लड़ रही है। स्वाभाविक है कि सबसे अधिक सीटें कांग्रेस पार्टी को ही आएगी। इंडिया गठबंधन में टीएमसी, सीपीआईएम, डीएमके, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, पीपीडी, आरएलडी, सीपीआई (एमएल), इंडियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस ( एम ), मनीथानेया मक्कल कांची (ए.एम.के.) वी.सी.के, आर.एस.पी, केरल कांग्रेस, के.एम.डी.के, एआईएफबी, अपना दल कमेरावादी, पीजेंट्स और वर्कर पार्टी ऑल इंडिया सहित कई अन्य दल भी शामिल हैं। भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन के बैनर तले सभी पार्टियां एक मंच पर जरूर आ गई हैं, लेकिन वैचारिक स्तर पर काफी असमानताएं हैं। यह वैचारिक असमानता ही इंडिया गठबंधन को बांधे रखने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों के नेताओं की महत्वाकांक्षाएं भी क्रिटिकल राजनीतिक स्थिति पैदा करती रहेगी। इंडिया गठबंधन में टीएमसी शामिल जरूर है, लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस पार्टी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वही पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश जहां लोकसभा की सबसे अधिक सीटें हैं। वहां इंडिया गठबंधन की एकता जरूर दिख रही है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को उम्मीद है कि इस बार के चुनाव में एनडीए को करारी शिकस्त देंगे। एनडीए को सत्ता में दूर करने के लिए ये नेता गण एक मंच पर जरूर आ गए हैं, लेकिन सबों को गठबंधन धर्म को निभाना भारी पड़ेगा। नेताओं के वैचारिक भिन्नता महत्वाकांक्षा और राजनीतिक स्वार्थ के कारण ही अपने-अपने मजबूत जनाधार वाले प्रांतों में एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। अगर इंडिया गठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलती है, तब गठबंधन के कौन नेता अगले प्रधानमंत्री कौन होंगे? एक राय बनाना आसान नहीं होगा। किसी एक नेता को प्रधानमंत्री रूप में चयन कर लेते हैं, तब मंत्रिमंडल गठन का करना भी आसान नहीं होगा। सभी पार्टियां अपने-अपने सीट के हिसाब से मंत्रिमंडल में जगह चाहेंगी। इंडिया गठबंधन के समक्ष ऐसी कई क्रिटिकल राजनीतिक स्थितियां उत्पन्न होती रहेगी। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन भी गई, तब क्या अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के मुद्दे पर नई सरकार का दृष्टिकोण क्या होगा? गठबंधन में शामिल कई पार्टियां चाहती हैं कि अयोध्या में जिस जगह पर राम मंदिर का शिलान्यास हुआ है, वहां पूर्ववत स्थिति बहाल किया जाए। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में शामिल इंडियन मुस्लिम लीग, नेशनल कांफ्रेंस सहित कई पार्टियों के नेता चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 और 35 ए बहाल रहे। क्या नई सरकार इन दोनों मुद्दों के लिए पार्लियामेंट में बील लाकर से निरस्त कर देगी? अगर इंडिया गठबंधन की यह नई सरकार इन दोनों मुद्दे पर पार्लियामेंट में बिल आती है, तब देश में एक कैसी राजनीतिक स्थिति उत्पन्न होगी ? विचार किया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं ने जिस तरह के लोक लुभावना घोषणाएं जनता से की हैं, क्या भारत में रहने वाली हर नारी और बेरोजगार युवकों को घोषणाओं के अनुरूप हर माह उतनी राशि दे पाएंगे?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात




### बढ़ती हुई आबादी पर रोक आवश्यक

बढ़ती हुई आबादी ने कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। हर जगह भीड़- भीड़ दिखाई देती है। कहीं भी चले जाईये, । बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, टैक्सी स्टैंड, स्कूल-कॉलेज सभी जगह बढ़ती हुई आबादी का असर दिखाई देगा। हर जगह लोग एक दूसरे को बढ़ती हुई भीड़ का जिम्मेवार ठहराते हैं या फिर किसी एक समुदाय पर निशाना साधा जाता है। सीमित जमीन हमारा बोझ नहीं उठा पायेगी। यह जानते हुए भी आबादी पर रोक के लिए सरकार द्वारा किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। घुसपैठ ने इस समस्या को कोढ़ में खाज बना दिया है। कई राजनीतिक पार्टियां इसका लाभ लेने में भी नही चुकती हैं। वैसे आबादी को रोकने का प्रयास इंदिरा गांधी के शासनकाल में भी हुआ था। नसबंदी जैसे प्रयोग भी इसी काल में हुए थे। लेकिन वह कितना सफल हुआ यह सभी को पता है। उसे इतना तुल दिया गया कि अब लोग उसका समय को याद करके भी कांप उठते हैं। विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश भारत इससे कैसे निपटेगा यह तो वक्त ही बतायेगा। वहीं कई देश अपनी कम आबादी के कारण परेशान हैं। उनके लिए बढ़ती आबादी कोई समस्या नहीं है। चीन अपनी बढ़ती हुई आबादी को लेकर कई कड़े कानून लागू कर दिये हैं। साथ ही उनके पास लोगों की भूख मिटाने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं, जो भारत के पास नहीं हैं। हम दाल.चावल,गेंहू जैसे भोजन पर टिके हुए हैं। इसके लिए हमें भोजन के विकल्प ढूंढने होंगे। वह भोजन पूरी तरह शाकाहारी ही होंगे। दशकों पर पहले दो या तीन बच्चे होते हैं, घर में अच्छे से लेकर हम दो हमारे दो नारे ने बढ़ती आबादी की चिंता बता दी थी। लेकिन इस पर कितना अमल हुआ है यह सामने है। किसी खास वर्ग को यह नारे पंसद नहीं थे। इसका परिणाम अखबारों में सामने आ गया है। जिसके कारण एक वर्ग खासा नाराज भी है। अभी लोकसभा चुनाव के बाद ही नयी सरकार को इसके बारे में गंभीरता से सोचना होगा। अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हालात और भी खराब होते चले जायेंगे। बढ़ती आबादी को एक तरफ से कार्रवाई करके रोकना संभव नहीं है। इस पर सब को सोचना होगा। देश के टुकड़े होने के बाद भी इस समस्या से निजात नहीं पाया जा सका है। ऐसे हालात में सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। अगर इस समस्या के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा गया तो भविष्य में बढ़ती हुई आबादी के कई दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। साथ ही हमारी प्राकृतिक संसाधनों में कमी भी आ सकती है। कई बार हमारे प्रयासों को यह बढ़ती आबादी विफल कर देती है। हमारे देश में अनाजों का उत्पादन पहले की अपेक्षा काफी ज्यादा है। लेकिन बढ़ती हुई आबादी ने इस सब पर पानी फेर दिया है। हम कृषि के क्षेत्र में लाख मेहनत कर लें तब भी बढ़ती हुई आबादी का हम पेट नहीं भर पायेंगे। हमें इस बढ़ती हुई आबादी पर अंकुश लगाना ही होगा। तभी जाकर हम 2047 में अपने को आत्मनिर्भर बना पायेंगे।

**- तन्मय किशोर, मेदिनीनगर।**

देश-विदेश

# पीओजेके का विलय '370' जितना ही जरूरी



प्रदीप मिश्र

***अट्ठारहवीं*** लोकसभा के लिए चुनाव के बीच पाकिस्तान के जबरन कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में चल रहे जन आंदोलन से हालात नाजुक हो गए हैं। इसकी तात्कालिक वजह भले ही महंगाई है लेकिन इसमें दशकों से सरकार और सुरक्षाबलों का अत्याचार बर्दाश्त कर रहे अवाम की आवाज भी साफ सुनी जा सकती है। पाकिस्तान के कठपुतली नेतृत्व और नीतियों पर लोगों का भरोसा खत्म हो गया है। शुक्रवार से शुरू विरोध प्रदर्शन का मंगलवार को चौथा दिन था। इस दौरान मुजफ्फराबाद में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। गोलीबारी की गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। प्रतिक्रिया के तौर पर इस मामले में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सख्त इरादों का इजहार कर दिया। कह दिया कि पीओजेके भारत का था, है और रहेगा। विलय की औपचारिक घोषणा होना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ये बात कई बार कह चुके हैं। इसके अलावा सैन्य नेतृत्व समय-समय पर भारत की कमजोरी के इस कलंक को कालकवलित करने के लिए कभी भी कार्रवाई का संकेत देता रहता है। प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। माहौल को सामान्य बनाने और समस्याओं के समाधान के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 23 अरब रुपये जारी किए हैं। फिर भी बात नहीं बन रही। बदतर बर्ताव और बदनीयती से आजिज लोगों के तल्ख तेवर कभी भी तूफान बन सकते हैं। जनाक्रोश को विदेश में भी समर्थन है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी की ओर से ब्रिटेन में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ बगावत सतह पर है। जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी पाकिस्तान से आजादी मांग रही है। नियंत्रण रेखा के उस पार से कमेटी इसके लिए भारत सरकार से मदद चाहती है। दरअसल, महंगाई, बेरोजगारी, उपेक्षा, दमन से त्रस्त अवाम को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आए सकारात्मक बदलाव और विकास की बयार को देख-सुनकर उम्मीदें बेइंतिहां बढ़ गई हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी सोच और सारे सपने सच हो सकते हैं। अवाम की इस आवाज को भारत न तो अनसुना कर रहा है, न ही दर्द भरे आक्रोश व सड़कों पर रोष अनदेखी कर रहा है।

> **जनाक्रोश को विदेश में भी समर्थन है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी की ओर से ब्रिटेन में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ बगावत सतह पर है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

rajshreejayanty




1 like

Add a comment...

## X-से

Dr. Sudhanshu Trivedi S... Follow
@Sudanshutrivedi

राहुल बाबा ने रायबरेली से अपने परिवार का रिश्ता बताते हुए परदादा नेहरु, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया जी का नाम लिया...

लेकिन अपने दादा फिरोज़ का जिक्र नहीं किया जबकि वो रायबरेली के पहले सांसद थे...

1952 और 1957 में दो बार यहां से चुनाव जीते थे...

सवाल ये है कि फिरोज़ गांधी के नाम से इस परिवार को शर्म क्यों आती है?

Translate post



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मोदी और राहुल की राशि एक, पर एक अत्यंत सफल दूसरे नहीं क्यों




***लोकसभा*** चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वोटिंग खत्म होते ही हर किसी को परिणाम का इंतजार रहेगा, जो कि 04 जून 2024 को आने वाले हैं। पिछले साल 30 मई 2019 को शपथ ग्रहण कर नरेन्द्र मोदी लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने और अब उनके समर्थक यह कयास लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 में फिर मोदी सरकार अपना परचम लहराएगी। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी जीत के कयास लगा रही हैं। ऐसे में, ज्योतिष में रुचि रखने वाले लोग ज्योतिषीय नजर से यह देखने के लिए जरूर उत्साहित होंगे कि आखिर नरेंद्र मोदी की कुंडली में ऐसा क्या खास है कि वह पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगातार बाजी मार रहे हैं और राहुल गांधी तमाम कोशिशों के बाद भी टक्कर देने में भी असमर्थ हो रहे हैं। बता दें कि नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी की चंद्र राशि एक ही है, इसके बावजूद राहुल गांधी जीत से बहुत पीछे हैं।

**नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की है एक ही राशि :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म रविवार के दिन 17 सितंबर वर्ष 1950 की सुबह 11 बजे हुआ था। वही राहुल गांधी का जन्म दिल्ली में गुरुवार के दिन 18 जून 1970 में हुआ था। इस हिसाब से राजनीतिक सीन में आमने-सामने खड़ीं दो हस्तियों की चंद्र राशि एक ही है यानी वृश्चिक राशि की है। एस्ट्रोसेज के ज्योतिष के अनुसार, प्रधानमंत्री जैसे पद पर पहुंचने की सबसे ज्यादा संभावना वृश्चिक, सिंह और मेष राशि के लोगों की होती है। इसके बावजूद राजनीति में कहीं किसी और की कुंडली का सपोर्ट तो कहीं ग्रहों का योग हावी हो जाता है। बृहत् कुंडली में छिपा है, आपके जीवन का सारा राज, जानें ग्रहों की चाल का पूरा लेखा-जोखा।

**- संपादकीय टीम**

## बोधि वृक्ष

### मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर



***मदुरै*** की मीनाक्षी नारी शक्ति के विशाल ब्रह्मांड का हिस्सा हैं और अधिकांश देवियों की कल्पना सुंदरता के आदर्श के रूप में की जाती है। आंखें हिंदू पौराणिक कथाओं में सुंदरता की एक अवधारणा हैं और मीनाक्षी शक्तिशाली देवी की त्रिमूर्ति का निर्माण करती हैं जिनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली आंखों के लिए प्रशंसा और पूजा की जाती है - मीनाक्षी, मदुरै की मछली जैसी आंखों वाली देवी; विशालाक्षी, वाराणसी की बड़ी आँखों वाली देवी और कामाक्षी, कांचीपुरम की प्रेम-आँखों वाली देवी। जो बात मीनाक्षी को अद्वितीय बनाती है वह यह है कि वह सिर्फ एक सौम्य देवी नहीं हैं, वह दुर्गा और काली की तरह एक योद्धा देवी भी हैं।

**एक धन्य तीर्थ :** रामेश्वरम -मदुरै-कन्या कुमारी का तीर्थयात्रा सर्किट बहुत प्राचीन है। मदुरै, महान देवी महादेवी के विभिन्न पहलुओं को समर्पित कई मंदिरों में से एक है। मदुरै एक बहुत ही पवित्र स्थान के केंद्र में है। यह एक देवी का स्थान है और निकटवर्ती कन्या कुमारी भी देवी का मंदिर है। एक छोटी सी यात्रा पर रामेश्वरम की तीर्थयात्रा है जिसका परिदृश्य रामायण और भगवान राम के लंका पर आक्रमण की कहानी से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह विष्णु के चार धाम भी हैं और रामनाथस्वामी मंदिर में एक ज्योतिर्लिंगम है। मदुरै और रामेश्वरम में दैविक होटल आपको एक पूर्ण आध्यात्मिक अनुभव का स्वागत करते हैं जहां आप अपनी तीर्थयात्रा के दौरान भगवान शिव, भगवान विष्णु और उनके अवतार राम और देवी की पूजा कर सकते हैं। **(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

### अब व्हाट्सएप्प से बिना इंटरनेट के भेजें फोटो और वीडियों

***इस*** क्षमता के आने के बाद से, आप इंटरनेट के बिना भी आसानी से फाइलें स्थानांतरित कर सकते हैं।

**फाइलें अपना नंबर साझा किए बिना ट्रांसफर हो जाएंगी:** व्हाट्सएप की पीपल नियरबी कार्यक्षमता एक स्थानीय नेटवर्क के रूप में कार्य करेगी। यह कार्यक्षमता दो प्रमुख लाभ प्रदान करेगी। सबसे पहले, आप किसी का फोन नंबर बताए बिना तुरंत फाइलें साझा कर सकते हैं। दूसरा लाभ यह है कि आप इंटरनेट से कनेक्ट न होने पर भी आसानी से फाइलें ईमेल कर सकते हैं। बीटा में पीपल नियरबी कार्यक्षमता की खोज की गई है। इस सुविधा का अभी भी परीक्षण किया जा रहा है, लेकिन यह शीघ्र ही सभी उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। इस सुविधा पर एकमात्र प्रतिबंध यह है कि यह केवल एक निश्चित दूरी तक ही काम करेगा। इसके लिए प्रेषक और प्राप्तकर्ता दोनों का एक ही स्थान पर होना आवश्यक है। यह फीचर इस प्रकार काम करेगा कि जब भी उपयोगकर्ता को इंटरनेट कनेक्शन मिल जाएगा, तो व्हाट्सएप्प फोटो और वीडियो को आपके मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ स्वचालित रूप से भेज देगा। इससे उपयोगकर्ता को फिर से फोटो और वीडियो भेजने के लिए अपने स्मार्टफोन का इंटरनेट कनेक्शन संचालित करने की जरूरत नहीं होगी। यह फीचर उन लोगों के लिए खास है जो गांवों या अनग्रहित क्षेत्रों में रहते हैं, जहां इंटरनेट कनेक्शन की कमी होती है। ऐसे स्थानों में लोग अक्सर इंटरनेट कनेक्शन के बिना मीडिया फाइलें नहीं भेज पाते हैं, लेकिन अब व्हाट्सएप्प की इस नई सुविधा के माध्यम से वे अपने दोस्तों और परिवार के साथ अपने अनुभवों को साझा कर सकते हैं, बिना किसी संचार की बाधा के। इस नए सुविधा के साथ, व्हाट्सएप्प ने अपने उपयोगकर्ताओं को एक नई और सुगम संवादना अनुभव प्रदान किया है। यह सुविधा उन लोगों के लिए भी बड़ा लाभदायक साबित हो सकती है, जो समय-समय पर इंटरनेट कनेक्शन की कमी के कारण संचार में देरी का सामना करते हैं। **(क्रमांक)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# झुंझुनू कॉपर माइन में फंसे सभी 14 लोगों को निकाला गया, एक अधिकारी की मौत

**एजेंसी। झुंझुनू**

राजस्थान में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान (खेतड़ी) खदान में फंसे 15 अफसरों व कर्मचारियों में से 14 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। दुर्घटना में चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है। हादसे में घायल 8 अफसरों को जयपुर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति सामान्य है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। पहले दौर में तीन घायलों को जयपुर लाया गया था। इसके बाद



दूसरे दौर में पांच घायलों को जयपुर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर पुनीत यादव ने बताया कि किसी के भी हेड इंजरी नहीं है लेकिन उनके पैर में फ्रैक्चर बताया गया है। आठों घायलों का हॉस्पिटल की ओर से मेडिकल बुलेटिन जारी किया जाएगा, जिसके बाद घायलों की स्थिति साफ होगी। राजस्थान में नीमकाथाना जिले के खेतड़ी स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इस खदान में 14 मई की शाम को केसीसी चीफ समेत विजिलेंस की टीम माइंस में नीचे उतरी थी। मंगलवार रात 8 बजे 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी। लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम और खेतड़ी कॉपर काम्पलेक्स ((केसीसी) के 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे।

# प्रतिबंधित नाजी नारे लगाने वाले जर्मन राजनेता पर 13,000 यूरो का जुमार्ना

**एजेंसी। जर्मनी**



**हाले।** जर्मनी की चरम दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) पार्टी के एक प्रमुख सदस्य ब्योर्न हॉक पर प्रतिबंधित नाजी नारे का इस्तेमाल करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। एक क्षेत्रीय अदालत ने यह फैसला सुनाया है। पूर्वी जर्मन शहर हाले की क्षेत्रीय अदालत ने मंगलवार शाम को हॉक को असंवैधानिक और आतंकवादी संगठनों के प्रतीकों का उपयोग करने के लिए जुमार्ने की सजा सुनाई। अदालत ने 13,000 यूरो (लगभग 14,000 डॉलर) का जुमार्ना लगाया। सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने थुरिंगियन प्रांत के एएफडी नेता पर जानबूझकर एक नाजी अर्धसैनिक समूह स्टमार्बेटीलुंग (एसए) या स्टॉर्म ट्रूपर्स, जिसे आमतौर पर ब्राउनशर्ट्स कहा जाता है, के प्रतिबंधित नारे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। यह मामला मई 2021 में मेर्सेबर्ग में हॉक द्वारा दिए गए एक भाषण के बाद भड़का, जिसके दौरान उन्होंने एलेस फर डॉयचलैंड! (जर्मनी के लिए कुछ भी) नारे का इस्तेमाल किया था, जो जर्मनी में प्रतिबंधित है।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रपति ने ओडिशा के पूर्व मंत्री दंबुरुधर उलाका के निधन पर दुख जताया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ओडिशा के पूर्व मंत्री दंबुरुधर उलाका के निधन पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ओडिशा सरकार में मंत्री रहे दंबरुधर उलाका के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उलाका ने लोगों, विशेषकर वंचितों और उनके कल्याण के लिए काम किया। मैं उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता दंबरुधर उलाका का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण मंगलवार को भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।

### उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स में भर्ती



**ऋषिकेश।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (85) को एम्स में भर्ती किया गया है, जहां उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया गया है। एम्स प्रशासन का कहना है कि अधिक उम्र में होने वालीं समस्याओं के चलते रूटीन चेकअप के लिए सावित्री देवी यहां पहुंची हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। बताया जा रहा है कि योगी की बहन भी मां को देखने आई थीं। मुख्यमंत्री योगी के परिवार को मिलने वाली सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मी भी एम्स में मौजूद हैं। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने सावित्री देवी के भर्ती होने की पुष्टि की है।

### एससी ने अब्बास अंसारी को पिता मुख्तार के फातिहा में शामिल होने की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जेल में बंद अब्बास अंसारी को उसके मृत पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के लिए 10 और 12 जून के बीच पुलिस हिरासत में गाजीपुर स्थित उनके पैतृक स्थान पर जाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश पुलिस से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि अंसारी के आवास पर पुलिसकर्मी परिवार की महिला सदस्यों के सम्मान और आत्म सम्मान का ख्याल रखें। पीठ में न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कासगंज जिला जेल में बंद अब्बास अंसारी को 10 अप्रैल को पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

### यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मध्य प्रदेश गुजरात के दो और श्रद्धालुओं की मौत



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रदेश की चारधाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों कुल संख्या सात हो गई है। बदरीनाथ की तो सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है। जानकारी के अनुसार राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश मंगलवार सायं करीब आठ बजे रात्रि यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए। दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद, गुजरात को सवा आठ बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी ले गए थे, लेकिन दोनों को ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### संदेशखाली की रेखा पात्रा ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका, पुलिस की कार्रवाई से सुरक्षा की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के आंदोलन का नेतृत्व करने वाली और बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने राज्य पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। पात्रा ने अपनी याचिका में अदालत से अनुरोध किया है कि वह पुलिस को उनके खिलाफ दायर मामलों की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दे। याचिका स्वीकार कर ली गई है और इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। यह याचिका एक वायरल वीडियो पर पश्चिम बंगाल पुलिस के सक्रिय होने के बाद दायर की गई है, जिसमें संदेशखाली के स्थानीय भाजपा नेता गंगाधर कायल को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि संदेशखाली में महिलाओं के आंदोलन की कहानी भाजपा ने लिखी थी और उसी ने इसे मूर्त रूप दिया। स्टिंग ऑपरेशन का यह वीडियो सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने पात्रा और कायल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### जेडीयू नेता पूनम सिंह ने थामा कांग्रेस का दामन



**पटना ।** जेडीयू नेता और पूर्व विधायक पूनम सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर बुधवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। मौके पर पूनम सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैंने 1980 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। 1990 और 1995 के विधानसभा चुनावों में कुछ कारणों की वजह से मुझे हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद मैंने कांग्रेस को अलविदा कह समता पार्टी का दामन थाम लिया था। अब 24 वर्ष के वनवास के बाद कांग्रेस में शामिल हुई हूं।

# एससी ने वाराणसी लोस सीट के लिए नामांकन की तारीख बढ़ाने की याचिका खारिज की

## दायर याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी सीट से नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 मई से बढ़ाने की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नेशनल साउथ इंडियन रिवर इंटरलिंकिंग फार्मर्स एसोसिएशन की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पी. अय्याकन्नू द्वारा दायर याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन करार दिया। अधिवक्ता एस. महेंद्रन के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि अय्याकन्नू तथा उनके दूसरे साथी किसानों को 10 मई को उस समय ट्रेन से जबरन उतारकर पुलिस हिरासत में ले लिया गया जब वे नामांकन पत्र भरने के लिए वाराणसी जा रहे थे।

याचिका में कहा गया है कि उन्हें शाम को छोड़ा गया। इसका एक मात्र कारण यह था कि



प्रधानमंत्री भी उसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया था कि करीब 100 किसानों का समूह लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लड़ने के लिए तिरुचि से काशी तमिल एक्सप्रेस से बनारस आ रहा था। उन्हें चेंगलपट्टू स्टेशन पर उतारकर वापस तिरुचि भेज दिया गया। याचिका में कहा गया था, एसोसिएशन ने घोषणा की थी कि किसानों से किये गये वादे पूरे करने में विफल रहने के लिए और कृषि उत्पादों की उचित कीमत तथा सभी कृषि ऋण माफ करने की अपनी मांगों के समर्थन में 111 किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

# मोदीनॉमिक्स : अनुराग ठाकुर बोले- भारत में एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दे पर इंडी अलायंस के दावों को भ्रामक व खोखला बताते हुए मोदी सरकार में रोजगार सृजन की दिशा ऐतिहासिक कीर्तिमान बनने व रिकॉर्ड रोजगार मिलने की बात कही है। बुधवार को यहां जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि रोजगार के मुद्दे पर इंडी अलायंस लगातार झूठ बोल कर देश को गुमराह कर रहा है। स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोजगार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के झूठे दावों की पोल खोल दी है। मोदीनॉमिक्स के इस शानदार उदाहरण ने रोजगार पर विपक्षी भ्रामक दुष्प्रचार की जड़ों को हिला दिया है। स्कोच की रिपोर्ट में सामने आया है कि मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में 51.40 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं, जो कि दिखाता है कि मोदी सरकार की नीतियों से एक दशक



में रोजगार के कितने अवसर मिले। अनुराग ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनावों के पहले चार चरणों में जनता ने पहले ही मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर अपनी मुहर लगा दी है और अब इस रिपोर्ट ने विपक्ष के दुष्प्रचार की कलई खोल कर दी है। यह नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और समावेशी नेतृत्व की ही देन है कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार सृजन होता देखा है। इससे पहले तो भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्टें आया करती थीं लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रहीं है। यह बदलाव देश को अच्छा लग रहा है और जनता को विश्वास है कि आज देश सुरक्षित हाथों में हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसे जैसे मोदी सरकार के अभूतपूर्व विकास के दशक की उपलब्धियां सामने आ रही हैं वैसे-वैसे विपक्ष का भ्रामक दुष्प्रचार रेत के किले की तरह बिखर रहा है। पहले भी इन्होंने देश को गरीबों के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश की थी तब एक रिपोर्ट सामने आई थी कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अभी प्रकाशित हुई स्कोच की रिपोर्ट बताती है कि 51.40 करोड़ सृजित रोजगार में 19.79 करोड़ मोदी सरकार की विभिन्न स्कीमों व नीतियों की वजह से हुए हैं। इसके साथ ही 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से दिए गए लोन की वजह से संभव हुए हैं। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, कौशल विकास योजना, पीएम स्वनीधि और पीएलआई जैसी स्कीमों ने भी लोगों को रोजगार देने में प्रत्यक्ष तौर पर मदद की है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज विपक्षी खेमे पर तरस आ रहा है, क्योंकि पहले ही उनका एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण और संविधान वाला नैरेटिव बुरी तरह पिट चुका है।

# गाजा यूएन मिशन में भारतीय की मौत पर विदेश मंत्रालय ने जताया दुख

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने गाजा यूएन मिशन में भारतीय की मौत पर दुख जताया है। मंत्रालय का कहना है कि वे पार्थिव देह को भारत लाने और मामले की जांच के लिए सहयोग और संपर्क बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में आज कहा कि 13 मई को गाजा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विभाग (डीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले (सेवानिवृत्त) की मृत्यु से हमें गहरा दुख पहुंचा है। हम उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में हमारा स्थायी मिशन और तेल अवीव तथा रामल्ला में हमारे मिशन पार्थिव देह को भारत



वापस लाने में सभी सहायता दे रहे हैं और घटना की जांच के संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा के राफा शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई थी।

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सभी गरीबों को मिलेगा 10 किलो राशन : खरगे

**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए की सरकार बनने का दावा किया है। खड़गे ने कहा कि सरकार बनने के बाद हम सभी गरीबों को 10 किलो राशन देंगे। खरगे ने अखिलेश के साथ लखनऊ के ताज होटल में बुधवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दावा किया 04 जून को आईएनडीआईए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून कांग्रेस-नीत




यूपीए सरकार लाई थी। आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद हम प्रति व्यक्ति 10 किलो राशन देंगे। हमारी लड़ाई गरीबों के लिए है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। पद रिक्त हैं लेकिन भर्ती नहीं हुई। ये देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। वोट का अधिकार ही सबसे बड़ी ताकत है। हम मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हम दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं कमजोर वर्ग को आगे लाने के लिए जातीय जनगणना कराएंगे।

## ओडीएल-ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के जुलाई-2024 सत्र के लिए पंजीकरण शुरू : इग्नू



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने ओडीएल-ऑनलाइन माध्यम से पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के लिए जुलाई-2024 सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि उम्मीदवार ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) कार्यक्रमों के लिए आधिकारिक प्रवेश पोर्टल और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार जुलाई 2024 सत्र के लिए नए प्रवेश फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून है। विश्वविद्यालय विभिन्न मास्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर सर्टिफिकेट और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रदान करता है। नए आवेदक को एक नया पंजीकरण करना होगा, सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करनी होगी और उस कार्यक्रम का चयन करना होगा।

## आज का राशिफल

**मेष** – अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**वृषभ** – बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

**मिथुन** – कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**कर्क** – नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। यात्रा योग हैं।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या** – भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** – योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

**वृश्चिक** – व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। कार्य सफल होगें।

**धनु** – लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**मकर** – सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** – मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। स्त्री का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

# प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल पहुंच रहा ब्रिटेन

**एजेंसी। लंदन**

रूसी तेल प्रतिबंधों के बावजूद अभी भी यूनाइटेड किंगडम में पहुंच रहा है। एक ट्रेजरी कमेटी ने यह खुलासा किया। ब्रिटेन में रूसी तेल और तेल उत्पादों के आयात, अधिग्रहण और आपूर्ति पर दिसंबर 2022 में प्रतिबंध लगा दिया गया था। जी7 देशों ने रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत को सीमित करने पर भी सहमति जताई, ताकि यूक्रेन में युद्ध को वित्तपोषित करने की व्लादिमीर पुतिन की



क्षमता कम की जा सके। वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर केंद्रित एक शोध कंपनी एनर्जी एस्पेक्ट्स में भू-राजनीति प्रभाग के प्रमुख रिचर्ड ब्रॉन्ज ने मंगलवार को ट्रेजरी कमेटी को प्रतिबंधों के बारे में सबूत दिए। उनसे पूछा गया कि क्या प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल अभी भी ब्रिटेन में पहुंच रहा है, तब उन्होंने कहा, इसे रिफाइनरी द्वारा संसाधित या परिवर्तित कर दिया गया है। ये रिफाइनरियां, विशेष रूप से भारत में ब्रिटेन के बाजारों से काफी दूरी पर हैं। उन्होंने कहा, केवल आर्थिक दृष्टिकोण से हम यूरोपीय देशों से कहीं अधिक तेल आयात करते हैं, अमेरिका से कहीं अधिक, इसलिए इसका अधिकांश हिस्सा अन्य गंतव्यों में जाएगा। रूसी तेल प्रतिबंधों के बावजूद

# कहां हैं स्वाति मालीवाल, क्या समझौते के लिए डाला जा रहा है दबाव : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम आवास पर हुई अभद्रता पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीधे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि 48 घंटे बीत गए हैं, सबके मन में यह सवाल है कि सुल्तान साहब के शीशमहल में क्या हो रहा है? उन्होंने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और आतिशी की चुप्पी पर प्रश्न किए। स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता को लेकर भाजपा की महिला कार्यकताओं ने बुधवार सुबह सीएम हाउस पर प्रदर्शन भी किया। गौरतलब है कि आम




आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई को पीसीआर कॉल करके कहा था कि सीएम हाउस में उनसे मारपीट हुई है।

इन आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी स्वीकार किया कि स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता हुई है। शाजिया ने कहा कि इस घटना के बाद से स्वाति मालीवाल गायब हैं। उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है, क्या स्वाति मालीवाल पर समझौते करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। हमें उनकी सुरक्षा की लेकर चिंता है। शाजिया ने आम आदमी पार्टी के लिए कहा, मैं सभी को जानती हूं, उनके डायनामिक्स को जानती हूं, वहां की गंदगी अब बाहर आई है और मैंने इस कारण 'आप' छोड़ी थी। कुछ इसी तरह का मामला नरेला के तत्कालीन विधायक शरद चौहान के खिलाफ भी था। एक महिला, चौहान के खिलाफ शिकायत लेकर मुख्यमंत्री के पास पहुंची थीं।

# पंजाब के खिलाफ जीत रॉयल्स का आत्मविश्वास बढ़ाएगी और वह शीर्ष दो में पहुंच जाएगी : रायुडू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू को लगता है कि पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत मिलने से लगातार तीन हार के बाद आईपीएल 2024 के लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का 'आत्मविश्वास' मजबूत होगा। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) द्वारा मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से हराकर 14 मैचों में 14 अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त करने के बाद आरआर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई। संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम अपने पिछले तीन गेम हार गई है और टूनामेंट के नॉकआउट चरण में जाने से पहले जीत की राह पर लौटने का लक्ष्य बना रही है। रॉयल्स ने लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरूआत की और पूरे सीजन में शीर्ष चार में बने रहे। पिछले लगातार तीन मैचों में पिछड़ने के बावजूद राजस्थान 12 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, उन्होंने पूरे सीजन में अच्छा खेला है और यह एक भाग्यशाली मौका है जो उन्हें एक महत्वपूर्ण समय पर मिला है जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। इसलिए इससे उन्हें अपने अगले 2 मैचों के लिए आत्मविश्वास मिलेगा।" पंजाब के बाद, जयपुर स्थित फ्रेंचाइजी अपने अंतिम लीग चरण मुकाबले में टेबल टॉपर्स कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी।

दिग्गज क्रिकेटर का मानना है कि राजस्थान को पंजाब के खिलाफ जीत का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि कोलकाता कड़ी चुनौती देगी।

## चोट के कारण पंजाब किंग्स के रबाडा स्वदेश लौटे

**जोहान्सबर्ग।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को बताया कि पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट आये हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने यह भी कहा कि तेज गेंदबाज पर उसकी मेडिकल टीम द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई है। धर्मशाला में आरसीबी के खिलाफ आखिरी मैच से चूकने से पहले रबाडा ने पीबीकेएस के लिए सीजन के हर मैच में खेला। 11 मैचों में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 11 विकेट लिए। प्रोटियाज मेन्स के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा सॉफ्ट टिशू इनफेक्शन के कारण आईपीएल से स्वदेश वापस लौट आए हैं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है।

# असम ने अरुणाचल प्रदेश को पछाड़ अंतिम आठ में किया प्रवेश



**एजेंसी। छत्तीसगढ़**

**नारायणपुर।** असम ने बुधवार को यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में अरुणाचल प्रदेश को 1-0 से हराकर ग्रुप जी से स्वामी विवेकानंद अंडर20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। असम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की और ग्रुप चरण में सात अंक जुटाकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनकी यात्रा में मध्य प्रदेश के खिलाफ ड्रा (0-0) और त्रिपुरा पर एक प्रमुख जीत (6-0) शामिल थी। दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश ने तीन मैचों में दो अंक हासिल कर अपना अभियान समाप्त किया। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में ग्वग्वम्सर गायरी के सौजन्य से हुआ। 83वें मिनट में गायरी को दाहिने फ्लैंक से अभिनाश बोरो से एक प्रभावी क्रॉस मिला। सटीकता के साथ, टीम के कप्तान ने अपनी टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने के लिए फ्लिक हैडर को अंजाम दिया।

# निशा ने देश को दिलाया ओलंपिक कोटा

## दिल्ली पहुंचने पर साक्षी मलिक ने किया स्वागत







**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को साथी पहलवान निशा दहिया का तुर्की के इस्तांबुल से दिल्ली लौटने पर एयरपोर्ट पर स्वागत किया। निशा ने महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। साक्षी ने फेसबुक पर आईजीआई एयरपोर्ट पर निशा के स्वागत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां परिवार और दोस्तों ने भी उनका भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को, निशा ने कुश्ती विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने के बाद पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। भारत को पेरिस ओलंपिक के लिए पांचवां कोटा मिला है। सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की एडेला हन्जलिकोवा को 7-4 से हराने से पहले, निशा ने राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट, अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता अलीना शौचुक को 3-0 से हराया था। निशा के अलावा, अमन सहरावत इस साल के टूनामेंट के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट में पेरिस के लिए स्थान पक्का करने वाले एकमात्र पुरुष पहलवान थे। एशियाई चैंपियन और अंडर 23 विश्व चैंपियन पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रनों से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रनों से हरा दिया। अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टन स्टब्स के अर्धशतकों के बाद डीसी ने 208/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, इशांत ने पांचवें ओवर में एलएसजी को 44/4 पर ला दिया। जहां निकोलस पूरन ने 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं अरशद ने नाबाद 58 रनों की पारी खेली। 208 के बचाव में इम्पैक्ट प्लेयर इशांत ने पावर-प्ले में एलएसजी के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। अक्षर पटेल की पहली गेंद पर मार्कस स्टोइनिस ने पिच पर डांस किया, लेकिन वह गेंद चूक गए, जो काफी टर्न हुई और आसानी से स्टंप हो गई। पूरन ने अक्षर को छोटे सीमा क्षेत्र पर दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर एलएसजी की पारी में कुछ गति ला दी।

**संक्षिप्त स्कोर ▸▸** दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 208/4 (अभिषेक पोरेल 58, ट्रिस्टन स्टब्स 57 नाबाद, नवीन-उल-हक 2-51, रवि बिश्नोई 1-26) ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 20 ओवर में 189/9 (निकोलस पूरन 61, अरशद खान 58 नाबाद, इशांत शर्मा 3-34, ट्रिस्टन स्टब्स 1-4) 19 रन से

## जूनियर बास्केटबॉल में अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के खिलाड़ियों का जलवा

**अहमदाबाद।** अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी के खिलाड़ियों ने गुजरात राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में अहमदाबाद जिले की लड़कियों और लड़कों की टीमों के लिए क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वनीसा ने लड़कियों की टीम को स्वर्ण जीतने में मदद की, जबकि एक अन्य ट्रेनी तक्ष पटेल लड़कों की टीम का हिस्सा थे जिसने उसी टूनामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया था। अपने लॉन्च के पांच साल से भी कम समय में, अदाणी स्पोर्ट्सलाइन अकादमी उभरते खेल सितारों के गढ़ के रूप में उभरी है। इस दौरान नए खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के छात्र अपना नाम बनाना शुरू कर रहे हैं।

**बंगाल प्रो टी20 लीग**

# आकाश दीप और प्रियंका बाला होंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के मार्की खिलाड़ी





**एजेंसी। कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 11 जून से शुरू हो रहें बंगाल प्रो टी-20 लीग के लिए सवोर्टेक पावर सिस्टम्स की टीम सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए अपने प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। इसमें पुरुष खिलाड़ी के रूप में भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके 27 वर्षीय क्रिकेटर आकाश दीप व महिला खिलाड़ी के रूप में महिला आईपीएल का हिस्सा रहीं 28 वर्षीय प्रियंका बाला को शामिल किया गया है। वर्तमान में आकाश आईपीएल में आरसीबी के लिए खेल रहे हैं। अपने हालिया प्रदर्शन में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में एक विकेट भी झटका था। वहीं प्रियंका डब्ल्यूपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थीं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# जेमिनी होगा गूगल का भविष्य, सर्च करने के तरीके में होगा बड़ा बदलाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एआई मौजूदा समय में टेक उद्योग में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर कंपनी इस ओर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। अब दिग्गज टेक कंपनी गूगल भी अपने एआई मॉडल गूगल जेमिनी के जरिए एआई पर बड़ा दांव लगाने जा रही है। गूगल इवेंट में सीईओ सुंदर पिचाई ने गूगल जेमिनी एआई मॉडल को लेकर एक विस्तृत योजना पेश की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि एक दशक से ज्यादा समय से कंपनी एआई पर निवेश कर रही है। हम शोध, उत्पाद और ढांचे के हर स्तर पर नवाचार कर रहे हैं। गूगल पूरी तरह से जेमिनी युग में चला गया है। अमेरिका में होने वाली कंपनी की फ्लैगशिप कॉन्फ्रेंस 'आई/ओ' में पिचाई ने कहा, जेमिनी के पास काफी सारी विशेषताएं हैं और इसमें सर्च, फोटो, वर्कस्पेस और एंड्रॉइड आदि शामिल हैं। पिचाई ने आगे कहा, अभी हम एआई प्लेटफार्म की तरफ शिफ्ट होने के शुरूआती चरण में हैं।

हमें इसमें क्रिएटर, डेवलपर, स्टार्टअप और सभी के लिए कई सारे अवसर दिखते हैं। एडवांस जेमिनी प्लेटफॉर्म पर पिछले तीन महीने में 10 लाख से ज्यादा लोग साइन अप कर चुके हैं।

# मात्र 39 वर्ष हो सकती है बचपन में गंभीर मोटापे से ग्रस्त लोगों की जीवन प्रत्याशा

**टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अन्य 'चेतावनी संकेत' विकसित होने तक इंतजार करने की बजाय उपचार जल्दी शुरू किया जाए**




**एजेंसी। नई दिल्ली**

चार साल की उम्र में गंभीर मोटापे से ग्रस्त बच्चे का वजन यदि कम नहीं होता है तो उसकी जीवन प्रत्याशा महज 39 साल हो सकती है जो औसत की तुलना में लगभग आधी है। एक शोध में यह बात सामने आई है। हालांकि शोध में कहा गया है कि वजन कम करके जीवन प्रत्याशा बढ़ाई जा सकती है।

इटली के वेनिस में यूरोपियन कांग्रेस ऑन ओबेसिटी (ईसीओ) में प्रस्तुत शोध में पहली बार मोटापे की शुरूआत की उम्र, गंभीरता और अवधि के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। जर्मनी के म्यूनिख में लाइफ साइंसेज कंसल्टेंसी स्ट्राडू जीएमबीएच के डॉ. उर्स विडेमैन ने कहा, जल्द शुरू होने वाले मोटापे के मॉडल से पता चलता है कि वजन घटाने का जीवन प्रत्याशा और अन्य बीमारियों के साथ मिलकर मौत का कारण बनने की संभावना पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, खासकर जब शुरू में ही वजन कम कर लिया जाता है।" डॉ. विडेमैन ने कहा, "यह स्पष्ट है कि बचपन के मोटापे को जानलेवा बीमारी माना जाना चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है कि टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अन्य 'चेतावनी संकेत' विकसित होने तक इंतजार करने की बजाय उपचार जल्दी शुरू किया जाए। शोधकताओं ने मोटापा और उससे जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे टाइप 2 मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों और फैटी लीवर के 50 क्लीनिकल अध्ययनों के आंकड़ों के आधार पर जल्द शुरू होने वाले मोटापे का मॉडल विकसित किया। अध्ययन में दुनिया भर के देशों के एक करोड़ से अधिक मरीजों के आंकड़ों को शामिल किया गया, जिनमें से लगभग 27 लाख की आयु दो से 29 वर्ष के बीच थी। नतीजों से यह भी पता चला कि 3.5 के बॉडी मास इंडेक्स (जो गंभीर मोटापे का संकेत देता है) वाला चार साल का बच्चा जिसका वजन ज?यादा है, उसे 25 साल की उम्र तक मधुमेह होने का खतरा 27 प्रतिशत और 35 साल की उम्र तक मधुमेह का खतरा 45 प्रतिशत होता है।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, 117 अंक फिसला सेंसेक्स



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के बड़े सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 117 अंक या 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,987 अंक और निफ्टी 17 अंक या 0.08 प्रतिशत फिसलकर 22,200 अंक पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी छोटे-मझोले शेयरों में बुधवार को खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 482 अंक या 0.96 प्रतिशत बढ़कर 50,707 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 94 अंक या 0.58 प्रतिशत गिरकर 16,457 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा। सरकारी बैंक, फार्मा, मेटल रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा, कमोडिटी, पीएसई , सर्विस सेक्टर एवं ऑयल और गैस इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं। वहीं, ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाला इंडिया विक्स मामूली बढ़त के 20.27 अंक पर सपाट बंद हुआ है। सेंसेक्स में 30 में से 14 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचसीएल टेक और एलएंडटी शीर्ष पांच बढ़ने वाले शेयरों में थे।

# हाई ब्लड प्रेशर से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा : विशेषज्ञ



**एजेंसी। नई दिल्ली**

'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' से पहले विशेषज्ञों ने कहा है कि व्यक्ति का ब्लड प्रेशर जितने लंबे समय तक अनियंत्रित रहेगा, वह उसके लिए उतना ही नुकसानदायक होगा। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर, और किडनी की समस्याएं आ सकती हैं। 'वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे' हर साल 17 मई को मनाया जाता है।

इस वर्ष की थीम है, मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली, कंट्रोल इट, लिव लॉन्गर। रेसिस्टेंट हाइपरटेंशन (दवाओं के उपयोग के बावजूद बीपी 140/90 से ऊपर) हाई बीपी है, जो उपचार पर अच्छी प्रतिक्रिया नहीं देता है। हाई बीपी या उच्च रक्तचाप वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगी रेसिस्टेंट होते हैं। नारायण हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. देवी शेट्टी ने आईएएनएस को बताया कि अनियंत्रित उच्च रक्तचाप निस्संदेह सबसे गंभीर स्वास्थ्य चिंताओं में से एक है।

हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में 188.3 मिलियन लोग उच्च रक्तचाप से प्रभावित हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से केवल 37 प्रतिशत व्यक्तियों को ही औपचारिक निदान प्राप्त होता है और इससे भी छोटा प्रतिशत नियमित रक्तचाप जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपचार शुरू करता है, खासकर जब आप 20 वर्ष की आयु तक पहुंचते हैं।"

पी. डी. हिंदुजा अस्पताल और एमआरसी, माहिम में कार्डियोथोरेसिक और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. मयूर जैन ने आईएएनएस को बताया, "अनियंत्रित उच्च रक्तचाप के निदान में रोगी की दवा के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के साथ-साथ मोटापा, स्लीप एपनिया और उच्च रक्तचाप के दूसरे कारणों की पहचान और प्रबंधन शामिल है।" उन्होंने कहा, हाई बीपी के कारण धमनी की दीवारों पर अत्यधिक दबाव से रक्त वाहिकाओं और शरीर के अंगों को नुकसान पहुंच सकता है।

**क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार**

# बिटकॉइन 62 हजार डॉलर के पार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 5 आभासी मुद्राएं बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि 5 आभासी मुद्राएं गिरावट के साथ लाल निशान में बनी हुई हैं। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,735.35 डॉलर यानी 52.39 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,907.85 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.06 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत और डॉगकॉइन 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 3.02 प्रतिशत, सोलाना 1.22 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.02 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.14 प्रतिशत और काडार्नो 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.82 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है।

# रियलमी जीटी 6टी में फास्ट चार्जिंग कूलिंग और टॉप परफॉर्मेंस की तिकड़ी





**एजेंसी। नई दिल्ली**

रियलमी ने आखिरकार अपने यूजर्स का इंजतार खत्म कर दिया है। ब्रांड ने जीटी सीरीज में नवीनतम डिवाइस, रियलमी जीटी 6टी के लॉन्च की घोषणा की है। रियलमी की जीटी सीरीज लॉन्च होने के बाद से ही अपनी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, टॉप परफॉर्मेंस और बेहतर डिजाइन के साथ सबसे प्रतिष्ठित फोन सीरीज रही है। रियलमी ब्रांड भविष्य को ध्यान में रख कर काम करता है। रियलमी का लक्ष्य अतीत से प्रेरणा लेकर स्मार्टफोन इनोवेशन में एक नए युग में प्रवेश करना है। रियलमी की जीटी सीरीज की नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक को चिह्नित करती है। अपने लॉन्च के बाद से जीटी सीरीज ने लगातार दायरे को आगे बढ़ाने और अपने लक्ष्य को पूरा करते हुए रियलमी की तकनीकी महारत और समर्पण का प्रतिनिधित्व किया है। जीटी फोन भारत में दो साल पहले 2021 में लॉन्च किया गया था। प्रशंसक बेसब्री से इसकी वापसी का इंतजार कर रहे थे, जो अब रियलमी जीटी 6टी के साथ पूरा होने जा रहा है। आगामी रियलमी जीटी 6टी सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं है, यह नवीनता और शक्ति का प्रमाण है।

उद्योग में अपनी पहली सुविधाओं के साथ यह एक अद्वितीय उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। जीटी 6टी भारत में स्नैपड्रैगन 7 प्लस जेन 3 चिपसेट वाला पहला स्मार्टफोन होगा। हालांकि, एक शानदार चिपसेट ही इसे पावर बीस्ट नहीं बनाता है।

## एक नजर

### महिला ने तनाव में आकर किया अधिक मात्रा में दवा का सेवन, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सेमरी कला गांव निवाशी प्रमोद शर्मा की पत्नी लकेसवरी देवी उम्र 50 वर्ष मानसिक तनाव में आकर बुधवार की सुबह घर में रखे अधिक मात्रा में दवा का सेवन कर ली। जिसमे उनकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही परिजनों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उनके बेटे का सड़क दुर्घटना में एक्सीडेंट हो गया था।उसी समय से इनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ हैं।

### इंजीनियर बन अपना नाम रोशन करना चाहता है गौरव

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सुल्तानी गांव निवासी गौरव सिंह ने सेंट इग्नेशियस हाई स्कूल औरंगाबाद से सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96।2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉप फाइव में जगह बनायी है। साथ ही अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। गौरव सिंह के पिता मुन्ना कुमार सिंह एक व्यवसायी है। जबकि माता पूनम देवी गृहिणी है। उन्होंने बताया कि करीब दस घंटे पढ़ाई कर सफलता प्राप्त की। गौरव का झुकाव इंजीनियरिग पढ़ाई के क्षेत्र में है। वह इंजीनियर बन परिवार का नाम रोशन करना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उसकी सफलता पर समाजसेवी फुटूक कुमार सिंह, चाचा राजकुमार सिंह, चंदन कुमार सुमन, टूली सिंह, डिक्कू सिंह के अलावे मुखिया विनय कुमार सिंह, कुश सिंह, राणा सिंह, विपुल सिंह, विकाश सिंह, अंकित सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

### रिद्धि सिद्धि होटल के समीप एक साथ दो बाइक की हुई चोरी

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के होटल रिद्धि सिद्धि के समीप से दो लोगों की बाइक एक साथ चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। चुनाव के दो दिन पूर्व भाजपा की बाइक रैली में संतोष कुमार सिंह व विनय पासवान गए थे। वापस लौट कर होटल रिद्धि सिद्धि परिसर में बाइक लगा कर अन्दर खाना खाने चले गए।एक घंटा बाद वापस आने पर संतोष और विनय की बाइक गायब थी। सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला कि 1.45 बजे दिन में दो अज्ञात युवक बाइक लेकर निकल गए है। इस दिनों भुक्त भोगियों ने काफी खोज बीन करने के बाद हुसैनाबाद थाना पुलिस को बाइक चोरी होने संबंधित आवेदन दिया है। आवेदन में संतोष कुमार सिंह की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 आर 7045 एवं विनय पासवान की एकस्प्लेंडर कला रंग की जेएच 03 एएल 4031 है। दोनो ने पुलिस से मामले की छान बीन कर बाइक का पता लगाने का आग्रह किया है।

# केएन त्रिपाठी पर सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले, संपत्ति में भी आगे

*झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में तीन संसदीय सीटों के लिए होगा मतदान*

*तीन लोकसभा सीटों पर 54 उम्मीदवार, 27 पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे*

*एडीआर रिपोर्ट : छह निर्दलीय उम्मीवार पर हैं आपराधिक मामले*

*मनीष जायसवाल व कालीचरण सिंह पर दो मामले हैं दर्ज*

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण (20 मई) में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में मतदान होना है। इसमें कुल 54 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में हैं। चतरा में 22, कोडरमा में 15 और हजारीबाग में 17 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें 27 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें नौ उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसका खुलासा एडीआर की रिपोर्ट में हुआ है।

### चतरा से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं केएन त्रिपाठी

चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के खिलाफ सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह के खिलाफ दो-दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों की बात करें तो झारखंड के दूसरे चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे छह निर्दलीय विधायकों के खिलाफ भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें विक्रांत कुमार सिंह के खिलाफ दो और श्रीराम सिंह व अभिषेक कुमार के खिलाफ एक-एक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा शशिभूषण केसरी के खिलाफ तीन, मनोज कुमार के खिलाफ दो, दीपक गुप्ता के खिलाफ दो और जयप्रकाश वर्मा के खिलाफ एक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### किस उम्मीदवार पर कितने आपराधिक मामले

| नाम | राजनीतिक दल | आपराधिक मामले |
|---|---|---|
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 08 |
| अजय | मूलवासी समाज पार्टी | 02 |
| विक्रांत कुमार सिंह | निर्दलीय | 02 |
| अनिरुद्ध कुमार | सीपीआई | 02 |
| श्रीराम सिंह | निर्दलीय | 01 |
| अभिषेक कुमार | निर्दलीय | 01 |
| मनीष जायसवाल | भाजपा | 02 |
| अर्जुन कुमार | सीपीआई | 01 |
| विनोद सिंह | भाकपा माले | 03 |
| शशिभूषण केसरी | निर्दलीय | 03 |
| कालीचरण सिंह | भाजपा | 02 |
| मनोज कुमार | निर्दलीय | 02 |
| अन्नपूर्णा देवी | भाजपा | 01 |
| दीपक गुप्ता | निर्दलीय | 02 |
| दर्शन गंझू | झारखंड पार्टी | 02 |
| जयप्रकाश वर्मा | निर्दलीय | 01 |
| नागमणि | बसपा | 01 |

### किसके पास कितनी संपत्ति

| उम्मीदवार | पार्टी | राशि (रुपये में) |
|---|---|---|
| केएन त्रिपाठी | कांग्रेस | 70,92,18,255 |
| मनीष जायसवाल | भाजपा | 36,29,99,932 |
| अन्नपूर्णा देवी | भाजपा | 12,82,82,857 |
| राजकुमार | झारखंड पार्टी | 8,95,00,000 |
| कालीचरण सिंह | भाजपा | 8,62,01,641 |
| डॉ अभिषेक सिंह | निर्दलीय | 5,47,01,892 |
| जेपी पटेल | कांग्रेस | 2,89,80,413 |
| जय प्रकाश वर्मा | निर्दलीय | 2,75,06,505 |

### 21 उम्मीदवार हैं करोड़पति, टॉप पर केएन त्रिपाठी

**एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 3।.52 करोड़ रुपये है। इसमें छह निर्दलीय उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के तीन, कांग्रेस, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया व लोकहित अधिकार पार्टी के दो-दो और भारतीय जवान किसान पार्टी, राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, सीपीआई, झारखंड पार्टी, समता पार्टी व बसपा के एक-एक उम्मीदवार करोड़पति हैं। संपत्ति के मामले में भी टॉप पर चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और तीसरे नबंर पर कोडरमा से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी हैं।**

### 10 उम्मीदवार हैं 10वीं पास, आठ 12वीं पास

**रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे चरण के चुनाव में किस्मत आजमा रहे 54 उम्मीदवारों में से तीन सिर्फ साक्षर हैं। आठवीं पास उम्मीदवारों की संख्या तीन है। वहीं 10वीं पास 10 व 12वीं पास उम्मीदवारों की संख्या आठ है। ग्रेजुएट उम्मीदवारों की संख्या 15 और तीन उम्मीदवार ग्रेजुएट प्रोफेशनल हैं।**

# क्षत्रिय समाज ने कालीचरण सिंह का किया समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता**

लातेहार। क्षत्रिय समाज की एक बैठक चंदवा प्रखंड के सिकनी गांव मे लाल रंजन नाथ शाहदेव के आवासीय परिसर में आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता जय कुमार सिंह ने किया। बैठक में अगले माह मे जिला मुख्यालय मे जिला स्तरीय बैठक कर कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। लोकसभा चुनाव मे देशहित को ध्यान मे रखते हुए सर्वसम्मति से चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह को समर्थन देकर विजयी बनाने का निर्णय लिया गया। जय कुमार सिंह ने कहा कि देशहित से उपर कुछ भी नही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को वोट देने की अपील की है। लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने कहा कि जिस तरह से देश का विकास भाजपा के नेतृत्व मे हो रहा है उसे आगे भी जारी रखने की जरूरत है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी पहुंचे और उन्हे समाज के लोगों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि समाज के जिस आस्था के साथ मुझ पर विश्वास जताया है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होने कहा कि मान सम्मान देने से मिलता है। मौके पर राजू सिंह, राजेश साही, युदनाथ सिंह, प्रकाश सिंह, मिथलेश सिंह, अमरजीत सिंह, अमर लाल, ब्रजेश सिंह, मोहर सिंह, त्रिपुंजय सिंह, विनोद सिंह व विजय सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पलामू की जनता ने मोदी को दिया आशीर्वाद, जीतेंगे वीडी राम : भोला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा कार्यकर्ता सह चैनपुर के प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि झारखंड में पहले चरण के चुनाव में जनता ने उत्साह के साथ पीएम नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया है। पलामू की जनता ने तो पलामू से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया है। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि विष्णु दयाल राम पलामू लोकसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। श्री पांडे ने कहा कि महागठबंधन की राज्य सरकार ने जनता को धोखा देने एवं ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में वर्तमान सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी राज में प्रत्येक दरवाजे पर विकास के माध्यम से दस्तक दी गयी है व देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है।

## मारपीट में महिला समेत दो घायल, महिला की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के इमलिया टिकर निवासी रामखेलावन बैठा की पत्नी मनबरती देवी उम्र 52 वर्ष और पोता गुलशन कुमार उम्र 14 वर्ष को गोतनी का बेटा बिरेंद्र बैठा मंगलवार की सुबह लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी मनबरती देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही इस घटना के बारे में घायल महिला के बेटा सुरेंद्र बैठा ने बताया कि मंगलवार को मां और मेरा बेटा घर में अकेले थे।इसी बीच घर के बाहर बैल बांधने को लेकर विरेंद्र बैठा मेरी मां मनबरती देवी और मेरा बेटा गुलशन कुमार से बहस करने लगा।

## पुलिस ने ऑटो चोरी के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने ऑटो चोरी करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर उन्हें बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।जबकि एक आरोपी पुलिस के गिरफ्त से अभी भी बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने नशे की लत के कारण चोरी की घटना को अंजाम देना शुरू किया था। 12 मई को ऑटो की चोरी हुई थी। उन्होंने बताया की मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में 12 मई को अरविंद पांडेय नामक व्यक्ति का ऑटो चोरी हुआ था। पीड़ित ने मामले में मेदिनीनगर शहर थाना एफआईआर दर्ज करायी थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने पांकी थाना क्षेत्र के सगालिम में छापेमारी कर ऑटो चोरी करने के आरोपी जमशेद और अभिषेक चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया और चोरी का ऑटो बरामद किया है। जबकि एक आरोपी गुंजन पांडेय अभी भी फरार है।उन्होंने बताया कि नशे की लत के कारण आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तीन आरोपियों ने मिलकर ऑटो चोरी की घटना को दिया था।वहीं फरार आरोपी गुंजन पांडेय पीड़ित अरविंद पांडेय का पड़ोसी है। पांकी के तेतराई के रहने वाले जमशेद और बरालोटा के रहने वाले अभिषेक चंद्रवंशी और गुंजन पांडेय आपस में दोस्त हैं। सभी की बैठकी गुंजन पांडेय के घर पर होती थी। सभी नशा के आदि हो गए थे।नशा में पैसा अधिक खर्च होने लगा था। नशा के लिए पैसे की जरूरत थी। इस कारण आरोपियों ने ऑटो चोरी करने की योजना बनाई थी। चोरी करने के बाद आरोपियों ने ऑटो को तेतराई स्थित जमशेद के घर के पास झाड़ी में छुपा दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी करने के बाद सभी चोरी के ऑटो को बेचने की फिराक में थे। इसी दौरान पुलिस को इसकी जानकारी मिल गई और छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार और एएसआई भूपेंद्र सिंह शामिल थे।

## नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू के नाम ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी को देखते हुए अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व में नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू अम्बालिका प्रसाद के नाम एक ज्ञापन सौपा । ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया की पलामू में गर्मी अपने चरम पर है , धुप अत्याधिक होने के कारण छात्र - छात्रों को महाविद्यालयों में आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । गर्मी के कारण कई छात्र छात्राओं के स्वास्थ पर भी बुरा असर हो सकता है । जिसे ध्यान में रखते हुए सभी महाविद्यालयों की समय सारिणी प्रातः कालीन किया जाए जिससे छात्र - छात्राओं को सुविधा होगी । छात्र नेता हिमांशु रंजन का कहा है की गर्मी अत्यधिक होने के कारण घर से निकलना भी मुश्किल हो चूका है ऐसे में छात्र - छात्राओं को दूर दराज से महाविद्यालय आने जाने में बहुत कठिनाई का सामना करना पढ़ रहा है । सभी महाविद्यालय के प्रातः कालीन समय सारिणी होने से छात्र - छात्रों को महाविद्यालय आने जाने में सुविधा होगी । छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा की विश्वविद्यालय प्रसाशन को यह कार्य खुद से पूर्व में ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी कर देना चाहिए था परन्तु अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं हुआ है। आजसू छात्र हित में विश्वविद्यालय प्रसाशन को छात्रों के हित में सभी महाविद्यालय को प्रातः कालीन समय सारिणी अनुसार संचालित कराने की मांग करती है । साथ ही गर्मी से राहत न होने पर ग्रीष्म अवकास की भी मांग करती है। मौके पर बिपिन, मुकेश, अंकित,कौशल ,समीर आदि छात्र उपस्थित थे।

### जेजेएमपी के एरिया कमांडर ने कहा

## आबिद अंसारी के साथ हुई मारपीट की घटना में मेरा कोई हाथ नहीं

**लातेहार ।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर खुर्शीद जी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मारपीट की घटना में शामिल होने से इनकार किया। कहा कि 12 मई की रात इचाक निवासी आबिद अंसारी के साथ मारपीट की घटना में उसका कोई हाथ नहीं है। सिर्फ हमको बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। एरिया कमांडर खुर्शीद जी ने कहा कि अगर संगठन के द्वारा मारपीट किया जाता तो मैं स्वयं इसकी जिम्मेवारी लेता लेकिन इस मारपीट से संगठन का कोई लेना देना नहीं है। ना ही इसमें मेरा कोई हाथ है। इसके बावजूद भी कुछ लोग मेरे घर पर जाकर मेरी मां के साथ मारपीट किया। साथ ही गांव के कुछ बेकसूर युवकों को संगठन से जोड़कर उनकी ज़िन्दगी बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। जेजेएमपी संगठन से उनलोगों को कोई लेना देना नहीं है। वे बेकसूर हैं। उनको मामले से बरी किया जाय।

## पांकी के खजूरी गांव के मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के खजूरी गांव निवासी शमीम अंसारी के खपरैल मकान में मंगलवार की देर रात अचानक आग लग गई। जिससे मकान समेत मकान में रखे लाखों के सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना के संबंध में भुक्त भोगी शमीम अंसारी ने बताया कि वे अवका स्थित अपने दुकान में सोए हुए थे। उनका मकान सूना पड़ा हुआ था। इसी बीच देर रात उन्हें सूचना मिली कि उनके मकान में आग लग गई है। इसके बाद उन्होंने जाकर देखा तो सारा मकान कर जल रहा है। हालांकि घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन पानी की कमी के कारण आग को नहीं बुझाया जा सका। जिस कारण पूरा मकान समेत मकान में रखे अनाज ,कपड़े समेत अन्य जरूरत के समान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल सका है। वहीं घटना के बाद मुक्त भोगी का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले की जानकारी होने के तत्काल बाद मौके पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए तत्काल 50 किलो अनाज मुहैया करवाया व आगे हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित ब्लड बैंक का लाइसेंस हो चुका है रद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रांगण में स्थित ब्लड बैंक का लाइसेंस 4 वर्षों से एक्सपायर हो चुका है। इसका लाइसेंस 30/9 /2020 में ही एक्सपायर कर गया। अभी तक इस ब्लड बैंक के लाइसेंस का नवीकरण या विस्तारण नहीं हो सका है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्ज डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को जानकारी दी कि इस ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण या विस्तरी कारण के लिए 6000 रुपए की फीस भी जमा कर दी गई थी की बावजूद भी इन चार वर्षो में इसका ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा नवीकरण या विस्तारीकरण के लिए निरीक्षण नहीं किया गया। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया इस साल 3 अप्रैल को पलामू जिले के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप और पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के ड्रग इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से इस ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। हर ब्लड बैंक के निरीक्षण की एक फीस लगती है जो 1500 है। इस ब्लड बैंक ने इस 1500 रुपए की फीस को भी बहुत पहले जमा कर दिया था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया की चूके इस ब्लड बैंक का लाइसेंस 30/9/2020 में ही समाप्त हो चुका था जिसका अभी तक ना तो दृधिकारण या विस्तारीकरण या नवीकरण नहीं हुआ। इसी बीच 10 मई 2024 यानी इसी साल 10 मई को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को यह सक्त निर्देशित किया कि वह हर हाल में इसको सुनिश्चित करें कि इस ब्लड बैंक का लाइसेंस जो लगभग 4 साल पहले समाप्त हो चुका है उसका नवीकरण , दृधिकरण या विस्तारीकरण आवश्यक हो जाए । यदि ऐसा नहीं होता है तो राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान इस पर फाइन भी लगा सकता है और यह फाइन एक बहुत मोटी रकम ?6 लाख की होगी। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा की उन्होंने इस संदर्भ में पलामू जिले के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप जी से बात की और उनसे कहा कि वह ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण या विस्तारण के लिए आगे की कार्रवाई में सहयोग करें। ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कच्छप ने प्रेस को बताया के चूके एक संयुक्त निरीक्षण 3 अप्रैल को इस ब्लड बैंक का हुआ था इसलिए संयुक्त रिपोर्ट कोलकाता जोन के इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार की रिपोर्ट हस्ताक्षर युक्त आनी बहुत आवश्यक है। जो सीधे भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को जाता है। ब्लड बैंक के लाइसेंस देने की प्रक्रिया भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग मंत्रालय के ड्रग कंट्रोलर जनरल के अधीन है उन्होंने आशा जताई की जल्द ही इसी महीने तक इस ब्लड बैंक का लाइसेंस का नवीकरण या विस्तारण हो जाने की प्रबल संभावना है।

*1. एलाइजा मशीन का नहीं होना लेकिन अब यह एलाइजा मशीन इस ब्लड बैंक में इस साल फरवरी में ही खरीद लिया गया और चालू हालत में भी है।*




*2. एक फ्रिज के फ्रिज तो ब्लड बैंक में था लेकिन वह फ्री तापमान का ग्राफ नहीं दिखा पा रहा था इससे निपटने के लिए इस ब्लड बैंक में इसी साल के फरवरी में दो अत्याधुनिक फ्रिज खरीद लिए गए हैं और दोनों फ्रिज तापमान ग्राफ को बखूबी दशार्ते हैं।*

## प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से नवाजे गए प्रख्यात पर्यावरणविद व मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बीएनआर,चाणक्य होटल रांची में आयोजित एक सम्मान समारोह में सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल को प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल ने विस अध्यक्ष को सिंगापुर के फिडल लिफ्ट और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके धर्मपत्नी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी उपस्थित थीं। यह उल्लेखनीय है कि पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल किशोर को अबतक देश, विदेश में 61 अवार्ड मिल चुके हैं। पर्यावरणविद को सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विधानसभा अध्यक्ष, रविंद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश समेत पलामू के तत्कालीन प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, उपायुक्त आंजनयेलु डोडे , पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित कई राज्यों के कई स्कूलों के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिल चुका है।

## पेज एक के शेष

### सीएए के तहत पहली बार ...

कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार ने 11 मार्च, 2024 को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन करने के तरीके, जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

### एससी, एसटी व ओबीसी का...

बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या का जिक्र करते हुए हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि इन्हें कांग्रेस-झामुमो की सरकार का समर्थन हासिल है। 30 साल पहले असम में भी घुसपैठ का सिलसिला शुरू हुआ था। तब की सरकार ने इसपर रोक के लिए कदम नहीं उठाया और आज यह समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि 11 जिलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। वहां हम माइनॉरिटी बन गए हैं। अगर यहां भी इस पर रोक नहीं लगाई गई तो पूरे झारखंड की यही स्थिति होगी। कोडरमा में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखे वार किए। कहा, राहुल गांधी कभी भारत के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। अगर उन्हें पीएम बनना है तो वह पाकिस्तान जाकर यह शौक पूरी कर सकते हैं। हम उनका पासपोर्ट-वीजा बनाने में मदद करेंगे। भारत में तो प्रधानमंत्री का पद नरेंद्र मोदी के लिए बुक है।

### चार चरणों में ही हमें ...

कर्ज माफी की गारंटी दी है। मनरेगा में मजदूरी दर हम 400 रुपये करेंगे। जाति का जनगणना हर 10 साल में करवाएंगे। जयराम ने कहा कि चुनावी मुकाबले के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन हुआ है। हम एक होकर लड़ रहे हैं इस संविधान को बचाने के लिए, जिसका एक मूल सिद्धांत संसदीय लोकतंत्र है। इसको बचाने के लिए हम चुनाव लड़ रहे हैं।






# 4 चरणों के बाद इंडी गठबंधन आगे, 4 जून को भाजपा की विदाई तय : खरगे

**एजेंसी। लखनऊ**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया है कि चार चरणों के चुनाव के बाद इंडी गठबंधन आगे चल रहा है। चार जून को भाजपा की विदाई हो जायेगी। खड़गे ने लखनऊ में बुधवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं। इंडी गठबंधन काफी आगे है। जनता ने नरेंद्र मोदी की विदाई तय कर दी है। खरगे ने कहा कि यह चुनाव विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ वो लोग हैं जो कुछ अमीरों के लिए धर्म का



इस्तेमाल कर रहे हैं और दूसरी तरह गरीबों और युवाओं के लिए लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई आरक्षण और संविधान बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों में पद खाली हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनको भरने के लिए राजी नहीं। हमारी सरकार बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ लड़ रही है। हम लोग अमीर और गरीब के अंतर को मिटाने के लिए लड़ रहे हैं। ये देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। हमारी आगे की पीढ़ी को बचाने की लड़ाई है। आरक्षण लेने वाले थोड़े लोग हो सकते हैं, लेकिन देश के संविधान को बचाने के लिए हम सबको लड़ना चाहिए।

# पीओके हमारा है, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**एजेसी। कोलकाता**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में बुधवार को एक चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष के वादे पर सत्ता में आईं ममता अब मुल्ला, मदरसा और माफिया की तरफदारी कर रही हैं।

शाह ने कहा कि यहां इमामों को महीने पर तनख्वाह दी जाती है, लेकिन पुजारियों और मंदिरों के रखवालों को कुछ नहीं मिलता। हालांकि ताजिया में कोई बाधा नहीं है, लेकिन दुर्गा पूजा और काली पूजा पर विसर्जन जुलूस निकालने में नियमित बाधाएं हैं। क्या इसे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ममता सरकार दुर्गा पूजा रोकती है। इन्हें बिल्कुल वोट नहीं देना है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे। राहुल गांधी और ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ममता और कांग्रेस-सिंडिकेट का कहना था कि अनुच्छेद 370 मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। यह नरेन्द्र मोदी का शासन है।

पांच साल हो गए खून की नदियां बहाना छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया। जब कांग्रेस-नीत यूपीए का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़ताल होती थी। आज पीओके में हड़ताल होती है, पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में आजादी वाली नारेबाजी होती है। पहले कश्मीर में पत्थरबाजी होती थी, आज पीओके में पत्थरबाजी होती है।

शाह ने कहा कि दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों ने कश्मीर आकर एक नया रिकॉर्ड बनाया है और पीओके में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बना दिया है लेकिन मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला देश को डराने का काम कर रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके की बात मत करो।

मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि राहुल, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए, ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

## शाह ने ममता को दी चेतावनी



***भाजपा*** के वरिष्ठ नेता शाह ने ममता को चेतावनी दी कि घोटालों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को नौ लाख करोड़ रुपये दिए जो ममता के भतीजे के गुंडे खा गए। सिर्फ मोदी जी ही राज्य को चिटफंड घोटाले, शिक्षक भर्ती घोटाले, नगर निगम भर्ती घोटाले, राशन घोटाले में डूबने से बचा सकते हैं।

## समय से पहले 20 को विदेश दौरे से लौटेंगे केरल सीएम विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार की विदेश यात्रा अब छोटी हो गई है। वे बुधवार सुबह दुबई पहुंच गए। सीएम विजयन 6 मई को इंडोनेशिया, सिंगापुर और यूएई के तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए थे और 22 मई को देश लौटने वाले थे। बुधवार को उन्होंने दुबई से ही ऑनलाइन कैबिनेट बैठक की और अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को बताया कि वह 20 मई को केरल लौटेंगे। उन्होंने अपनी निजी यात्रा का सिंगापुर चरण छोटा कर दिया है और बुधवार तड़के दुबई के लिए उड़ान भरी। सीएम विजयन का दौरा पहले गुप्त रखा गया था। कोच्चि से निकलने के बाद ही इसके बारे में लोगों को पता चला। कोई आधिकारिक सूचना नहीं थी। यह यात्रा उस समय विवादों में घिर गई जब केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम विजयन के तीन देशों की निजी यात्रा पर होने की जानकारी देने के लिए मीडिया को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### नड्डा ने राजद के नौकरी देने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा

# नौकरी के बदले जमीन लेनेवाले आज नौकरी देने की बात कर रहे

**एजेसी। मोतिहारी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को राजद के नौकरी देने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने नौकरी के बदले जमीन लिखवा ली, आज वह नौकरी देने की बात कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र के पूर्वी चंपारण जिले के शिकारगंज में जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल की उपलब्धियों को गिनाया तथा राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा।

जेपी नड्डा ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी लवली आनंद को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस को भ्रष्टाचारी, सनातन और राष्ट्र विरोधी पार्टी बताते हुए कहा कि जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे', 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' का नारा लगाने वाले के साथ राहुल गांधी आज हाथ से हाथ पकड़कर खड़ा होते हैं और वैसे लोगों को एमपी का कैंडिडेट बनाते हैं।

उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि राजद यानी आरजेडी का असली मतलब है आर से रिश्वतखोरी, जे से जंगलराज और डी से दलदल। उन्होंने कांग्रेस के घोटालों का भी जिक्र करते हुए कहा कि चाहे पाताल हो या समुद्र, अंतरिक्ष और जमीन, कांग्रेस ने हर जगह घोटाले किए। इन्होंने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी, जहां घोटाला ना किया हो। हद तो तब हो गई जब इनके सहयोगी लालू यादव चारा तक खा गए। नौकरी के नाम पर जमीन ले ली। शिवहर में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है। यहां लवली आनंद का मुकाबला राजद प्रत्याशी रितू जायसवाल से है।



## केंद्र से जितनी भी योजनाएं बंगाल के लिए आती हैं, वे सब ममता दीदी रोक देती हैं : जेपी नड्डा

**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को बांकुड़ा जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र से जितनी भी योजनाएं बंगाल के लिए आती हैं, वे सब ममता दीदी रोक देती हैं ताकि बंगाल के लोगों को इसका लाभ न मिले। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से किसानों को दो-दो हजार रुपये हर चार महीने पर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के किसानों को नहीं मिल रहे हैं क्योंकि ममता बनर्जी ने उसे रोक दिया है। नड्डा ने कहा कि देश के गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त बीमा मिल रहा है जिसके तहत वे लाइलाज बीमारियों का इलाज करवा रहे हैं लेकिन ममता बनर्जी ने इसे बंगाल में लागू नहीं होने दिया।

## नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है : अखिलेश यादव

**अयोध्या।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चुनावी जनसभा में कहा कि नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है। यह जो लोग बड़े-बड़े शहरों में होर्डिंग लगाए हैं डबल इंजन की, इनमें से इनका एक इंजन पहले से गायब है, इनका जो खटारा इंजन है, उसकी कहीं तस्वीर नहीं है। सपा मुखिया ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में असफल रही है, किसानों की आय तो बढ़ी नहीं, किसानों को अपने खेतों की खुद देखभाल करनी पड़ रही है, तार लगवाने पड़ रहे हैं। ये लोग जो बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं परिवारवाद, लेकिन इस बार पीडीए परिवार ही इनका मुकाबला करने जा रहा है, पीडीए परिवार ही इन्हें हराएगा। हमारे युवाओं ने मेहनत की, तैयारी की। सालों तक लगे रहे कि उन्हें नौकरी मिलेगी। इस सरकार में पेपर लीक हो गया। उनकी सारी मेहनत पानी में मिल गई। नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है।

# ओडिशा में राहुल गांधी ने की संविधान बचाने की अपील

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को ओडिशा में मतदाताओं से इंडिया ब्लॉक के लिए बड़ी संख्या में मतदान कर संविधान को बचाने का आग्रह किया। बलांगीर निर्वाचन क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा में गांधी ने कहा कि इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा संविधान और बीआर अंबेडकर, महात्मा गांधी के विचारों को बचाना है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान खत्म हो गया तो आम लोगों के अधिकार, उनकी जमीन, आरक्षण व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिकार भी खत्म हो जायेंगे। गांधी ने लोगों को चेतावनी दी कि संविधान के 'विनाश' के बाद देश पर 22 अरबपतियों का नियंत्रण हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा, "पहली बार किसी राजनीतिक दल ने देश से कहा है कि अगर वह जीतेगी तो संविधान को नष्ट कर देगी। गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, किसान, मजदूर ने जो कुछ भी सुरक्षित किया है वह संविधान के कारण ही किया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता कह रहे हैं कि वे इस संविधान को फाड़ के फेंक देंगे। मैं भाजपा के हर कार्यकर्ता और नेता से कहना चाहता हूं कि दुनिया में कोई भी हमारे संविधान को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता।" उन्होंने कहा कि




भाजपा नेता आरक्षण को खत्म करने का भी दावा करते हैं।

राहुल गांधी ने आगे कहा, "जैसे ही 4 जून को केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, मनरेगा के तहत वेतन बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया जाएगा, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओ का वेतन दोगुना कर दिया जाएगा, सरकारी क्षेत्र में 30 लाख खाली पद भरे जाएंगे।"उन्होंने प्रथम वर्ष में प्रत्येक नए स्नातक और डिप्लोमा धारक को नौकरी की गारंटी सुनिश्चित करने के पार्टी के वादे को भी दोहराया। बेरोजगार युवाओं को विश्व स्तरीय कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ-साथ उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे की हर घर की एक महिला के खाते में साल में 1 लाख रुपये भेजा जाएगा, जो हर महीने 8500 रुपये के हिसाब से आएगा। उन्होंने किसानों के कर्ज माफी की भी बात की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि 15 फीसदी दलित, आठ फीसदी आदिवासी, 15 फीसदी अल्पसंख्यक और पांच फीसदी गरीब सामान्य जाति के लोगों की किसी भी क्षेत्र, व्यवसाय, मीडिया या सरकार में कोई हिस्सेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार 90 आईएएस अधिकारियों द्वारा चलाई जाती है, जिनमें से केवल तीन दलित हैं और एक आदिवासी जनजाति से हैं।

गांधी ने कहा, हमने अपने घोषणापत्र में जाति जनगणना का उल्लेख किया है जिससे गरीबों, दलितों, आदिवासियों और सामान्य जाति के गरीबों की वास्तविक जनसंख्या और देश में उनकी हिस्सेदारी का पता चलेगा। यह मीडिया, बड़ी कंपनियों, सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र में पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और गरीब सामान्य जाति के लोगों की संख्या को उजागर करेगा।" कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र को पूंजीपतियों के हाथ बेच दिया है। "उन्होंने (भाजपा सरकार) केवल अरबपतियों के लिए काम किया। भाजपा ने 22 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया है, जो कि मनरेगा योजना के 24 साल के फंड के बराबर है।" दिलचस्प बात यह है कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजेडी) के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा।

# कर्नाटक कांग्रेस में जल्द ही भगदड़ देखने को मिलेगी : बीवाई विजयेंद्र



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस में भगदड़ देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया जल्द ही अपनी सरकार को गिरते हुए देखेंगे। विजयेंद्र ने कहा, बस समय की बात है। आप लोगों को खेमा बदलते देखेंगे। कांग्रेस की आंतरिक गुटीय लड़ाई भी उजागर होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भीतर प्रतिद्वंद्वी खेमे को अच्छी तरह पता है कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के बीच हुए समझौते को सिद्दारमैया नहीं मानेंगे। उधर, शिवकुमार भी पार्टी आलाकमान के फॉर्मूले का विरोध करेंगे। माना जाता है कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्ता-साझाकरण समझौते की व्यवस्था की है, जिसमें प्रत्येक को 2.5 साल का कार्यकाल दिया जाएगा। विजयेंद्र ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी खेमा खाली नहीं बैठा है और जवाबी रणनीति तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी दिन-ब-दिन अपनी जमीन खोती जा रही है। पार्टी झूठे आश्वासन देकर सत्ता में आई है। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा था कि जिन बीजेपी नेताओं को लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला, वे बदला लेने की फिराक में हैं। कर्नाटक सीएम ने कहा था, एक बार परिणाम घोषित होने के बाद, भाजपा को संकट का सामना करना पड़ेगा। भाजपा का एक गुट विजयेंद्र को कमजोर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# तेजस्वी का 'जॉब शो' नहीं, 'अपहरण शो' : गिरिराज



**एजेंसी। पटना**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 'जॉब शो' नहीं 'जंगल शो', 'अपहरण शो' कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांच विभाग उनके पास थे, कितने लोगों को नौकरी दी, यह तो बताएं। पटना में पत्रकारों ने गिरिराज सिंह से जब तेजस्वी के 'जॉब शो' को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे झूठ कहा। उन्होंने कहा कि वह 'जंगल शो' कर सकते हैं, 'अपहरण शो' कर सकते हैं। इनके पास पांच विभाग थे, उस विभाग में कितने लोगों को जॉब मिली। तेजस्वी यादव को उन्होंने 'झूठों का सरदार' भी बताया। उन्होंने कहा कि जनता उनके साथ नहीं है, गरीब उनके साथ नहीं है। हमारे नेता नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के कारण सभी पिछड़े और गरीबों का वोट मिल रहा है, जिसका पता लालू यादव को भी नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव के बाद भागेंगे। जब इनके पास वोट ही नहीं है, तो क्या करेंगे। इनको भारत से कोई प्रेम नहीं है। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में आयोजित रोड शो पर तंज कसते हुए कहा था कि वे 'रोड शो' करें, मैं तो 'जॉब शो' करूंगा।

## तेजस्वी ने किया पलटवार, कहा- बिना तर्क की बातों पर डिस्कशन करने का वक्त नहीं



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा राजद नेता तेजस्वी को झूठा का सरदार कहने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बेकार और बिना तर्क की बातों पर डिस्कशन में भाग लेने के लिए हमारे पास समय नहीं है। उनकी बातों में कोई गंभीरता नहीं है, जो मुंह में आता है बोल देते हैं। पीएम पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ नौजवान ओवरएज हो गए हैं। जो युवा ओवरएज हुए हैं, वह बेरोजगार हो चुके हैं। बहाली नहीं निकल रही है, नौकरी नहीं मिल रही है, इसलिए ये लोग ओवरएज हो गए हैं। इनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है, ये 25 करोड़ युवाओं की संख्या कोई मामूली संख्या नहीं है। अग्निपथ योजना को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए तेजस्वी ने कहा कि इस योजना के तहत युवा 22 साल में रिटायर हो जाएगा। 22 साल के बाद नौजवान क्या करेगा, यह एक गंभीर मसला है। वह 22 साल के युवा को रिटायर कर रहे हैं और 25 करोड़ को ओवरएज कर रहे हैं।

## सीएम नीतीश का नाम लेकर भ्रम फैला रहे हैं तेजस्वी : चिराग

राजद के नेता तेजस्वी ने कहा था कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए में हों, लेकिन हैं हमारे साथ। इस पर लोजपा के प्रमुख चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, साथ ना होने के बावजूद भी तेजस्वी यादव राजनीतिक लाभ के लिए हमारे मुख्यमंत्री का नाम ले रहे हैं। नीतीश कुमार के नाम पर तेजस्वी भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, तेजस्वी यादव जागरूक जनता को बहला-फुसला नहीं सकते। वो जमाना जा चुका है जब लोगों को बहला-फुसला कर वोट ले लिया जाता था। उन्होंने कहा, पांचवें चरण का चुनाव नजदीक होने के बावजूद इंडी गठबंधन के घटक दल अभी तक साथ नहीं दिखे हैं, जबकि बीते दिनों पीएम मोदी की रैली से हमारे गठबंधन की एकजुटता प्रदर्शित हुई थी।

## चुनाव के रंग



लोस चुनाव को लेकर मुंबई में रोड शो के दौरान आरपीआई नेता रामदास अठावले और केंद्रीय मंत्री व उत्तरी मुंबई सीट से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल।



सीपीआई (एम) उम्मीदवार सायरा शाह हलीम बुधवार को कोलकाता में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रही हैं।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com